ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, माघ कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 | रांची, मंगलवार, 06 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 07, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 71,731.42 ▼ -354.21
डॉलर 83.067 ▲ +0.068

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 13.0 | 18.0 |
| धनबाद | 27.0 | 15.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 18.0 | 22.0 |
| पलामू | 26.0 | 13.0 | 18.0 |



संपादकीय — अब तो गलती सुधारने की पहल करे ... 8

अपने बच्चों के साथ मैंने काफी उतार-चढ़ाव ...12 — देश विदेश




## सूचना

'राष्ट्रीय नवीन मेल' कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,700

चांदी (1 किलो) 77,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है।

यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# चंपई सरकार ने जीता विश्वास मत

## विधायक सरयू राय ने बनाई मतदान से दूरी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव रहे अनुपस्थित


### बीमारी की वजह से वोट नहीं दे सके झामुमो के रामदास सोरेन व भाजपा के इंद्रजीत महतो

### निर्दलीय विधायक अमित महतो अनुपस्थित रहे, कमलेश सिंह ने विपक्ष के समर्थन में दिया वोट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को चंपई सोरेन की नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार ने सोमवार को आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में चंपई सोरेन सरकार को 47 मत मिले, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मतदान से दूरी बना ली। सत्ता पक्ष के एक विधायक रामदास सोरेन बीमार होने की वजह से सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। विधायक इंद्रजीत महतो बीमारी की वजह से वोट देने के लिए उपस्थित नहीं हो सके। निर्दलीय विधायक अमित महतो अनुपस्थित रहे। कमलेश सिंह ने विपक्ष के समर्थन में वोट किया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद कुछ देर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। फिर से सदन की कार्यवाही विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में शुरू हुई। फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया, जिसके बाद विस अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका दिया। शेष पृष्ठ 11 पर

### हेमंत सोरेन का इमोशनल कार्ड



**चंपई सरकार ने हासिल किया विश्वास मत**

| पक्ष में पड़े वोट | विपक्ष में पड़े वोट |
|---|---|
| 47 | 29 |

### किसे कितने वोट मिले

**सत्ता पक्ष :** जेएमएम-28, कांग्रेस-17 (प्रदीप यादव को लेकर), राजद-01, माले-01

**विपक्ष :** भाजपा- 25 (बाबूलाल को लेकर), आजसू-03, एनसीपी-01 (कमलेश सिंह)

### कड़ी सुरक्षा में वोट देने आए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

ईडी की कस्टडी में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय से विधानसभा पहुंचे। विधानसभा पहुंचते ही ईडी की टीम गेट नंबर एक पर रुक गयी। वहां से हेमंत सोरेन विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा में विधानसभा में दाखिल हुए। वो पहले की तरह नेता सदन की कुर्सी पर नहीं बैठे। उन्हें सत्ता पक्ष की तरफ वाली आगे की कतार में बैठने की जगह मिली। अपने कुछ साथियों से उन्होंने बात भी की। लेकिन कोर्ट की मनाही की वजह से उन्होंने मीडिया में किसी तरह का कोई बयान नहीं दिया।

### मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सात फरवरी को मंत्रिमंडल का करेंगे विस्तार

बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सात फरवरी को अपना मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। इस दिन मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराये जाने की संभावना है। सरकार का विश्वास मत हासिल करने के बाद सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को दूसरी तरफ ले जाकर बैठ गए और लंबी मंत्रणा की। अपने पॉकेट से एक कागज निकालकर चंपई सोरेन को सौंपा और करीब 20 से 25 मिनट तक बातचीत की। ऐसा माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने मंत्रिमंडल का खाका और विभागों के बंटवारे की सूची चंपई सोरेन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सात फरवरी को अपने बाकी बचे मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराएंगे और मंत्री परिषद का विस्तार करेंगे। उसी दिन देर शाम तक मंत्रालय का भी बंटवारा कर दिए जाने की संभावना है। जानकारी के अनुसार चार वर्षों से रिक्त पद 12वां बर्थ भी इस बार भरा जाएगा। राजद को छोड़ दिया जाए तो जेएमएम और कांग्रेस में काफी बदलाव देखने को मिल सकता है। सोरेन परिवार की सीता सोरेन और बसंत सोरेन दोनों को मंत्रिमंडल में एडजस्ट किया जा सकता है। वहीं और भी कुछ चेहरे बदल सकते हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से भी कई नाम सामने आ रहे हैं। इसमें प्रदीप यादव, दीपिका पांडे और जयमंगल उर्फ अनुप सिंह का नाम चल रहा है।

## एक नजर

### राहुल गांधी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेने की पत्नी से की मुलाकात



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात की तस्वीर कांग्रेस के सोशल मीडिया एक्स पर भी ट्वीट किया। ट्वीट में लिखा गया है कि आज हम सभी एकजुट होकर न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे, जनता की आवाज बुलंद करेंगे। नफरत हारेगी, आईएनडीआईए जीतेगा।

## भाजपा ने 2019 से ही सरकार को अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी थी : सीएम चंपई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार विधानसभा में अपनी सरकार की ओर से सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने परिपक्व वक्तव्य से सदन में सभी को चौंका दिया। मुख्यमंत्री ने अपनी बात यह कहते हुए शुरू की कि हेमंत हैं तो हिम्मत है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार की शुरूआत की गयी थी, लेकिन सरकार बनने के बाद से ही भाजपा ने सरकार को गिराने और अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी थी। चंपई सोरेन ने कहा कि सरकार बनते ही कोरोना महामारी आ गयी। लेकिन हेमंत सोरेन ने किसी को भूखे मरने नहीं दिया। राज्य के बाहर पलायन कर रहे मजदूरों को हवाई जहाज से झारखंड लाया। इसके बाद जब कोरोना महामारी खत्म हुई तो सरकार ने बड़े पैमाने पर काम शुरू किया। पहले से ही राज्य में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति काफी खराब थी। हेमंत की सरकार ने चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त किया। किसी की भी भूख से जान नहीं गयी। लेकिन फिर से ये लोग सरकार को गिराने और अस्थिर करने के कोशिश में लग गये। अंतत इन लोगों ने अपनी एजेंसी द्वारा हमारे हेमंत को जेल भेजा और सरकार गिरा दिया। चंपई सोरेन ने कहा कि हम हेमंत सोरेन के सभी काम और योजनाओं का आगे लेकर जाएंगे। चंपई सोरेन ने कहा कि क्या गरीब के बच्चे को विदेश जाकर पढ़ने का हक नहीं है। हेमंत ने गरीब बच्चों को विदेश भेजा। राज्य बनने के बाद यहां विपक्ष की सरकार बनी। झारखंड के खनिज और माइंस को लूटा गया। आदिवासी मूलवासी को क्या मिला? उन्होंने कहा कि जब-जब यहां आदिवासी मूलवासी की सरकार बनती है, इन्हें दर्द होने लगता है। एक ऐसे मामले में हेमंत को जेल भेजा गया, जिसका न शेष पृष्ठ 11 पर

## अगर मुझ पर घोटाले साबित हुए तो राजनीति से संन्यास ही नहीं, झारखंड छोड़ दूंगा : हेमंत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को प्रदेश के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाषण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपई सोरेन को मेरे पार्टी और सभी सहयोगी का पूरा समर्थन है। देश की यह पहली घटना है, जब किसी मुख्यमंत्री को राजभवन में गिरफ्तार किया गया हो। सोरेन ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आठ एकड़ जमीन मेरे नाम से है तो कागज लाएं। अगर मुझ पर घोटाले साबित हुए तो राजनीति से संन्यास ही नहीं, झारखंड छोड़ दूंगा। भाजपा पर शेष पृष्ठ 11 पर

### मैं आंसू नहीं बहाऊंगा

हेमंत ने कहा कि मैं आंसू नहीं बहाऊंगा। भाजपा ने ना अपने आदिवासी मुख्यमंत्री को पांच साल पूरा करने दिया और न मुझे पूरा करने दिया। इनकी मानसिकता यही है। इन्हें साल 2019 से ही भ्रष्टाचार नजर आने लगा। इनको 2000 से भ्रष्टाचार नजर नहीं आया। सोरेन ने कहा कि यहां के हर जिले के आदिवासी ने अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ी है। आजादी की लड़ाई लड़ी है। सोरेन ने कहा कि हमने सर झुका कर चलना नहीं सीखा। इसी का नतीजा भुगत रहा हूं। जब सरसों में ही भूत है तो भूत भागेगा कहां से। मेरे हवाई जहाज में चलने, पांच सितारा होटल में ठहरने और मेरे बीएमडब्ल्यू कार में घूमने से इन्हें दिक्कत होती थी। पूरे देश में आदिवासी-दलित सुरक्षित नहीं हैं। विशेष कर झारखंड में वो सुरक्षित नहीं हैं। उनकी नजर यहां के खनिज संपदा पर है। मेरे रहते इन्हें फूंक-फूंक कर कदम रखना पड़ता था।

## लोस चुनाव में एनडीए होगी 400 पार और भाजपा अकेले जीतेगी 370 सीट : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा की बड़ी जीत का दावा करते हुए कहा कि देश का मिजाज देखकर लग रहा है कि इस बार एनडीए गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटें मिलेगी और भाजपा को 370 सीटों पर जीत हासिल होगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जब कहा कि अबकी बार... तो, सत्ता पक्ष की तरफ से जवाब आया 400 पार। उन्होंने कहा कि देश कह रहा है कि फिर सत्ता पक्ष की तरफ से जवाब आया 400 पार। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा राज्यसभा में दिए गए बयान का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब तो खड़गे भी कह रहे हैं अबकी बार और फिर सत्ता पक्ष की तरफ से जवाब आया 400 पार। अपना भाषण जारी रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दिन दूर नहीं हैं। केवल 100-125 दिन बचे हुए हैं। अबकी बार, 400 पार।

उन्होंने कहा कि देश का मिजाज देखकर लग रहा है कि इस बार एनडीए गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटें मिलेगी और भाजपा को निश्चित तौर पर 370 सीटें मिलेंगी।

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के 10 वर्षों के कामकाज और उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में यूपीए सरकार के समय के जो गड्ढे थे, उन गड्ढों को भरने में काफी समय और शक्ति लगाई और दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और अब तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

उन्होंने कहा कि आज भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था को दुनिया सराह रही है। पूरी दुनिया प्रभावित है। आज की मजबूत अर्थव्यवस्था को देखते हुए, हमने कहा है कि हमारे तीसरे टर्म में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा और ये मोदी की गारंटी है।

अयोध्या में बने भगवान राम के भव्य मंदिर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम न सिर्फ अपने घर लौटे, बल्कि एक ऐसे मंदिर का निर्माण हुआ, जो भारत की महान संस्कृति-परंपरा को नई ऊर्जा देता रहेगा।

नेहरू गांधी परिवार और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जो मानसिकता है, उसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने देश के सामर्थ्य पर कभी विश्वास नहीं किया, वो अपने आप को शासक मानते रहे और जनता-जनार्दन को कमतर आंकते गए। शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## अमर धुनों के गुमनाम रचयिता राम सिंह ठाकुर




सुनील बादल

कहते हैं शब्द और संगीत अमर होते हैं पर शायद कम ही लोग जानते होंगे कि हमारे राष्ट्रगान 'जन गण मन...' की धुन हिमाचल प्रदेश के एक स्वतंत्रता सेनानी ने बनाई थी। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आजाद हिन्द फौज के कौमी तराना के नाम से जानेजाने मार्चिंग पास्ट गीत 'कदम कदम बढ़ाए जा' जिसे सुनकर फौजियों के साथ देशवासियों में जोश भर जाता था, की धुन के रचयिता महान स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन राम सिंह ठाकुर आज देश के साथ हिमाचल में भी उपेक्षित और गुमनाम हैं। आकाशवाणी के प्रातःकालीन कार्यक्रमों में यह गीत अक्सर बजता है जिसके कवर में उनका नाम अंकित है।

2/1 गोरखा राइफल्स के हवलदार दिलीप सिंह के घर 15 अगस्त 1914 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के सल्ला धारी गांव में जन्मे राम सिंह बचपन में जानवर के सींग से वाद्य यंत्र की धुनें निकालते थे। 1922 में 14 साल की उम्र में गोरखा ब्वॉय कंपनी में भर्ती हुए। ब्रिटिश सेना में सेवाएं देने के बाद वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में आ गए।

ब्रिटिश राज में उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध में सिंगापुर में जापानियों के खिलाफ युद्ध लड़ा। मगर उनकी टुकड़ी को जापानियों ने युद्ध में हराकर बंदी बना लिया। 1942 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इन्हीं युद्धबंदियों को छुड़ाकर इंडियन नेशनल आर्मी (आजाद हिंद फौज) की शुरूआत की। राम सिंह ठाकुर भी उनमें से एक थे। चूंकि उन्हें संगीत का शौक था तो उन्होंने नेताजी के लिए धुन बनाकर सुनाई। द्वितीय विश्वयुद्ध में वीरता के लिए कई मेडल भी मिले। उत्तर प्रदेश में सब इंस्पेक्टर के रूप में लखनऊ आए और पीएसी के बैंड मास्टर बने। 15 अगस्त 1947 को कैप्टन राम सिंह के नेतृत्व में आईएनए (इंडियन नेशनल आर्मी) के आर्केस्ट्रा ने लाल किले पर शुभ सुख चैन की बरखा बरसे... गीत की धुन बजाई थी जो रविंद्रनाथ टैगोर के जन गण मन... का हिंदी अनुवाद था। जॉर्ज पंचम , नेताजी गोल्ड मेडल(आजाद हिंद फौज), उत्तर प्रदेश प्रथम राज्यपाल स्वर्ण पदक, राष्ट्रपति पुलिस पदक, यूपी संगीत नाटक अकादमी, जैसे मेडल्स भी मिले । 15 अप्रैल, 2002 को उन्होंने अंतिम सांस ली। कैप्टन राम सिंह ठाकुर को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वह हकदार थे। उनके पैतृक गांव में उनका पुश्तैनी घर आज भी है। इसे उनके रिश्तेदार संभाल रहे हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ऐसे इतिहास पुरुष की याद में एक स्मारक तक नहीं है। हिमाचल सरकार ने घोषणाओं के सिवाय कभी कुछ नहीं किया।



सरकार की हिमाचल के खनियारा में राम सिंह मेमोरियल पार्क बनाने की घोषणा महज भाषण तक सीमित रह गई। सामुदायिक भवन के लिए पैसा तो मिला लेकिन जमीन नहीं मिल पाई।

राम सिंह ठाकुर मेमोरियल विकास समिति के पदाधिकारियों भगवान सिंह गुरंग, शिवराज थापा, नवीन गुरंग, लव कुमार क्षेत्री, विजय भंडारी, रमेश मस्ताना और जगदीश चंद का कहना है कि स्थानीय लोगों के सहयोग से वर्ष 2006 से महान स्वतंत्रता सेनानी की याद में कैप्टन राम सिंह ठाकुर मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट शुरू किया गया। पर इसे सरकार का सहयोग नहीं मिला। गुड़गांव में रह रहे कैप्टन राम सिंह ठाकुर के पुत्र रमेश ठाकुर कहते हैं कि उनके पिता को सरकार से वह सम्मान नहीं मिला जिसके वह हकदार थे। 15 अप्रैल 2002 को गुमनाम की तरह उन्होंने अंतिम सांसें लीं।

## 53 साल बाद आया फैसला, हिंदुओं को मिला लाक्षागृह पर अधिकार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के बागपत के लाक्षागृह केस में कोर्ट का फैसला हिंदुओं के पक्ष में आया है। इस मामले में 53 साल बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए लाक्षागृह की 100 बीघा जमीन पर हिंदू पक्ष के अधिकार की बात कही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागवत जिले के बरनावा में लाक्षागृह की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मामला अदालत में चल रहा था। मुस्लिम पक्ष इस जमीन को सूफी संत शेख बदरुद्दीन की मजार बता रहे थे। जबकि, हिंदू पक्ष का दावा था कि यह महाभारत कालीन लाक्षागृह है। जहां पांडवों को कौरवों द्वारा जलाकर मारने की कोशिश की गई थी। इस पूरे मामले में 53 साल बाद बागपत कोर्ट ने हिंदू पक्ष के हक में बड़ा फैसला दे दिया है। 1970 से इस मामले में अदालत में सुनवाई चल रही थी। पिछले साल इस मामले की सुनवाई में तेजी आई थी। अदालत के फैसले पर हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों की नजर टिकी हुई थी। 1970 में इस मामले को लेकर बरनावा निवासी मुकीम खान ने वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी की हैसियत से मेरठ के सरधना की कोर्ट में एक केस दायर कराया था। जिसमें जानकारी दी थी कि इस लाक्षागृह टीले शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### रसिक पीठाधीश्वर ने खूंटी के विहिप कार्यकर्ताओं को अयोध्या में किया सम्मानित

खूंटी। रामलला की नगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयाध्या गये खूंटी जिले के विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को रसिक पीठाधीश्वर जानकी मठ के महंत जन्मेजय शरण ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और अक्षत वितरण में सराहनीय भूमिका निभाने वाले विश्व हिंदू परिषद के जिन सक्रिय कार्यकताओं को सम्मानित किया गया, उनमें विहिप के खूंटी जिला मंत्री विशाल चंद्र, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण जायसवाल, विभाग सह संगठन मंत्री श्रीराम साहू और खूंटी के प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह शामिल हैं। ज्ञात हो कि खूंटी और तोरपा के विश्व हिंदू परिषद के कई कार्यकर्ता दो फरवरी को श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए थे। सोमवार को सभी कार्यकर्ता अयोध्या नगरी का दर्शन कर वापस खूंटी लौट आये।

खबर का असर : छात्रों को मिला एडमिट कार्ड

# संकुल साधन सेवी के प्रयासों और मुखिया की पहल पर छात्रों को दिया गया एडमिट कार्ड



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** अन्ततः राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरहंजी में साड़ी पहनकर विद्यालय आने वाली छात्राओं के एडमिट कार्ड को प्रधान शिक्षिका के द्वारा नहीं देने का मामला जब अखबार में खबर छपी तब सोमवार को संकुल साधन सेवी विकास कुमार गुप्ता, मुखिया लक्ष्मी कोया एवं पूर्व मुखिया सुनील कच्छप मौके पर पहुंचे। संकुल साधन सेवी सहित मुखिया के हस्तक्षेप एवं पहल पर 16 छात्राओं को एडमिट कार्ड प्रदान कर दिया गया। एडमिट कार्ड का वितरण संकुल साधन सेवी विकास कुमार गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं के बीच कर दिया। एडमिट कार्ड मिलने के बाद छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलकी और उन्होंने राहत की सांस ली। सभी 16 छात्राओं ने संकुल साधन सेवी विकास कुमार गुप्ता को धन्यवाद दिया। विकास कुमार गुप्ता ने छात्र छात्राओं को तनाव मुक्त रहने और मेहनत के बल पर मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की सलाह दी। वहीं मुखिया लक्ष्मी कोया पूर्व मुखिया सुनील कच्छप सहित विधायक प्रतिनिधि ने प्रधान शिक्षिका के व्यवहार पर भारी नाराजगी जताई और कहा कि मैडम अपने व्यवहार में शालीनता लाएं। छात्र-छात्राओं ने मुखिया के समक्ष शिकायत किया कि मैडम गाली गलौज करतीं हैं। इस संबंध में मुखिया ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि विद्यालय में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं सुनील कच्छप ने कहा कि शनिवार को छात्राओं को एडमिट कार्ड नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण कदम था। मैट्रिक लिखने वाले छात्र-छात्राओं को परेशान करने की कोई जरूरत नहीं है। सिर पर परीक्षा है और छात्र-छात्राएं एडमिट कार्ड के लिए इधर-उधर भटकतीं रहीं इससे खराब और क्या बात हो सकती है। उन्होंने कहा कि रांची के जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय के अनुशासन को ठीक करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। विद्यालय विद्या का मंदिर होता है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली बंता मुख्य पथ पर कोकालगाम के समीप तेल टैंकर रजिस्ट्रेशन नंबर डब्ल्यू 76 बी/1077 एवं मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 बीएम/7439 में जोरदार सीधी टक्कर हो गई। जिससे एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई दूसरा युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार संतोष महतो, उम्र 33 वर्ष पिता अनिल महतो सिंगपुर कांटाडीह निवासी एवं दूसरा युवक अजय महतो, उम्र 35 वर्ष पिता जुगनू महतो मारदू निवासी दोनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिल्ली की तरफ आ रहे थे। तभी सिल्ली से बंता की ओर जा रही टैंकर में मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई जिससे संतोष महतो की मौके पर ही मौत हो गई एवं अजय महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया। सिल्ली थाना घटना स्थल पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल सिल्ली लाया जहां डॉक्टर विवेक के द्वारा एक युवक को मृत घोषित कर दिया तथा दूसरा युवक को बेहतरीन इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। वहीं परिजनों के द्वारा सिंगपुर नर्सिंग होम में लाया जहां नर्सिंग होम के डॉक्टर रमनेश प्रसाद के द्वारा इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों में जीजा साला का रिश्ता था। सिल्ली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर टैंकर को जप्त कर थाना ले आई एवं मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

## न्यूज बॉक्स

### गांव चलो अभियान के तहत बैठक का आयोजन



**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के पतराहातू मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर कुम्हार के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर कुम्हार ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत हर एक बुथ पर जाकर लोगों से संपर्क करें एवं केंद्र की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दें ताकि लोग लाभान्वित हो सके। योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिक से अधिक फॉर्म भरकर प्रखंड मुख्यालय में जमा करवाए। इस मौके पर मंडल के प्रभारी रघुवीर प्रसाद महतो, विधानसभा विस्तारक मनीष कुमार, वासुदेव महतो, अशोक कुमार पोद्दार, भागीरथ महतो, नरेश महतो, कैलाश महतो, हरिहर महतो, गुलाब राधानाथ, पंकज, चंद्रावली देवी, बीना देवी, कमलनाथ महतो आदि पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल मांडर में विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन



**मांडर।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा सोमवार को दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल मांडर में राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इस विज्ञान ओलंपियाड में कक्षा तीसरी से दशम तक के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें विद्यालय के बहुत सारे बच्चों ने गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ राजेश प्रसाद दत्त के द्वारा बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट वितरण किया गया। निदेशक ने विद्यालय के सभी बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा विज्ञान के महत्व की जानकारी भी दिया।

### आजमीने हज के 17 लोगों की मेडिकल जांच की गयी



**चान्हो।** मरकजी तबियत्ती कैंप बलसोकरा के तरफ से, चान्हो के बीजूपाड़ा खलारी रोड स्थित मेडीकाना हॉस्पिटल में सोमवार को हज में जाने वाले 17 लोगों का मेडिकल जांच किया गया। डॉक्टर हनीफ, डॉक्टर ताल्हा, डॉक्टर लाल स्वाती ने जांच किया। हज में जाने वाले लोग कुडु, लोहरदगा, चान्हो, मांडर, इटकी समेत कई जगहों से आए हुए थे। हज में जाने वाले के खिदमत में तबियत्ती मरकज बलसोकरा के सेक्रेटरी मास्टर साजिद, हाजी सरफराज, हाजी एहसान, हाजी इमरान, समाजसेवी जावेद अख्तर और जामिया अरबिया मदीनतुल उलूम कस्बा टांगर के छात्र मौजूद थे। मौके पर मौलाना अबुल कलाम आजाद ने हजयात्रियों से इस मुल्क की अमन व शांति के लिए दुआ करने की दरख्वास्त की।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक में 18 फरवरी के अधिकार रैली को सफल बनाने पर चर्चा



**गिरिडीह।** गावां पंचायत भवन परिसर में सोमवार को गावां व तिसरी प्रखंड के राणा विश्वकर्मा समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गावां प्रखंड अध्यक्ष सुधीर प्रसाद शर्मा व संचालन मुन्ना राणा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष बिनोद राणा, जिला महासचिव देवकी राणा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का स्वागत प्रखंड अध्यक्ष सुधीर प्रसाद, अशोक मिस्त्री, मदन बढई व मुन्ना राणा व अन्य के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। उसके बाद बैठक में आगामी 18 फरवरी को रांची मोरहाबादी मैदान में आहूत विश्वकर्मा अधिकार रैली के सफलता को लेकर विचार विमर्श करते हुए रैली में गावां व तिसरी प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की गई। बताया गया कि 18 फरवरी को मुख्य आठ मांगों को लेकर व्यापक पैमाने पर अधिकार रैली और प्रदर्शन होने वाली है। वहीं बैठक के दौरान प्रखंड में राणा विश्वकर्मा समाज के उत्थान व मजबूती पर जोर देते हुए सभी ने नशामुक्त व शिक्षित समाज के निर्माण का संकल्प लिया। मौके पर ब्रह्मदेव शर्मा, सुनील राणा, सुधीर राणा, रेखा देवी, पिंकी कुमारी, विशाल राणा, प्रदीप राणा, सुखदेव मिस्त्री, बिरजू राणा समेत विश्वकर्मा समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।



**भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी रामगढ़ होते हुए रांची पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े रांची के अध्यक्ष रंजीत सिंह (हैप्पी), प्रीतपाल सिंह, जगदीप सिंह, राजवीर सिंह, समरजीत सिंह व सिख समाज के अन्य लोग ने किया। सभी ने राहुल गांधी को शॉल देकर सम्मानित किया।**

### पूजा बिन्हा बनी तोरपा की नई अंचलाधिकारी

**खूंटी।** तोरपा की नयी अंचल अधिकारी के रूप में पूजा बिन्हा ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। नई अचंलाधिकारी को निवर्तमान सीओ सच्चिदानंद वर्मा ने पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद पूजा बिन्हा ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। निवर्तमान सीओ सच्चिदानंद वर्मा का स्थानांतरण रांची के बुढ़मू हुआ है। इधर नई अंचलाधिकारी का स्वागत बीडीओ कुमुद झा व निवर्तमान सीओ ने बुके देकर किया। मौके पर प्रखण्ड व अंचल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

सलाहकार कमिटी, कोर कमिटी और संयोजक कमिटी ने लिया निर्णय

# उसरी बचाव अभियान की तीसरी कमिटी होगी

## लगभग दो सौ सम्मानित प्रतिनिधि सदस्य को दे रहे आमंत्रण पत्र : राजेश सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** उसरी बचाव अभियान के कोर कमिटी और संयोजक कमिटी के सदस्यों ने यह निर्णय लिया गया था कि उसरी नदी, पर्यावरण और प्रदूषण बड़ा मामला है इस मामले में पूर्व और वर्तमान अनुभवी लोग को भी आमंत्रण देकर एक सलाहकार कमिटी बनाना है। उसी को आगे बढ़ाने के लिए कोर कमिटी के सदस्य अब जिले भर के पूर्व और वर्तमान प्रतिनिधि, पूर्व विधायक, सभी जिला परिषद सदस्य और अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, जिले भर के 6 विधायक, वर्तमान विधायक, पूर्व सांसद, वर्तमान सांसद, कलाकार, सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, सोशल मीडिया के ब्यूरो चीफ, वकील, डॉक्टर, प्रोफेसर, टीचर, सीए, उद्योगपति, पूंजीपति, सामाजिक संगठन, एनजीओ, जातीय संगठन के के अधिकारियों, पूर्व वार्ड पार्षद, महिलाओं का संगठन आदि आदि को भी सलाहकार समिति में आमंत्रित किया जाएगा। आज से आमंत्रण पत्र भेंट कार्यक्रम की शुरूआत है।

# राहुल गांधी पहुंचे खूंटी, नहीं हुआ रोड शो, निराश हुए समर्थक



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत के लिए खूंटी के कांग्रेस कार्यकताओं ने काफी तैयारी की थी। राहुल गांधी के रोड शो को लेकर गावं से भी लोग सोमवार कों खूंटी पहुंचे थे, लेकिन राहुल को रोड शो हुआ ही नहीं, इससे कांगेस कार्यकर्ता और समर्थक निराश हो गये। पहुंचे, लेकिन खूंटी में किसी प्रकार का कोई रोड शो न करते हुए कार में सवार होकर वे सीधे कचहरी मैदान में बनाए गए विश्राम स्थल के अस्थायी कैंप में चले गए। इस स्थिति में उनकी एक झलक पाने और अभिवादन के लिए जगह-जगह रोड किनारे खड़े पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक निराश हो गए। खूंटी में राहुल गांधी की आगवानी के लिए पिपराटोली के समीप बाजे-गाजे और झंडे-बैनर के साथ उनका इंतजार कर रहे पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों के पास भी राहुल गांधी नहीं रुके और सीधे अस्थायी कैंप के लिए रवाना हो गए। इस स्थिति में उनके स्वागत के लिए जमे कार्यकर्ता और समर्थक बाद में जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कचहरी मैदान पहुंचे और अस्थायी कैंप के बाहर इकट्ठा होकर उनके समर्थन में नारेबाजी करने लगे। अस्थायी कैंप में राहुल गांधी के प्रवेश करते ही वहां अन्य किसी को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा था। इसको लेकर पिपराटोली, नेताजी चौक, भगत सिंह चौक आदि शहर के प्रमुख चौराहों पर सड़क किनारे लोग खड़े होकर उनके आने का इंतजार कर रहे थे। इतना ही नहीं, जिले के प्रवेश द्वार कालामाटी, झारखंड चौक और हटार चौक में भी कार्यकर्ता बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे थे, लेकिन कार्यकर्ताओं की भावनाओं की अनदेखी करते हुए राहुल गांधी कार में सवार होकर सीधे विश्राम स्थल के अस्थायी कैंप पहुंच गए। राहुल गांधी के साथ उनकी कार में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम सवार थे, जबकि काफिले के अन्य वाहनों में पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय,, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में अन्य प्रदेश स्तरीय नेता शामिल थे।

**डीसी-एसपी को भी कैम्प परिसर में घुसने से रोका गया :** राहुल गांधी के विश्राम स्थल के अस्थायी कैंप परिसर के अंदर किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। इसी बीच खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अन्य अधिकारियों के साथ कैंप परिसर पहुंचे, लेकिन गेट पर तैनात सुरक्षा अधिकारियों एवं जवानों ने उन्हें कैंप परिसर में प्रवेश से रोक दिया। जिले के आला पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपना परिचय देने पर गेट में तैनात सिक्युरिटी इंचार्ज ने वॉकी-टॉकी से कैंप परिसर के अंदर अपने आलाधिकारी से बात की।

### किसान जनता पार्टी की सभा में किसानों के हितों को लेकर हुई चर्चा



**गिरिडीह।** किसान जनता पार्टी का जन सहयोग एवं न्याय याचना यात्रा के दौरान सोमवार को गांडेय अंचल के उदयपुर गांव में अंचल अध्यक्ष गोने टुडू की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी के संयोजक संचित कुमार गुप्ता ने कहा कि अंचल कार्यालय में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार एवं किसानों में एकजुटता की कमी व अज्ञानता के वजह से आज भी यहां के 90 प्रतिशत किसानों के जमीन का जमाबंदी वर्तमान में जीवित किसानों के नाम पर नहीं होकर उनके मृत पूर्वजों के नाम पर है। जिस वजह से किसानों को सरकार की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य सरकारी योजनाओं का जो लाभ मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है।

# सेवानिवृत्ति पर पोस्टमैन को दी गई भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गावां डाकघर में पोस्टमैन पद पर कार्यरत सातो सिंह को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। डाकघर कार्यालय में सोमवार को आयोजित विदाई समारोह में पोस्टमैन सातो सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। सब पोस्टमास्टर संतोष कुमार विद्यार्थी ने उनके कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ छवि, ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने सेवाकाल के दिनों को याद करते हुए सातो सिंह ने कहा कि आज भले ही मोबाइल और इंटरनेट ने चिट्ठियों के प्रचलन को कम कर दिया है, लेकिन चिट्ठियों की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी सेवाकाल के 33 वर्षों में चिट्ठियां और मनीआर्डर बांटकर हजारों लोगों के चेहरों पर मुस्कराहट देखी है। उन्होंने कहा कि चिट्ठियां न केवल संदेश वाहक का काम करती थीं बल्कि उस दौर में चिट्ठियां सामाजिक समरसता का प्रतीक भी थी जहां लोग एक दूसरे से आत्मिक रूप से जुड़े रहते थे।

### झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा छह फरवरी से, 766500 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**रांची।** राज्य में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा 26 फरवरी तक होगी। इस बार परीक्षा में 7,66,500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें से मैट्रिक में 4,21,678 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट में 3,44,822 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट साइंस में 94,433, कॉमर्स में 25,907 और आर्ट्स में 2,24,502 परीक्षार्थी हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक ने परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। मैट्रिक परीक्षा के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 केंद्र बनाये गये हैं। मंगलवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वोकेशनल विषयों की परीक्षा होगी। वहीं, 26 फरवरी को आखिरी दिन मैट्रिक में अंग्रेजी विषय की और इंटरमीडिएट में राजनीति विज्ञान की परीक्षा होगी। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए केंद्रों में सीसीटीवी लगाये गये हैं।

शहीद वीर बुधू भगत स्मारक समिति की बैठक

# आगामी बैठक 9 फरवरी को होगी



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रखंड अंतर्गत सिलागाई में शहीद वीर बुधु भगत के जयंती समारोह पर 17 फरवरी को लगने वाले मेला की तैयारी को लेकर सोमवार को वीर बुधु भगत स्मारक समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता शिवपूजन भगत व समाज सेवी डॉ० परमेश्वर भगत ने की। बैठक के दौरान जयंती समारोह सह विकास मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। स्मारक समिति की ओर से स्मारक स्थल का सुन्दरीकरण करने, समारोह का प्रचार प्रसार करने पर चर्चा की गई। मौके पर समाज सेवी डॉ० परमेश्वर भगत ने कहा कि वीर बुधू भगत देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनपर अंग्रेजों ने 1000 रुपए ईनाम रखे थे। वीर बुधू भगत की पहचान राष्ट्रीय स्तर तक दिलाने की जरूरत है। मौके पर शहीद वीर बुधु भगत स्मारक समिति के मुख्य संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत, अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, रघुनाथपुर पुर्व मुखिया सुनील उरांव, पूर्व सरपंच अब्दुल गफ्फार, रामधनी भगत, अल्फ्रेड मिंज एवं स्मारक स्थल के सभी पदाधिकारी एवं गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए।

## तीन सरकारी शिक्षकों को दी गयी भावभीनी विदाई

# नौकरी करना और बेदाग रहकर सेवानिवृत्त हो जाना यह चुनौती से कम नहीं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** सरकारी नौकरी करना और बेदाग रहकर सेवानिवृत हो जाना यह चुनौती से कम नहीं है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में अजप्टा लापुंग प्रखंड कमेटी तथा अन्य शिक्षकों के संयुक्त तत्वावधान में लापुंग प्रखंड से सेवानिवृत्त होने वाले तीन सरकारी शिक्षकों क्रमशः राजेंद्र प्रसाद, नागेश प्रसाद, ज्योति कुमार एवं शशिकांत सिंह के सम्मान में आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह के दौरान लापुंग प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के द्वारा निभाए गए कर्तव्यों का अनुसरण बाकी सभी शिक्षकों को करने की जरूरत है। विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने मोमेंटो देकर सेवानिवृत्त तीनों शिक्षकों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी मनोज कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष लाल दिलीप कुमार सिंह, भुवंजय साहु, बुधनाथ मुंडा, मो. समीउल्लाह हक सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों क्रमशः राजेंद्र प्रसाद, नागेश प्रसाद, ज्योति कुमार, शशिकांत सिंह एवं राजेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी कनक भगत को उपहार तथा पुष्प गुच्छ देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजप्टा लापुंग प्रखंड के अध्यक्ष अरुण कुमार नायक एवं सचिव जुबैर अंसारी संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सिंह तथा स्वागत भाषण उदय कुमार ने किया।

### कुशवाहा समाज की उपेक्षा करने पर अपना उम्मीदवार भी खड़ा करेगी : राजू महतो

**रांची।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक अरगोड़ा स्थित लेक गार्डन में राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुशवाहा ने किया धन्यवाद का ज्ञापन कार्यालय सचिव अनिल कुशवाहा के द्वारा किया गया ' बैठक में कुशवाहा समाज के सांवागिक विकास हेतु साथ मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें कुशवाहा समाज के सांगत्मक विस्तार शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्य सत्ता प्राप्ति हेतु रणनीति बनाने के संबंध में भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर मेहता ने अपना अध्यक्ष भाषण करते हुए कहां के कुशवाहा समाज के गौरवशाली इतिहास को पुन स्थापित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एवं राज्य स्तर पर संगठन के स्वरूप को मजबूत किया जाएगा एवं जन जागृति की दिशा में ठोस पहल किया जाएगा राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर पूरे देश के एक-एक कुशवाहा को जोड़ा जाएगा प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड में कुशवाहा समाज के संगठन का बिखराव है।

जाति, आय, आवासीय बनाने को लेकर एक सप्ताह का अल्टीमेटम

# प्रमाणपत्र नहीं बना तो होगा धरना प्रदर्शन : कृष्ण मुरारी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जाति, आय, आवासीय प्रमाणपत्र समय पर नहीं बनाए जाने को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जमुआ प्रखण्ड अंचल निरीक्षक से इसकी जानकारी ली। कहा एक सप्ताह के अंदर सभी छात्रों का जाति आय आवासीय बनाएं अन्यथा प्रखण्ड मुख्यालय में आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन के लिए हम बाध्य होंगे। इस बाबत आम आदमी के जिला संयोजक कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि जमुआ अंचल में कुल 7000 जाति, आय, आवासीय प्रमाणपत्र पेंडिंग है। जिसमें 2500 आवेदन सिर्फ अंचल निरीक्षक के आईडी में पेंडिंग है. कहा जमुआ में राजस्व कर्मचारी ,सीआई का आईडी दलालों के द्वारा चलाने की सूचना मिली है. कहा बीते नवम्बर से शाहीन परवीन, कैलाश पंडित, गुड़िया देवी, बैजंती कुमारी, मोनिका कुमारी, गोविंद कुमार दास,राहुल कुमार दास ,बालगोविंद यादव , संजना सेठ सहित हजारों छात्रों का जाति आय आवासीय पेंडिंग है.

# केंद्र चाहती है एचईसी पूरी तरह से काम करना बंद कर दे : राहुल

**एचएएल हो या एचईसी, सभी को धीरे-धीरे अडानी को सौंपा जा रहा है**

**सरकारी, प्राइवेट सेक्टर में आदिवासी, दलित और पिछड़ों की संख्या शून्य**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड में हैं। यात्रा के तहत यहां धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को राहुल गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचईसी) के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि एचईसी का गला क्यों घोटा जा रहा है। एचईसी के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र की सरकार चाहती है कि एचईसी काम करना बंद कर दे। इसे भी प्राइवेटाइज कर दिया जाये। मोदी सरकार एचईसी के लोगों को बेरोजगार करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक उपक्रमों को खत्म कर रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लिए खड़े दिखते हैं। चाहे बीएचईएल हो, एचएएल हो या एचईसी, सभी को धीरे-धीरे अडानी को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में ओबीसी, आदिवासी, दलित कितने लोग हैं इसकी संख्या बताने वाला कोई नहीं है। देश में 50 प्रतिशत ओबीसी के लोग हैं। तेलंगाना की सरकार ने वादा किया था, उसे पूरा करने का काम कर रही है। जातीय जनगणना की शुरूआत होगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस देश में दलित, पिछड़ा और आदिवासी कितने हैं। इसके पीछे का तर्क समझिए कि प्राइवेट कंपनी में कितने लोग हैं। पता चलेगा कि कोई नहीं है। सरकार जो पैसे खर्च करती है उसमें निर्णय लेने वाले 90 लोगों में से सिर्फ तीन पिछड़े के लोग हैं। बजट में निर्णय लेने वाले सिर्फ पांच प्रतिशत लोग हैं। दलित और आदिवासियों की संख्या शून्य है। सरकारी, प्राइवेट सेक्टर में आदिवासी, दलित और पिछड़ों की संख्या शून्य है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों की संख्या का पता चलने के बाद ही अधिकार मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी से छोटे व्यापारियों को फायदा नहीं हुआ। मजदूर जीएसटी देता है। गरीबों का पैसा अरबपतियों के जेब में जा रहा है। छोटे व्यापारियों को पहले खत्म किया। नोटबंदी ने छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया। उसके बाद जीएसटी लागू कर दिया, जितना खोजना है, खोज लो छोटे व्यवसायी नहीं मिलेंगे।

## राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राजधानी रांची में सोमवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। सुरक्षा में 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी थी। उनकी सुरक्षा में जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दिखी। रामगढ़ से रांची सीमा ओरमांझी में प्रवेश करने के बाद रांची -खूंटी सीमा तक उनकी सुरक्षा के लिए 11 सेक्टर बनाये गये थे। उस 11 सेक्टर में 421 ऊंची इमारतों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये थे। उन ऊंची इमारतों पर हथियार बंद दस्ता की तैनाती की गयी थी। राजधानी में प्रवेश के दौरान राहुल गांधी के कारकेड में वार्निंग कार, सीआरपीएफ और जिला पुलिस का स्कॉर्ट, जैमर, वीआइपी कार, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तैनात थे।

## जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए लड़ने को कांग्रेस तैयार : कन्हैया कुमार

**रांची।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि झारखंड के लोगों के रगों में भगवान बिरसा का खून बहता है। इनके हक और अधिकार को कोई छीन नहीं सकता। हमारी कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए लड़ने के लिए कांग्रेस तैयार है। कन्हैया कुमार सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि हम भाजपा की साजिशों को नाकाम करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के अंदर किस तरीके की परिस्थिति पैदा की गई हैं आप सभी जानते हैं।

## बाबूलाल मरांडी ने ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव में विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रातु में नवीन स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव में विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, विधायक भानु प्रताप शाही एवं आलोक चौरसिया भी उपस्थित रहे।

## अभिनेता अनुप सोनी ने मिर्ग टीम के साथ एमिटी का किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमिटी यूनिवर्सिटी में एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन के सहयोग से सोमवार को अनुभवी लोगों के साथ एक इंटरैक्टिव मास्टर सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय टेलीविजन और फिल्म अभिनेता अनूप सोनी अपनी आगामी फिल्म 'मिर्ग' के क्रू सदस्यों के विवि पहुंचे। मौके पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने टीम को शुभकामनाएं दी। छात्रों को संबोधित करते हुए, अनुप सोनी ने फिल्म में चित्रित पात्रों के बारे में बताया। फिल्म निर्माण के क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि खुद से यह पूछें कि वे फिल्म उद्योग में क्या बनना चाहते हैं! अभिनेता पहले सोनी चैनल के सफल टीवी शो 'क्राइम पेट्रोल' से जुड़े थे और अब उनकी नई फिल्म 'मिर्ग' सिनेमा हॉल में लगने वाली है। 'मिर्ग' फिल्म के निर्देशक तरूण शर्मा ने 'मिर्ग' शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि यह लोककथाओं से संबंधित है।

## ऑटो परमिट, ई रिक्शा रूट पास को लेकर गडकरी को मांग पत्र सौंपेंगे : दिनेश सोनी

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के संस्थापक साह प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि राँची शहर में सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन धड़ाले से किया जा रहा है ई रिक्शा का भी रजिस्ट्रेशन बेहिसाब किया जा रहा है और यहां के यातायात प्रशासन राँची नगर निगम डीटीओ राँची के द्वारा परमिट या रूट पास नहीं रहने के कारण मनमाने तरीके से फाइन 5000 से लेकर 25000 तक का वसूला जा रहा है जिसके चलते राँची शहर के ऑटो चालक मालिक एवं ई रिक्शा चालक माली बहुत परेशानियों का सामना कर रहे है जिसके चलते चालक एवं मलिक का बाल बच्चा परिवार के पालन पोषण करने में एवं बाल बच्चा के पढ़ाई लिखाई करवाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इन्हीं सब मामलों से निजात पाने के लिए झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी दिल्ली के लिए रवाना हुआ ताकि पूरे भारत के गरीब ऑटो ड्राइवर के डिमांड्स मामले को लेकर दिनांक 7 फरवरी 2024 को निर्माण मजदूर राष्ट्रीय अभियान समिति के द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है उसे उस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने झारखंड प्रदेश के परिवहन विभाग का समस्या निदान हेतु राष्ट्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को 8 फरवरी 2024 को ऑटो परमिट, ई रिक्शा रूट पास के मामले को लेकर मांग पत्र सौंपेंगे ताकि झारखंड प्रदेश में जो भी परमिट यह रूट पास मामले के समस्या का निधन हो सके आज रांची रेलवे स्टेशन परिसर में दिनेश सोनी को दिल्ली रवाना करने के समय पर आए प्रदेश सचिव तबरेज अहमद कोषाध्यक्ष अमर मुंडा संगठन मंत्री आनंद वर्मा प्रदेश कार्यकारी सदस्य रंजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह नै दिनेश सोनी को दिल्ली रवाना किया

## मारवाड़ी कॉलेज में गंगा प्रसाद बुधिया की 120वीं जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी कॉलेज में सोमवार को कॉलेज के संस्थापक स्व. गंगा प्रसाद बुधिया की 120वीं जयंती मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने कहा की आज के समय में गंगा प्रसाद बुधिया के जीवन से शिक्षा लेकर काम करने की जरूरत है। सादा जीवन उच्च विचार की भावना से उन्होंने इस कॉलेज का निर्माण कराया, जिसस 18 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। इस कॉलेज में झारखंड के सब से अधिक नामांकन के आवेदन आते हैं। यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। मौके पर मारवाडी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार बंका ,कन्या पाठशाला के सचिव वेद प्रकाश बागला ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ नरसरिया ने किया। कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर आर आर शर्मा, डॉ रोनाल्ड खालको, डॉ उमेश कुमार, डॉ राजीव रजक, डॉ एम सारंगी, अनुभव चक्रवर्ती सहित कई लोगों ने गंगा बाबू के कार्यों की चर्चा की। अलुमुनि एसोसिएशन के सचिव शुभम मंत्री, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कॉलेज के प्राचार्य, बुधिया परिवार की वरिष्ठ महिला शारदा बुधिया एवम अरुण बुधिया को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, पवन मंत्री, कृपाल सिंह, हरबिंदर सलूजा,सुरेश जैन, मनोज चौधरी,पवन शर्मा, सतपाल सलूजा उर्फ गुड्डी, शिव शंकर साबू, नरेंद्र लखोटिया, विष्णु कांत खेमका, सुरेश चंद अग्रवाल, ओ पी लाल, महावीर महेश्वरी,सुनीता जैन, रजनी बुधिया, राजेंद्र अग्रवाल सहित भरी संख्या में समाज के लोग एवम छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## इंडियन बैंक का बरियातु रोड में नए परिसर का उद्घाटन



**रांची।** बरगाई रोड, चित्रगुप्त नगर, चित्रांश एन्क्लेव के बगल में बरियातु, राँची में इंडियन बैंक, बरियातु रोड, शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया। इस नए परिसर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बालमुकुंद सहाय, निदेशक, इंडियन बैंक के करकमलों से अंचल प्रबंधक एफ. आर. बोखारी की उपस्थिती में किया गया। इस अवसर पर उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार, सहायक महाप्रबंधक कुमार दिग्विजय, परिसर मालिक एस. एन. वर्मा, मुख्य प्रबंधक बी एन बिस्वाल, शाखा प्रबंधक माधव पाण्डेय सहित विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## संत जेवियर व डीएवी नंदराज में एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता




**रांची।** मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखण्ड के निर्देश पर युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन को संत जेवियर स्कूल एवं डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल,रांची में किया । कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक को मनोरंजक अंदाज में छात्र छात्राओं के बीच प्रस्तुत किया गया। जहाँ विद्यार्थियों ने सभी फॉर्म जैसे फॉर्म 6, फॉर्म 8 अन्य की जानकारी ली। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी साझा की । उन्हें फॉर्म भरने की ऑनलाइन प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर पोर्टल एवं टोलफ्री वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच एक्सटेम्पोरे प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं जितने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया।

## एमएसीपी की मांग पर शिक्षक संघों की सचिव से होगी वार्ता



**रांची।** एमएसीपी संघर्ष मोर्चा में शामिल शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक मोर्चा के संयोजक अमरनाथ झा के अध्यक्षता में अशोक विहार, रांची में संपन्न हुई बैठक में संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, प्रवक्ता अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, विजय बहादुर सिंह, मकसूद जफर हादी, राम कुमार झा आदि उपस्थित थे। मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद एवं प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने जानकारी देते हुए बताया कि टअउढ संघर्ष मोर्चा ने राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक एवं +2 विद्यालय के सभी संवर्ग के शिक्षकों को बिहार राज्य के तर्ज.एवं झारखंड के सभी कर्मचारियों के समान एम० ए० सी० पी०, 2010 का लाभ देने का अनुरोध सरकार एवं सदन के सभी फोरम पर करते आ रही है, उक्त सन्दर्भ में 19 दिसम्बर 2023 को विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया था। विभागीय कार्य की प्रगति के सम्बंध में सचिवालय जाकर गति प्रदान करने का अनुरोध संबंधित पदाधिकारियों से किया गया है।

## गुंजन सिंह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर दी बधाई

**रांची।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने सोमवार को झारखंड महिला कांग्रेस के जरिये यात्रा के क्रम में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है और महिलाएं सशक्त होकर लोकसभा और विधानसभा पहुंचे, इसे सुनिश्चित करने के लिए वह प्रयास करेंगी । इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में झारखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनकी टीम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं भारत जोड़ो नया यात्रा की ऑब्जर्वर प्रतिभा रघुवंशी, पिंकी सिंह, पुनीता चौधरी, रीता सिंह और सुंदरी तिर्की सहित अन्य उनके साथ शामिल थे।

## श्रद्धालुओं को ले रांची पहुंची अयोध्या आस्था स्पेशल ट्रेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्याधाम राम जन्म भूमि मन्दिर से दर्शन कर सोमवार को वापस रांची पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही पूरा स्टेशन परिसर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। दो फरवरी को 1500 लोग आस्था स्पेशल ट्रेन से श्री अयोध्याधाम रामजन्मभूमि मंदिर तीर्थ के लिए रांची से गए थे। तीन फरवरी को ट्रेन श्री अयोध्या धाम पहुंची थी। तीन और चार फरवरी को वहां सभी लोग सरयू नदी, हनुमान गढ़ी, श्रीरामजन्म भूमि दर्शन किए और अयोध्या क्षेत्र भ्रमण कर वापस रांची लौटे। यात्रा प्रमुख सह विहिप प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो ने सोमवार को बताया की ट्रेन के अन्दर भी कोई जय जय श्रीराम के जयकारे लगा रहा था,तो कोई हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ रहा था। सभी लोग श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर दर्शन के उत्सव के साथ इस तीर्थ क्षेत्र भ्रमण में गए थे। राम भक्तों की टोली में महिला,पुरुष बुजुर्ग सभी शामिल थे। महतो ने बताया कि यह सफर बहुत अच्छा रहा। अयोध्या पहुंचने के लिए रेलवे ने ये बहुत अच्छी सुविधा दी है। यहां से लेकर अयोध्या तक स्वागत देखकर मन प्रफुल्लित है। प्रान्त सामाजिक समरसता प्रमुख मिथलेश्वर मिश्र ने बताया कि प्रभु राम के दर्शन से जीवन धन्य हो गया।

## वेंकटेश्वर मंदिर में षट्तिला एकादशी व्रत पर होंगे कई अनुष्ठान

**रांची।** माघ मास कृष्ण पक्ष की षट्तिला एकादशी को ले श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में होंगे विशेष अनुष्ठान। प्रातः भगवान का विश्वरूप दर्शन और नित्याराधन, भोग, महा आरती, महा स्तुति आदि के पश्चात आम भक्त प्रातः 7:00 बजे से मंदिर में अपने अभीष्टों की पूर्ति के लिए पूजा अर्चना करा सकेंगे। यह एकादशी षट्तिला के नाम से विख्यात है, जो सब पापों का नाश करने वाली है। आज के दिन भली भांति स्नान करके, पवित्र हो, शुद्ध भाव से देवाधिदेव श्री विष्णु वेंकटेश्वर की पूजा करें । कोई भूल हो जाने पर श्रीवेंकटेश श्रीकृष्ण और गोविंद नामों का उच्चारण करें। चंदन अगरजा कपूर नैवेद्य आदि सामग्री से शंख चक्र और गधा धारण करने वाले देव देवेश्वर श्रीहरि बालाजी की पूजा करें। तत्पश्चात भगवान श्रीमन्नारायण का स्मरण करके बारंबार श्रीकृष्ण गोविन्द वेंकटेश नाम का उच्चारण करते रहे।

## अब 19 फरवरी को धरना देगा झारखंड तीसरा मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधायक अतिथि गृह रांची में झारखंड तीसरा मोर्चा का बैठक मोर्चे के संयोजक लालचंद महतो की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में संबंधित सभी राजनैतिक पार्टीयों के पदाधिकारीगण व्यक्तिगत या टेलीफोन के माध्यम से अपने-अपने विचार रखे. इस बैठक में सर्व सम्मति से दो निर्णय लिए गए. पहला निर्णय 08 फरवरी 2024 की प्रस्तावित जाकिर हुसैन पार्क रांची के निकट एक दिवसीय धरना को राज्य के राजनीतिक हालत को ध्यान में रखते हुए अब 19 फरवरी 2024 को करने का हुआ.दूसरा निर्णय आम अवाम विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम नरेश यादव की अध्यक्षता में सभी संबंधित पार्टियों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए मोर्चा के लिए एक साझा रचनात्मक कार्यक्रम तय करने हेतु एक कमिटी का गठन करने का हुआ. इस कमिटी के द्वारा तय साझा रचनात्मक कार्यक्रम का उपयोग मोर्चे के द्वारा पूरे राज्य में राजनैतिक जागृति बढ़ाने और अपना सरकार बनने पर झारखंडियत की रक्षा करते हुए झारखंड को एक सुशाशित और विकसित राज्य बनाने में किया जाएगा. इस बैठक में मुख्यतया लाल चंद महतो, राम नरेश यादव, मंसूर आलम,प्रवीण कच्छप, अब्दुल खालिक, नीलांबर साहू, इत्यादि शामिल हुए.

## सीआई भानु की डिस्चार्ज पीटिशन ईडी कोर्ट ने की खारिज




**रांची।** जमीन घोटाला मामले में आरोपित बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी है। इससे पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरे होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

## सरला बिरला स्कूल का गणित चैलेंज में अभूतपूर्व प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र कक्षा 10वीं के लाल रूपक नाथ शाहदेव ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। उन्हें देश के शीर्ष 100 छात्रों में चुना गया। सीबीएसई ने मान्यता प्राप्त स्कूलों में आठवीं से दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए आर्यभट्ट गणित चैलेंज की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य समस्या-समाधान कौशल, तार्किकता, गणितीय विश्लेषणात्मक सोच, सटीकता और समय प्रबंधन सहित आवश्यक दक्षताओं के विकास को बढ़ावा देना है। मूल्यांकन पद्धति को भी ऐसा स्वरुप दिया गया है, जिससे दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता से छात्रों में प्रसन्नता हो। इस वर्ष प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर लगभग 5000 स्कूलों से लगभग 5,50,000 और दूसरे चरण में 8,590 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे चरण के सफल समापन पर शीर्ष 100 छात्रों को मेरिट प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्रों की उपलब्धि की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की गौरवपूर्ण उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने अन्य छात्रों को भी प्रोत्साहित किया कि डरने की बजाय उन्हें गणित का आनंद लेना चाहिए क्योंकि यह संख्याओं की जादुई दुनिया है जिसका व्यावहारिक महत्व है।

### मारवाडी कॉलेज के संस्थापक स्व गंगा प्रसाद बुधिया की मनी 120वीं जयंती

## गंगा प्रसाद बुधिया के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत : डॉ. मनोज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाडी महाविद्यालय प्रांगण में कॉलेज के संस्थापक स्व गंगा प्रसाद बुधिया जी की 120वी जयंती मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा की आज के समय में गंगा बाबू के जीवन से शिक्षा लेकर काम करने की प्रेरणा लेने के लिए ही हमलोग उनकी जयंती मना रहे है, सादा जीवन उच्च विचार की भावना से उन्होंने इस कॉलेज का निर्माण कराया, जिससे 18 हजार छात्र छात्रा पढ रहे है, इस कॉलेज में झारखंड के सब से अधिक नामांकन के आवेदन आते है , यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं, मारवाडी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार बंका ,कन्या पाठ शाला के सचिव वेद प्रकाश बागला ने अपने उद्गार व्यक्त किए, विश्वनाथ नरसरिया ने संचालन किया, कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर आर आर शर्मा, डॉ रोनाल्ड खालको, डॉ उमेश कुमार, डॉ राजीव रजक, डॉ एम सारंगी, श्री अनुभव चक्रवर्ती महोदय सहित कई लोगो ने गंगा बाबू के सत कार्यों की चर्चा की एवम उन्हें जीवन में अपनाने का संकल्प लिया, अलुमुनि एसोसिएशन के सचिव शुभम मंत्री, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कॉलेज के प्राचार्य, बुधिया परिवार की वरिष्ठ महिला शारदा बुधिया एवम अरुण बुधिया को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, पवन मंत्री, कृपाल सिंह, हरबिंदर सलूजा,सुरेश जैन, मनोज चौधरी,पवन शर्मा, मनोज रूईया ने कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में भरपूर मेहनत की इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक भी भारी संख्या में मौजूद थे, वे भी अपने से ज्यादा समाज के लिए सोच कर काम करने वाले गंगा बाबू के जीवन से प्रेरणा मिली , उन्होंने उनके आदर्श को जीवन में अपने एवम प्रचारित करने कि शपथ ली।

## झारखंड के 24 जिलों में भारत सरकार चला रही निःशुल्क डायलिसिस केंद्र

**रांची।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसका उद्देश्य देश के सभी जिला अस्पतालों में बीपीएल लाभार्थियों को निःशुल्क डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से किडनी के ऐसे मरीज जो डायलिसिस की राशि का वहन नहीं कर सकते उन्हें निःशुल्क डायलिसिस कराया जाता है। इस आशय की जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने लोकसभा में सोमवार को दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य क्या है? और झारखंड में इस कार्यक्रम को कहां लागू किया गया है। कितने लोगों ने इसका लाभ लिया है। सांसद ने यह भी पूछा था कि इसके लाभार्थियों की संख्या क्या है और योजना के संचालन में झारखंड में सरकार के द्वारा अब तक कितनी राशि खर्च की गई है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई भी कानून से ऊपर नहीं : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है। उन्होंने कहा कि क्या इन्हें नहीं पता है कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिखकर नहीं देती है, राज्य सरकार लिखकर देती है। केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगा। राज्यपाल के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों की हूटिंग सही नहीं है। हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों, दलित और पिछड़े वर्ग के लीडर नहीं हो सकते हैं। विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग की बात करें तो कांग्रेस के शासनकाल में विभिन्न राज्यों में करीब 90 बार से अधिक राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सबसे अधिक 50 बार लगाया गया।



## भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाया

अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया। शिबू सोरेन को पहली बार बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा भेजा। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया। बावरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम केवल ढोंग है। उसने मधुकोड़ा को मुख्यमंत्री बनाकर जेल भेजने का काम किया। शिबू सोरेन को भी जेल भेजने का काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की सरकार रहती तो हेमंत इतने दिन तक मुख्यमंत्री नहीं रहते। कांग्रेस कभी नहीं चाहती है कि यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों का विकास हो। उन्होंने कहा कि इनका सरकार पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि कई आदिवासियों को पद्मश्री किसने दिया। गौरव दिवस मना कर आदिवासियों को किसने पहचान दिलाई। यह सभी काम भाजपा ने किए। कांग्रेस जिसके साथ रही है उसे दीमक की तरह खाने का कम करती हैं। इसके कई उदाहरण हैं।

## रघुवर के कार्यकाल में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए : विनोद सिंह

माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आज पूरा सदन भाजपा के खिलाफ खड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण हैं। भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रघुवर दास भी जमीन घोटाले की आरोपित रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये। भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जाएं और जांच करें।



## भाजपा पर बरसे आलमगीर आलम, कहा
## विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा 2005 में आपने शुरू की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है। आलमगीर आलम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां विधायकों को बाहर ले जाने का काम किया। यह परंपरा आपने शुरू की है।

कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया। भाजपा के एक नेता ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं, जो भाजपा के साथ नहीं जायेगा, वो जेल जायेगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। कोरोना महामारी आयी। अखबार, मीडिया उस समय का देख लें कि उन्होंने क्या-क्या कर दिखाया। जनता ने हमें पांच सालों के लिए चुना है। भाजपा अपने गिरेबान में झांकें। हेमंत सरकार गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन लायी, इसमें क्या गलत किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कई बार केंद्र से आवास के लिए मदद मांगी। अंततः हम लोगों ने अबुआ आवास योजना शुरू की। इसके लिए 30 लाख आवेदन आए। हम भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले दिनों में सभी 30 लाख आवेदकों को अबुआ आवास का लाभ देंगे।

## न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कोयला मजदूरों का दर्द बांटा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पिछले दो दिनों से राहुल गांधी कोयलांचल से होकर गुजर रहे हैं। सोमवार को रामगढ़ से रांची जाने के क्रम में चुटूपालू घाटी में कोयला ढो रहे मजदूरों को देखकर राहुल गांधी ने अपने काफिले को रोक दिया। इस दौरान उन्होंने कोयला मजदूरों का दर्द बांटा और उनसे उनकी हालत के बारे में चर्चा की। राहुल गांधी ने कोयले से लदे साइकिल को भी कुछ दूर तक ले जाने में उनकी मदद की। न्याय यात्रा के दौरान रविवार की शाम भी गोला डीवीसी चौक पर मजदूरों के दर्द पर राहुल गांधी ने चर्चा की थी।

उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार के रास्ते से दूर कर दिया है। देश के सारे संसाधनों को निजी उद्योगपतियों के हाथों में देकर ठेका पर मजदूर बहाल किए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के खिलाफ वे लगातार आंदोलन भी कर रहे हैं।

## अब सरकार को अपने विधायकों की रखवाली करनी पड़ रही है : बाबूलाल

भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह कैसी सरकार है, जिसे अपने विधायकों की रखवाली करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने विधायकों पर ही भरोसा नहीं है। अब देखिए सदन में क्या होता है। फ्लोर टेस्ट में क्या होता है।

**अपने विधायकों पर ही भरोसा नहीं : राज सिन्हा**
विधानसभा के बाहर भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायक अंतरात्मा पर वोट करेंगे क्योंकि यह सरकार अपना बहुमत खो चुकी है। उन्होंने जेएमएम सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उनको अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। इसलिए उन्हें हैदराबाद ले जाया गया। आखिर खरीद फरोख्त का डर क्यों है।

## आप गलत नहीं हैं तो एजेंसियों का सामना करें, भागे क्यों रहे थे : सुदेश

सदन में आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि परिस्थिति कुछ भी हो लेकिन वर्तमान और झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात की खुशी है कि आज एक झारखंड आंदोलनकारी चंपाई दा मुख्यमंत्री बने हैं। व्यक्तिगत तौर पर हेमंत सोरेन के प्रति मेरी संवेदना है, मगर हेमंत जी ने झारखंड आंदोलन में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा नहीं लिया। इसलिए वो झारखंड आंदोलन की बात न करे। सुदेश महतो ने कहा कि जब आप गलत नहीं हैं तो सामना करें। भागे क्यों रहे थे। देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता भी एजेंसी के पास गये हैं। मगर इसके लिए किसी पार्टी को दोष देना या किसी सरकार को दोष देना उचित नहीं है।

## आंखों देखा विश्वास प्रस्ताव
### सीएम चंपई सोरेन ने अपने भाषण से सबको चौंकाया

झारखंड विधान सभा का विशेष सत्र कई मायने में विशेष था। भारी सुरक्षा व्यवस्था और तनाव के बीच एक अजीब सी खामोशी थी जो आम तौर पर विधानसभा की कार्यवाहियों के बीच नहीं होती । यह मातमी तो नहीं था पर एक अजीब सा अविश्वास और दूरी थी, अजनबीपन था। यह कोई मामूली विश्वास प्रस्ताव नहीं था जो संसदीय कार्यकलाप का एक भाग हुआ करता है, बल्कि चार दिन पूर्व एक मुख्यमंत्री की गिरफतारी और नए चौंकाऊ मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सदन में बहुमत प्राप्त करना था।

11.06 में अध्यक्ष ने कार्यवाही शुरू करने की घोषणा की लगभग मीडिया सभी लोग उपस्थित सदस्यों की गिनती करने लगे और अनुमानों का दौर शुरू हुआ और जब 11.20 में राज्यपाल पहुंचे और राष्ट्रगान की धुन बजी तो पत्रकार दीर्घा के सामने जहां डिजिटल घड़ी लगी है के नीचे बैठे लोग मजे पर बैठे रहे जो बड़ा अजीब लग रहा था। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई तो सत्ता पक्ष ने मेजें थपथपा कर धन्यवाद दिया पर अचानक सभी विपक्षी केंद्र सरकार हाय हाय,जय झारखंड के नारे लगाते रहे। विधान सभा के सभा कक्ष में ध्वनि शोधन व्यवस्था सही नहीं होने से ध्वनि प्रतिध्वनित होती रही और प्रेस दीर्घा में सभी परेशान रहे कि किसने क्या कहा पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सीपी सिंह ने कुछ कहा पर सुनाई नहीं पड़ा? अनूप सिंह भी आगे बढ़ बढ़ कर नारे लगाते रहे। नारों के जवाब में बुलंद आवाज में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी बने भारत माता की जय का नारा लगाया जिसका जोरदार समर्थन मिला।

12.06 में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया। हेमंत हैं तो हिम्मत है से शुरूआत कर उन्होंने कोरोना काल में सरकार की जीवन रक्षा से लेकर राहत कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि हम गौरव से कहेंगे कि हम हेमंत पार्ट टू हैं। पूरे आत्मविश्वास्व और संतुलन से भरे शब्दों से उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासियोंबके विरुद्ध केंद्र अपनी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा है। बंधु तिर्की को पांच लाख के आरोप में सदस्यता गंवानी पड़ी और भानु प्रताप शाही सात करोड़ का आरोपी को कुछ नहीं हुआ। अपने लगभग 21 मिनट के भाषण में उन्होंने अंत में कहा कि हेमंत का नाम किसी खाता में नहीं है उन्हें फंसाया गया है । हेमंत सोरेन के सदन में प्रवेश करते ही बनना गुप्ता और अन्य ने हेमंत सोरेन जिन्दाबाद के नारे लगाए और कहा कि जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। बन्ना गुप्ता की अगुवाई में हेमंत सोरेन के लिए देर तक नारेबाजी हुई। हेमनाथ सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि चंपई की के साथ पूरी पार्टी खड़ी है और 31 जनवरी की रात कला इतिहास रचा गया जब पहली बार एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया किया गया जिसमें राजभवन भी संलिप्त है। आदिवासी दलित विरोधी लोग तेरह चौदह लाख करोड़ लेकर फरार सहयोगियों को कुछ नहीं करते पर दलित आदिवासी को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहते इसी कारण बाबा साहब ने बौद्ध धर्म अपना लिया था ।इसका उत्तर देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बाबा साहब ने किसी विदेशी धर्म को नहीं अपनाया जबकि निजाम और क्रिश्चियन उन्हें करोड़ों का प्रलोभन दे रहे थे । इस पर जोरदार हंगामा हुआ और एंग्लो इंडियन विधायक गोल्डस्टीन ने इसे झूठ बताया और धार्मिक विभेद का आरोप लगाया। रणधीर सिंह भी उठकर टोकटोकी करते देखे गए। सुदेश महतो के इस सवाल पर कि आपका ही बनाया कानून है की प्रश्नपत्र लीक करने पर दस साल कैद और दस करोड़ की सजा होगी का पालन नहीं कर रही सरकार, कहा कि प्रश्न पत्र मामले में यदि गड़बड़ी हुई है तो अवश्य कार्रवाई होगी।

### हेमंत के आते ही उमड़ी भीड़

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के रिमांड के दौरान विशेष सत्र पर शामिल हुए। वे भारत सरकार वित्र मंत्रालय की गाड़ी पर सवार हो कर आये थे। इस दौरान विस मुख्य द्वार पर संवाददाताओं की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। जिस पर वे काफी गुस्सा होते भी दिखे। हेमंत के जाते ही लगे नारेविधान सभी के पहले दिन के आयोजित विशेष सत्र के समापन पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के निकलने पर जेएमएम के विधायको ने जम कर नारेबाजी की।

### हेमंत पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार : अकेला

हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार के लगे सभी आरोप निराधार सबित होंगे क्योंकि बीजेपी को तिल का ताड़ करना है। जहां तक बात हैदराबाद जाने और वहां रहने की है तो उसका जवाब बीजेपी के पास ही है। कोई भी राजनीति पार्टी नहीं चाहेगी कि उसके विधायक को तोड़ा जाए। इन दिनों बीजेपी इस तरह के कार्यो को अंजाम देने में लगे हैं। ऐसे में अपने विधायकों की सुरक्षा पार्टी हित के लिए जरुरी हो जाता है।

### यह पूरी तरह राजनीतिक लड़ाई : हेमलाल मुर्मू

अब यह पूरी तरह से राजनीतिक लड़ाई बन चुकी है। ईडी के माध्यम से हेमंत सोरेन को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले शुरु हो गई थी। इसी का यह परिणाम है जो अब सबके सामने आया है। जिस तरह से हेमंत सोरेन को प्रताड़ित किया जा रहा है जनता सब देख रही है।

### पूर्व की गलतियां न दोहराएं चंपाई : सरयू राय

हेमंत सोरेन ने अपनी इस्तीफा स्वच्छा से राज्यपाल को सौंपा है ना कि उन पर किसी प्रकार का दबाव दिया गया। वे अपनी बातें कोर्ट में रखेंगे ना कि विधानसभा में। विधानसभा इस तरह की बातों के लिए नहीं होता। यदि कांग्रेस दगा नहीं देती है तो चंपाई की सरकार सुचारू रूप से चलेगी। लेकिन पूर्व के सीएम से जो भी गलतियां हुई है उसी को यह सरकार दोहराती है तो उन्हें भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## सीएम चंपई सोरेन से स्पीकर, मंत्री सहित अन्य अधिकारियों ने की मुलाकात



**रांची।** झारखंड विधानसभा कक्ष में सोमवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। इसके अलावा मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सैयद जावेद हैदर ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साथ ही सभी ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले में ईडी से नौ तक मांगा जवाब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उनकी गिरफ्तारी एवं पुलिस रिमांड को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखते हुए मामले की सुनवाई जल्द करने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने मामले में ईडी को नौ फरवरी तक जवाब दाखिल करने का समय प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 12 फरवरी निर्धारित की। हालांकि ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग की। हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन द्वारा उनकी गिरफ्तारी एवं रिमांड को हस्तक्षेप याचिका को स्वीकार करते हुए उसे सुनने की अनुमति दे दी। इससे पहले ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास की ओर से कहा गया कि नए तथ्य आने के बाद उन्हें सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। इस पर हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी बेंच ने अगली सुनवाई 12 फरवरी तय की।

## बड़गाईं के राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद चार दिनों की ईडी रिमांड पर



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेने के ईडी के आग्रह पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड देने का आग्रह कोर्ट से किया गया। कोर्ट ने भानु प्रताप से पूछताछ के लिए चार दिनों की रिमांड ईडी को प्रदान की। रिमांड की अवधि मंगलवार से शुरू होगी। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। शनिवार को ईडी ने उन्हें इस मामले में भी गिरफ्तार किया था। ईडी हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ करना चाहता है। क्योंकि भानु प्रताप के आवास से ही बरामद दस्तावेज और उसके मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6 /2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रहा है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।

## कांग्रेस के विधायक नाराज थे, 10 करोड़ खर्च कर चार्टर्ड प्लेन में बैठाया : भानु प्रताप

**रांची।** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायकों को 10 करोड़ देकर चार्टर्ड प्लेन में बैठाया गया। क्योंकि कांग्रेस के कई विधायक नाराज थे। हैदराबाद से लौटने के बाद भी सर्किट हाउस में कई विधायकों को दक्षिणा दिया गया। इसका मतलब साफ है कि सरकार के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुझे लगता है कि यह सरकार फ्लोर टेस्ट में अपना बहुमत साबित नहीं कर पायेगी।

**हेमंत सोरेन बाहरी लोगों की सलाह के चक्कर में जेल चले गये :** भाजपा विधायक अमित मंडल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाहरी लोगों की सलाह के चक्कर में जेल चले गये। इसलिए वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वह ऐसे लोगों से बचें।

## राज्यपाल के अभिभाषण के समय सत्ता पक्ष के विधायकों का हंगामा

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार के फ्लोर टेस्ट के पहले दिन सोमवार को विशेष सत्र की शुरूआत राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण से हुई। अभिभाषण के दौरान सदन में शोर-गुल होता रहा। राज्यपाल विधानसभा में अभिभाषण के दौरान हंगामा मचाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सत्ता पक्ष के द्वारा तैयार रहता है, जिसे समझना चाहिए। राजभवन अपनी भूमिका का निर्वाहन करते रहेंगे राज्यपाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सरहाना की। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड के लोगों को एक स्वच्छ और साफ सुथरी सरकार देने को वचनबद्ध है। विधि व्यवस्था और लॉ एंड ऑर्डर में सुधार हुआ है। एक साल से सरकार ने कई ऐसी काम किये जिसका फायदा जनता को मिल रहा है। हमारा राज्य हर एरिया में विकास के नये आयाम तय कर रहा है। उद्योग के क्षेत्र में भी कई काम हुए। राज्यपाल के अभिभाषण के बीच सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सबसे पहले विधायक प्रदीप यादव अपनी जगह से खड़े होकर हंगामा करने लगे। वो हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत बता रहे थे। सत्ता पक्ष के कई सारे विधायक हाय-हाय का नारा लगाने लगे।

# आदिवासी, दलित और पिछड़ों का उत्थान कांग्रेस के एजेंडे में कभी नहीं रहा : बाबूलाल मरांडी

- आदिवासी की चिंता थी तो अलग झारखंड राज्य क्यों नहीं दिया
- कांग्रेस पार्टी काम तोड़ने का और बात जोड़ने का करती है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राजकुमार को आज आदिवासी, दलित, पिछड़ों की याद आ रही है। लेकिन अब पछताए क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत। कहा कि राहुल जितनी यात्रा कर सकते हैं कर लें लेकिन जनता का विश्वास कांग्रेस से उठ चुका है। मरांडी ने कहा कांग्रेस ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों को केवल वोट बैंक समझा, इनके उत्थान की चिंता कभी नही की। कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को आदिवासी विकास की चिंता होती तो अलग झारखंड राज्य का सपना पूरा करने के लिए भाजपा के सरकार की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। कांग्रेस पार्टी तो आंदोलन का मोलभाव करती रही। दलितों का सम्मान कांग्रेस पार्टी कितना करती है यह तो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न कब मिला और किसने दिया इसी से पता चलता है।

उन्होंने कहा कि धारा 370 के कारण जम्मू कश्मीर के दलित



समाज ने आजाद भारत में जो दंश झेला उसका जवाब कांग्रेस पार्टी को देना चाहिए। वर्षों तक जम्मू कश्मीर के पढ़े लिखे दलित युवक आरक्षण की सुविधा से वंचित रहे। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग वर्षों तक कांग्रेस के शासन में संवैधानिक दर्जा केलिए तरसता रहा। मरांडी ने कहा कि ये सब के बावजूद कांग्रेस पार्टी आदिवासी दलित के हितैसी होने का डींग हांकना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा अंत्योदय के संकल्पों के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। भाजपा सरकार की योजनाएं आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है जिसे जनता महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, जनधन योजना, आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण, पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं इन्ही वर्गों को लाभान्वित कर रही हैं। कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने केवल अलग राज्य नही दिया बल्कि केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए। संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का कार्य अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने किया। कहा कि आज मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को नमन किया, जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। आज केंद्र सरकार ने जनजाति समाज के 8 मंत्री हैं। कहा कि यही कांग्रेस है जिसने देश की पहली आदिवासी महिला के राष्ट्रपति बनने का विरोध किया। कांग्रेस के नेताओं ने राष्ट्रपति के सम्मान को अभद्र टिप्पणी से चोटिल किया।

## भ्रष्टाचार के आरोपी हेमंत ने विस में दिखाई सीनाजोरी की भाषा

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में चंपाई सरकार के विश्वास प्रस्ताव के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लूट की जांच का इंतजार करें, सब दूध का दूध, पानी का पानी सामने आ जाएगा। बिना कार्रवाई हुए कोई चोर नहीं बोलता कि उसने चोरी की है, जो चोरी करेगा, उसे दंडित कराना जांच एजेंसियों का काम है। इसलिए भ्रष्टाचारी का कानून की नजर से बच पाना मुश्किल है। सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट जाने से वही होगा जो विधि सम्मत होगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को दुकान नहीं बनाती, जो परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं, वे ही ऐसा बोलते हैं। आज सत्ताधारी विधायकों की पहरेदारी की जा रही। इससे स्पष्ट है कि सत्ता पक्ष में अंतर्विरोध है। भ्रष्टाचार के आरोपित निवर्तमान मुख्यमंत्री की भाषा विधानसभा में भी धमकी भरी है। ये चोरी के बाद सीनाजोरी की भाषा है। राज्य की जनता इनके चरित्र को पूरी तरह समझ चुकी है।बाबूलाल ने हेमंत सोरेन को भाजपा के कहने पर फंसाने के आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को पता है कि शिबू सोरेन को कांग्रेस के शासन में तिहाड़ जेल भेजा गया, मधु कोड़ा को जेल कांग्रेस ने भेजा। मरांडी ने कहा कि हमारी पार्टी तोड़फोड़ की राजनीति में भरोसा नहीं रखती है।उन्होंने कहा कि हमारी ऐसी कोई तैयारी भी नहीं थी कि हम इस तरह का कोई काम करें। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों को अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है कि वह उनके साथ खड़े दिखेंगे बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर सत्ता पक्ष को अपने विधायकों पर भरोसा होता तो भी तेलंगाना नहीं भेजे जाते सत्ता पक्ष अपने विधायकों को विश्वास में ही नहीं रख पा रही है।

## एक नजर

### बाइक दुर्घटना में मृतक के मुआवजा पर नहीं बनी बात

**रामगढ़।** पिछले दिनों 26 जनवरी को बाइक दुर्घटना में बसंतपुर निवासी निजी ट्रांसपोर्टर आरकेएस में काम करने वाले मुंशी शंकर महतो की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों के लिए मुआवजा की मांग को लेकर रविवार को चरही स्थित जीएम ऑफिस में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता में मुआवजा पर नहीं बनी बात। ग्रामीण ट्रांसपोर्टर से छह लाख रुपए की मांग रखे थे। वहीं ट्रांसपोर्टर 30 हजार रुपए देने को कहा। अंत में वह 50 हजार रुपए तक देने पर सहमत हुए। लेकिन ग्रामीण छह लाख रुपए पर अड़े रहे। जीएम ने ट्रांसपोर्टर से मुंशी का एक वर्ष का पेयमेंट मुआवजे के रुप में एक साथ देने के लिए कहा। लेकिन ट्रांसपोर्टर की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीण बैठक से बाहर निकल गए। वहीं ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि जब तक मुआवजा का भुगतान नहीं होता है।

### कलश यात्रा के साथ गिद्दी शमशान काली मंदिर में मां शतचंडी का महायज्ञ शुरू

**गिद्दी।** गिद्दी झूला पुल ऑफिसर कॉलोनी स्थित मां शमशान काली मंदिर में सोमवार को कलश यात्रा के साथ मां शतचंडी सह प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू हुआ। यज्ञाचार्य कन्हैया पांडेय के नेतृत्व में पूरे विधि विधान साथ यज्ञमंडप से कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य समूह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दामोदर नद से कलश में जल भरकर वापस यज्ञ मंडप में लाकर कलश स्थापना कराया। यज्ञाचार्य कन्हैया पांडेय के नेतृत्व में आचार्य रवि मिश्रा, अजीत पांडेय, राजकुमार तिवारी, आदित्य पांडेय, जयशंकर पांडेय, रोहित पांडेय ने कलश स्थापना कराया। जबकि दीपू अखौरी, सुनीता अखौरी, चंदशेखर सिंह, संचिता सिंह, दशरथ महतो यजमान बने। यज्ञाचार्य ने बताया 5 फरवरी से 9 फरवरी तक मां शतचंडी का पांच दिवसीय यज्ञ के क्रम में मां जोगिनी, मां डाकिनी और भैरव बाबा का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

### पकड़ा गया मूर्तियां तोड़ने वाला युवक अभिजीत

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** सौंदा बस्ती के प्राचीन शिवमंदिर में घुस कर मूर्तियां तोड़ना वाला युवक अभिजीत उर्फ बबलू भुईयां पकड़ा गया। वो सौंदा बस्ती नीचे टोला का रहने वाला है। घटना शाम की है। गांव के लोगों को अभिजीत पर सुबह से ही शक था। इसलिए उसके पीछे कुछ युवकों को लगाया गया था, जिन्होंने बातों-बातों में अभिजीत से सच उगलवा लिया। इसकी सूचना मिलते ही भुरकुंडा पुलिस एक्टिव हो गई और अभिजीत को गिरफ्त में ले लिया। पूछताछ में अभिजीत ने स्वीकार किया कि शिवमंदिर की घटना को उसी ने अंजाम दिया था। इसके पीछे की वजह उसने भगवान से नाराजगी बताई। कहा कि उसके माता-पिता ने बचपन में उसे त्याग दिया था। इसके बाद उसकी परवरिश बीरू भुईयां ने की। लेकिन इस बात को लेकर सभी उसका मजाक उड़ाते थे। यही नहीं, उसे नशे की भी लत लग गई थी।

---

**सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भूमिपूजन सह ध्वजारोहण संपन्न**

# 16 फरवरी से आयोजित होगा नौ दिवसीय महायज्ञ : राज सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
16 फरवरी से बरहीडीह स्थित नवनिर्मित सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु महायज्ञ का आयोजन निर्धारित है. मंदिर निर्माण सह महायज्ञ समिति की ओर से सोमवार को विधिवत भूमि पूजन सह ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया. विधिवत ध्वज पूजन के साथ गाजे बाजे के साथ ध्वज यात्रा भी निकाली गई. जिसमे मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजद नेत्री पूनम यादव, महायज्ञ समिति के सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरष, बच्चे- बच्चियां शामिल हुईं. ध्वज यात्रा में शामिल लोग हाथो में महायज्ञ के पताका के साथ जयघोष करते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया. जिसकी अगुवाई समिति व सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान और समिति के सदस्यों ने किया. भूमि पूजन सह ध्वजारोहण कार्यक्रम आचार्य रामचंद्र पांडेय, प्रमोद पांडेय, कृष्णा पांडेय, परमानंद पांडेय, कामेश्वर पांडेय, जीवालाल पांडेय आदि ब्राह्मण श्रेष्ठ के पांडित्य में आयोजित हुआ. जिसमे मुख्य पुजारी स्थानीय पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, नागेश्वर प्रजापति, बासुदेव सिंह और सुरेश राणा सपत्नीक महायज्ञ के भूमि पूजन सह ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए. ध्वज यात्रा में समाजसेवी भगवान केसरी, रमेश ठाकुर, आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. अध्यक्ष श्री चौहान ने बताया कि महायज्ञ के लिए कलश यात्रा आगामी 16 फरवरी से पूरे धूमधाम से निकाला जाएगा जिसकी पूर्णाहुति 24 फरवरी को विसर्जन और भंडारा के साथ होगा. इस अवधि में प्रवचन और कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा.

---

# सदर अनुमंडल पदाधिकारी से मिला यूथ विंग का शिष्टमंडल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिले में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में पिछले दो वर्षों से हजारीबाग यूथ विंग की सहभागिता रही है। सोमवार को हजारीबाग यूथ विंग का एक शिष्टमंडल अपने पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ नवपदस्थापित सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया।उनको हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा किए गए सेवा कार्यों से अवगत कराया गया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का समर्पण सराहनीय है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि शहरवासियों के प्रेम और आशीर्वाद से परमार्थ का कार्य हम आगे भी करते रहेंगे। अध्यक्ष करण जायसवाल ने यूथ विंग द्वारा जल्द ही बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर के आयोजन की उद्घोषणा भी की। मौके पर विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल,सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉ बी वेंकटेश,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे, विकास तिवारी, मो ताजुद्दीन एवं शानू सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### जेबीकेएसएस प्रतिनिधि मंडल ने डीएसई से मुलाकात की



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने रामगढ़ जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधीक्षक को बताया कि रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कैथा पारडीह निवासी उमेश कुमार महतो नव प्राथमिक विद्यालय कुसुम टोला रामगढ़ में पारा शिक्षक के पद पर 16.04.2004 से 25.05.2013 तक कार्यरत थे। लेकिन 26.05.2013 को सड़क दुर्घटना हो जाने के कारण ईलाज के लिए कोलकाता स्थित राष्ट्रीय विकलांग अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। लंबे समय से कोमा में भी थे। ईलाज के बाद ठीक हो गए। विद्यालय में उन्हें पुनः नियोजित करने का प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया' प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्यों ने कहा की जिला शिक्षा अधीक्षक ने लोगों को आश्वत किया कि मुझे दस दिनों का समय दीजिये रामगढ़ उपायुक्त से मिल कर पहल करने की कोशिश की जायेगी। इस प्रतिनिधि मंडल मे मुख्य रूप से रवि महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, लालू प्रसाद, लीलावती महतो, गुडी देवी, रूपा महतो, देवा नंद महतो, प्रीति कुमारी, बिनोद महतो, छटू महतो, देवेंद्र महतो, रंजन कुमार, प्रेम कुमार के अलावा दर्जनों लोग शामिल थे।

### बरकंगांगो स्थित मंदिर में लगी जलमिनार गिरी बाल-बाल बचे भक्त जन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरकनगांगो के शिव मंदिर परिसर में जलमीनार गिरने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बड़ा हादसा टल गया।ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व भक्तों ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जलमिनार से जल लिया। जल लेने के कुछ ही देर के बाद अचानक ढह गई।लोगों ने बताया कि भगवान का लाख लाख शुक्र है जो हम लोग बच गए।वहीं मुख्यमंत्री जल नल योजना से निर्मित जलमिनार का पानी टंकी और सोलर पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई। घटना रविवार दोपहर की है। पानी टंकी गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों उक्त स्थल पर जमा हो गए। उपस्थित लोगों ने बताया कि ध्वस्त पानी टंकी देखकर जाहिर होता है कार्य में घोर अनियमितता व घटिया तरीके से निर्माण की गई है जिसके कारण पानी टंकी गिर कर ध्वस्त हो गया। पानी टंकी गिर जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला। वही इस संबध में सोशल मीडिया पर लोग कार्रवाई तथा जांच के लिए तरह तरह की कमेंट कर रहे है। वहीं स्थानीय ग्रामीण फौजी दिलीप सिंह ने कहा भ्रष्ट अधिकारी व जनप्रतिनिधि पर जांच कर कार्रवाई उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। बताया कि स्पष्ट है सरकार की राशि की बंदर बांट की जा रही है। अब यह देखना है की क्या इस कार्रवाई होती है या संबंधित अधिकारी मौन धारण करेंगे।

### पंचफेड़ी चौक में पूर्व विधायक ने कोल्ड ड्रिंक्स फैक्ट्री का किया शुभारंभ



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचफेड़ी चौक में मेदेव खाद्य एवं बेवरेजेज नामक कोल्ड ड्रिंक्स फैक्ट्री का शुभारंभ हुआ।वहीं मुख्य अतिथि बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर फैक्ट्री का उदघाटन किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, प्रतिष्ठान संचालक हेमंत कुमार, उमेश कुमार, मनोहर चौधरी मौजूद थे। फैक्ट्री गंगपाचो चौक स्थित जयश्री प्रसाद के मकान में संचालित किया गया। पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि बरकट्ठा में इस प्रकार का यह पहला प्रतिष्ठान खोला गया है ,जिसके खुलने से प्रखंड क्षेत्र के दुकानदारों को अच्छी क्वॉलिटी की कोल ड्रिंक्स मिल सकेगी। संचालक हेमंत कुमार ने बताया की फैक्ट्री में लेमन, जीरा, एपल, ऑरेंज, मैंगो, कोला फ्लेवर का कोल ड्रिंक्स तैयार किया जाएगा। कहा की हमारे यहां पर सभी प्रकार के कोल ड्रिंक्स की रेंज दुकानदारों को उचित मूल्य उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर संतोष कुमार मंडल, इन्द्रदेव प्रसाद, किशोरी चौधरी, मनु मंडल, जयश्री प्रसाद, प्रकाश कुमार चौधरी, बबुन चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### समाजसेवी किशोरी राणा ने लगाया भाजपा पर विश्वकर्मा समाज की अनदेखी का आरोप



**हजारीबाग।** नवझारखंड फाउंडेशन के संस्थापक सह समाजसेवी किशोरी राणा ने विश्वकर्मा समाज की राजनितिक भागीदारी को नजरअंदाज करने का आरोप भाजपा पर लगाया है।उन्होंने कहा कि हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने झारखण्ड भाजपा इकाई के विभिन्न पदाधिकारियों की सूची जारी की थी लेकिन उस सूची में झारखण्ड के किसी भी जिले में विश्वकर्मा समाज से किसी को भी कोई पद नहीं दिया गया है, जो कि समाज की अनदेखी की ओर इशारा करता है। बकौल किशोरी राणा झारखंड में विश्वकर्मा समाज के लगभग 25 से 30 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है। मैं इस बात से बड़ा अचरज में हूं कि चुनाव के मद्देनजर देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा अभी हाल के दिनों में अपने हर जिलों में अध्यक्ष उपाध्यक्ष और प्रभारी की नियुक्ति की है पर इनमें से एक भी विश्वकर्मा समाज के ना अध्यक्ष चुने गए और ना ही प्रभारी चुने गए, यह बड़े ताज्जुब की बात है कि इतनी बड़ी पार्टी कैसे एक समाज को दरकिनार कर सकती है।

---

**पीडीएनयू फाउंडेशन ने मरीज को कराया रक्त उपलब्ध**

# रक्तदान करना सबसे बड़ा मानवीय धर्म : अजीत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
गैर सरकारी संगठन परसुइंग डेवलपमेंट फॉर नेशनल यूनिट पीडीएनयू फाउंडेशन जो कि पूरे प्रदेश में अपने कार्यों के लिए जाना जाता है उसी क्रम में सोमवार को हजारीबाग शहर अंतर्गत सिंदूर निवासी 60 वर्षीय राम कृष्ण प्रसाद को हिमोग्लोबिन के कमी के कारण रक्त की कमी होने पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के चिकित्सकों ने परिजन को रक्त एकत्रित करने का निर्देश दिया चूंकि परिजनों के द्वारा पूर्व के दिनों में भी रक्त उपलब्ध कराने के क्रम में स्वयं रक्तदान कर चुके थे जिस कारण उन्हें संबंधित रक्त के लिए कोई रक्तदाता न मिलने पर उन्होंने पीडीएनयू फाउंडेशन हजारीबाग जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी से संपर्क किया। जिसके बाद अजीत चंद्रवंशी रक्त की खोजबीन में जुट गए उसी क्रम में हजारीबाग शहर के कुम्हार टोली निवासी शीतल कुमार उर्फ मोनू वर्मा से रक्तदान करने की अपील की, जिसके बाद मोनू वर्मा तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर मानवता के प्रति एक मिसाल पेश किया। पीडीएनयू फाउंडेशन के द्वारा रक्तदाता मोनू वर्मा के जज्बे को सलाम किया गया, वहीं जिलाध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने कहा कि पीडीएनयू फाउंडेशन लगातार लोगों के सेवा के लिए समर्पित है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा मानवीय धर्म है इससे बढ़कर कोई मानवता नहीं। पिछले दिनों ही पांकी पलामू में एक भव्य रोजगार मेला सह युवा महोत्सव का आयोजन किया था जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटे थे। फाउंडेशन के संस्थापक अक्षय कुमार के नेतृत्व में लगातार पीडीएनयू फाउंडेशन आम जनों की सेवा में समर्पित है।

---

**राज्यस्तरीय जूनियर गतका में श्रीदस स्कूल बना चैंपियन ऑफ द चैंप्स**

# विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
हाल ही में बरही में संपन्न हुए राज्यस्तरीय तीसरे जूनियर गतका प्रतियोगिता में श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने 31 मेडल प्राप्त कर चैंपियंस ऑफ चैंप्स का खिताब जीता है. इस सम्मान के लिए विद्यालय प्रबंधन ने अपने खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया. सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया. प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-10 और अंडर-12 श्रेणी विद्यालय के खिलाड़ियों ने अविश्वसनीय प्रदर्शन किया. जिसमे 10 गोल्ड , 11 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज लाकर चैंपियंस ऑफ द चैंप्स से नवाजा गया. प्राचार्य ने बताया कि शिक्षा के साथ प्रत्येक क्षेत्र में विद्यार्थियों को अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रयासरत है. जिसके सकारात्मक परिणाम भी मिले है. स्पोर्ट्स के लिए तो उनके विद्यालय में सुमित कुमार और हर्ष कुमार जैसे उच्च प्रशिक्षित कोच है. उन्होंने दोनो की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया. अंत में जीत की बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दिया. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका मौजूद सहित विद्यार्थी थे.

---

**कैंसर जागरूकता अभियान को लेकर डीएस ने की बैठक**

# 4 से 10 फरवरी तक चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान : डीएस



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने विशेष कैंसर जागरूकता अभियान चलाया है. इसे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सको, स्वास्थ्यकर्मियों और सहिया के साथ एक विशेष बैठक किया. कैंसर के लक्षण, प्रकार और उसके बचाव संबंधित महत्पूर्ण जानकारियां दी. उपस्थित लोगो को कैंसर रोगियों के पहचान होने पर तत्काल अस्पताल लाने की बात कही. उन्होंने मुंह कैंसर, ब्लड कैंसर, सर्वाइकल कैंसर इत्यादि के लक्षणों को बताते हुए उससे बचने के तरीके बताए. गैनिकोलॉज डॉ नीलम कलौंदिया ने ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दिया. बैठक में डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अमन कुमार, डॉ अंकुर कुमार, बीटीटी रीमा पांडेय, मंजू देवी, एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार, बिजेंद्र कुमार, सहिया साथी निशी कुमारी, विद्या देवी, सहिया प्रीति सिन्हा, शाहजहां बेगम आदि सहित अस्पताल के कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

---

**आईआईएम रांची ने आयोजित किया अंतर-विवि बैडमिंटन टूर्नामेंट**

# राधा गोविंद विवि की टीम बनी विजेता



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
आईआईएम रांची ने एक अंतर-विश्वविद्यालय खेल और खेल टूर्नामेंट का आयोजन किया, जिसमें राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों ने बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। टूर्नामेंट में शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थी मनीषा रानी तिर्की,विनय महतो एवं सत्यम सिंह जैसे खिलाड़ी ने अपने कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया। इन छात्रों को तैयार करने में शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ. अमन वर्मा और कोच टीम के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत से राधा गोविंद विश्वविद्यालय की टीम ने उच्चतम कौशल और ऐक्य भावना की ऊँचाइयों को छूने में सफलता हासिल की है, जो आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत होगी। छात्रों के जीत के खुशी पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी. एन. साह, शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार, शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याताओं ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।

---

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल ने रामगढ़ का किया भ्रमण**

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उद्देश्य देश में भाईचारा को बढ़ावा देना : राहुल गंधी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। सोमवार को वे रामगढ़ स्थित सिद्धू कान्हू जिला मैदान से खुली जीप पर सवार होकर निकले। इस दौरान वे गांधी चौक पहुंचे। वहां गांधी जी की प्रतिमा को नमन किया और उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगे बढ़ी। जहां से वे एक खुली जीप पर सवार होकर समर्थकों की भीड़ के साथ आगे बढ़ते चल रहे थे। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। लोगों की भीड़ से उत्साहित कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा की बीजेपी-आरएसएस द्वारा देश में नफरत का माहौल खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है। कहा की इस यात्रा द्वारा हम लोगों को संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं की जो नफरत का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उसे कांग्रेस पार्टी दूर कर देश में भाईचारे का माहौल बनाने में लगी है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा की किसान, मजदूर और युवा बेरोजगारों का हक और अधिकार छीनकर पूंजीपतियों को देने में लगी है। कहा की केंद्र सरकार की नोटबंदी और जीएसटी ने छोटे व्यवसायियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कहा की इस न्याय यात्रा द्वारा हम लोगों को केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों की जानकारी दे रहे हैं। ताकि उन्हें मालूम हो की केंद्र सरकार किस तरह उनके साथ अन्याय कर रही है। कहा की कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा किया है और करती रहेगी।

**बड़ी संख्या में जुटे लोग :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को रामगढ़ में निकली। इस मौके पर कांग्रेस नेता एक खुली जीप में सवार थे। इस दौरान राहुल गांधी को देखने और उनका भाषण सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़क पर निकल पड़े।

**साइकिल से कोयला ले जानेवालों की जानी परेशानी :** चुटूपालू से गुजरने के दौरान राहुल गांधी की नजर साइकिल में कोयला ले जा रहे युवकों पर पड़ी। तब राहुल गांधी ने कोयला ले जा रहे युवकों से बातचीत की। राहुल ने कहा की 200 किलो कोयला लेकर चलने वाले इन युवकों की कमाई बहुत कम है। इससे इनके परिवार का गुजारा संभव नही है।

---

# प्रवि तुरी टोला के बच्चे जर्जर भवन में पढ़ने को हैं मजबूर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
करसो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिला तुरी टोला का भवन जर्जर अवस्था में है. जहां के छत भी झड़ना प्रारंभ कर दिया है. फर्श तो निर्माण काल से ही बना नही है. जिसे किसी प्रकार संवेदक ने खानापूर्ति करते हुए पैसे की बंदरबाट कर लिया. जिसका खामियाजा आज विद्यालय के बच्चो को भुगतना पड़ रहा है. विद्यालय प्रभारी कृष्णदेव तुरी ने बताया कि साढ़े तीन लाख की लागत से विद्यालय का नया भवन बना है. परंतु वन विभाग क्षेत्र में निर्माण हो जाने के करना प्राथमिकी के चक्कर में फंसा हुआ है. उन्होंने बताया की कारण बन्द पड़ा है. इस संबंध में बतौर संवेदक उनके ऊपर एफआईआर दर्ज करवाई गई. उन्हें कोर्ट से बेल भी लेना पड़ा और आज तक मामला क्लियर नही हुआ है. अधिकारी भी उदासीन है. उन्होंने बताया कि विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण हर दिन विद्यार्थियों सहित शिक्षको को गंदगी का सामना करना पड़ता है.

## एक नजर

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर झामुमो ने की बैठक



**सिमडेगा।** सोमवार को परिषदन भवन सिमडेगा में झामुमो सिमडेगा की एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने किया। बैठक का संचालन जिला सचिव सफीक खान ने किया। बैठक में राहुल गाँधी के सिमडेगा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगमन को लेकर तैयारी के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया।बैठक में कहा गया कि उक्त कार्यक्रम में झामुमो के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शामिल होना है। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, संगठन सचिव बिपिन कुल्लू, सयुक्त सचिव सिकंदर बरवा,केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना, नगर अध्यक्ष संजय तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष सिमडेगा सुमन मिंज, बसंत समद,विकास कंडुलना, मो इरशाद एवं संयोजक मण्डली सदस्य बानो मो तणबीर आदि उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में बच्चों ने हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम द्वारा लोगों को जागरूक किया। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इस भावना को प्रदर्शित करते हुए अनुष्का, समृद्धि, लक्ष्मी ,आयुषी,नायसा, अनन्या ने नृत्य प्रस्तुत कर सबको शारीरिक,मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। आज की भागदौड़ की जिंदगी में हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही दिखा रहा है। यह सभी के लिए बेहद चिंता का विषय बना हुआ है। इसे प्रदर्शित करते हुए आरोही गुप्ता, निष्ठा गुप्ता, अमरनाथ पांडेय,उपांशु ,मनस्वी,सक्षम मोदी, ऋषभस्वर्णिम कुमार,प्रत्यूषा, इकरा फातिमा,स्नेहा, ऋषिका राज, उत्कर्ष ,शालिनी पांडेय, प्रिया, आराध्या, दिव्या, अनुष्का सिंह, तसु सोनकर, अंकिता, स्वर्ण आदित्य, हेमराज, तन्मय, मानव ने सुंदर पेंटिंग कर लोगों को जागरूक किया।

### प्रेरणा शाखा ने शहर में चलाया जागरुकता अभियान

**कोडरमा/ झुमरी तिलैया ।** कैंसर से बचाव को लेकर जागरुकता फैलाने मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने रविवार को पोस्टर के जरिए अड्डी बंगला स्थित एडुयकेयर कोचिंग क्लासेस में बच्चों के बीच अभियान चलाया गया। साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों रेलवे स्टेशन, काली मंदिर से लेकर अड्डी बांग्ला तक पोस्टर को चिपका कर और वितरित कर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस संबंध में कोचिंग संचालिका रश्मि लड्डा ने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में आधुनिकता और नए-नए तकनीकी विकास के कारण कैंसर जैसी बीमारी अब लाइलाज नहीं रहा।

---

**पेरिस स्तरीय मंडल सदस्यों की बैठक संपन्न**

# समाज के लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजें : जिप अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पाकरटांड़ प्रखंड के क्रुसकेला के जामपानी गांव में एनडब्लयू चर्च फरसाबेड़ा पेरिस का पेरिस स्तरीय मंडली सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में पेरिस अंतगर्त सभी 12 मंडली के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में गांव में एक चर्च बनवाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। उन्होंने समाज के सभी लोगों को संगठित होने की अपील की। जोसिमा खाखा ने कहा कि आज भी समाज के पिछड़ेपन का कारण अशिक्षा एवं नशापान है। इसे हम सभी को मिलकर मिटाना होगा। समाज के एक एक सदस्यों को इसे मिटाने के लिए मुहिम चलाने की जरुरत है। उन्होंने कहा किआसपास के सभी बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें। भटक चुके युवाओं को एवं बच्चों को मुख्यधारा से जोडें। जोसिमा ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए राज्य सरकार कई योजनाएं धरातल में उतारा है। लेकिन जानकारी के आभाव में आज भी समाज के लोग योजना का लाभ लेने से वंचित हैं। समाज के लोग सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढें।

---

**भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक आयोजित**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर बढ़ा रहा है कदम : बड़ाईक




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी के अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय मोर्चे की बैठक आहूत की गयी। बैठक में झारखंड प्रदेश से पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधायक सह मंत्री बिमला प्रधान, मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भोगन सोरेंग, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, संगठन जिला प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहन बड़ाईक, महामंत्री राकेश प्रधान, श्रद्धानंद बेसरा, सुजान मुंडा नगर अध्यक्ष उत्तम केरकेट्टा सहित कई जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। मोर्चे के जिला संगठन प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहन बड़ाईक के द्वारा स्वागत भाषण के साथ बैठक की शुरूआत हुई। जिसमें श्री बड़ाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकसित हो रहा है और भारत एक विकसित देश बनने की राह पर निकल पड़ा है। आज उनके नेतृत्व में हम जनजातीय को जो सम्मान मिला है समस्त जनजाति समाज गौरवान्वित। देश के सर्वोच्च पद पर आज जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू महामहिम बनकर राष्ट्र को सेवा दे रहीं हैं। मोदी सरकार ने अपने कैबिनेट में जनजाति समाज के आठ सांसदों को केन्द्रीय मंत्री का दायित्व, बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस का नाम आदि कई ऐसे कार्य किए हैं जो समस्त जनजाति समाज को गौरवान्वित करता है। इन्हीं महत्वपूर्ण योजनाओं को ग्राम चौपाल का आयोजन कर हर गांव के ग्रामीणों को यह संदेश देना है और योजनाओं से वंचित लोगों को भी जोड़ने का कार्य भी की जायगी।

---

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीसी एवं एसपी ने बानो प्रखंड का किया दौरा



**सिमडेगा।** सोमवार को उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने बानो प्रखण्ड का भ्रमण किया।आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में पोलिंग पार्टी को वोटिंग के दौरान आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध सुनिश्चित कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बानो प्रखण्ड अंतर्गत डुमरिया, तेनेंदा, कोनाप (डुमरिया पंचायत) नवांगांव (बड़काडूईल पंचायत) कलस्टर प्वाइंट डुमरिया और केबेटांग (बिंतुका पंचायत) बूथ का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने तेनेंदा एवं कोनाप बूथ में पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मो० नईम उद्दीन अंसारी को पानी की सुविधा बहाल कराने का निर्देश दिया साथ ही विभिन्न बूथों एवं कलस्टर प्वाइंट पर शौचालय टूटा-फूटा पाया गया, जिसे भी ससमय मराम्मती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मौके पर बानो, थाना प्रभारी श्री रंजीत महतो एवं अन्य उपस्थित थे।

### समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं का लक्ष्य तय किया गया



**सिमडेगा।** सोमवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान विभिन्न मुख्य बिन्दु पर समीक्षा किया गया।बैठक में मुख्यतः वी.एच.एस.एन.डी. से संबंधित, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि,प्रधानमंत्री मातृवंदना, पूरक पोषाहार, पोषण अभियान कार्यक्रम, एल0पी0जी0 गैस कनेक्शन की स्थिति, गर्म पोशाक वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण एवं समर अभियान से संबंधित समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। समीक्षा के दौरान खराब प्रदर्शन करने वाले परियोजना को एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य रूप से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना में 10 दिनों के अन्दर लक्ष्य के अनुरूप कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

### सड़क दुर्घटना में जीजा-साला घायल, प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर



**बानो।** प्रखण्ड के सोय में मोटरसाइकिल से गिर कर जीजा एवं साला घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोय निवासी जकरियास जोजो अपने जीजा फुलजेम्स जोजो ग्राम कुटुंगिया निवासी के साथ बानो से घर सोय जा रहे थे तभी घर पहुचने से पहले मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ जाने के कारण गिर पड़े । नशे के कारण गाड़ी सम्भाल नही पाया और दोनों मुंह के बल गिर पड़े।जानकारी मिलने पर बानो थाना एस आई शंकर बाखला जो गश्ती पर निकले थे तुरन्त घटना स्थल पर जाकर दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो भेजवाया। दोनो घायलों का प्राथमिक उपचार कर सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि जकरियास जोजो को सिर, चेहरा व हाथों में चोट लगीं। जीजा फुलजेम्स को चेहरा में चोट लगी है। सिर में चोट लगने के कारण बेहतर इलाज के लिये सिमडेगा रेफर कर दिया गया है।

### गांव चलो अभियान व शक्ति वंदन के निमित्त केरसई मंडल में हुई बैठक




**केरसई।** भारतीय जनता पार्टी केरसई मंडल की बैठक नगर भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान और शक्ति वंदन कार्यक्रम बूथ स्तर तक पहुंचना है। जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने शक्ति वंदन कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक कार्यकताओं को जानकारी दी और उसे बूथ स्तर तक अनुपालन करने का आग्रह किया।बासेन मुखिया सह मंडल मंत्री सत्या देवी ने केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को महिलाओं के बीच पहुंचाने का आह्वान किया। सिमडेगा विधानसभा विस्तारक शशि दास ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाएं ,आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना सुनिश्चित है। बैठक को पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य नारायण प्रसाद ने भी संबोधित किया, मौके पर जिला मीडिया प्रभारी सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता गांव चलो अभियान के संयोजक रामविलास राणा एवं दिनेश प्रसाद, शक्ति वंदन कार्यक्रम की मंडल टोली भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार व कैलास मेहर मंत्री सुधीर मांझी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेंट टेरेसा इंग्लिश स्कूल ने क्रिकेट का फाइनल मैच जीता

**कोडरमा/ सतगावां।** प्रखंड के अर्धनिर्मित स्टेडियम में रविवार को सेंट टेरेसा इंग्लिश स्कूल बासोडीह ने बिहार राज्य के फतेहपुर स्थित सेंट टेरेसा ब्रांच को शिकस्त दिया। इसमें पहले खेलते हुए बासोडीह की टीम ने 108 रन बनाया। जबकि फतेहपुर की टीम मात्र 64 रन बनाकर ढेर हो गई। इस तरह 44 रनों से बासोडीह की टीम ने जीत दर्ज कियां। बासोडीह टीम के सत्यम कुमार मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजे गए। जबकि प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम और उप विजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। शुरूआत समाजसेवी प्रणव मुरारी के मैदान में खिलाड़ियों से परिचय से हुई। मौके पर समाजसेवी सुधीर सिंह, प्रणव मुरारी,सेंट टेरेसा इंग्लिश स्कूल बासोडीह के डायरेक्टर निशांथ केएन,फतेहपुर ब्रांच के डायरेक्टर एंटोनी सीवी,अविनाश कुमार,विक्रम कुमार आदि मौजूद थे।

---

**जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में पुस्तक मेले का हुआ आयोजन**

# देश भर के 28 बड़े प्रकाशकों ने लगाए अपने स्टॉल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा विभाग के द्वारा सिमडेगा पुस्तक मेला -2024 का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,(डायट) सिमडेगा के परिसर में किया। पुस्तक मेले के साथ इसमें किताबी चौपाल के नाम से एक साहित्यकार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। यह अपनी तरह से अनूठी पहल थी। इस पुस्तक मेले में देश भर के 28 बड़े प्रकाशकों ने अपनी स्टॉल लगाए थे, इनमें से प्रमुख थे एस .चांद प्रकाशन, नेशनल बुक ट्रस्ट, क्राउन प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन, सस्ता पुस्तक मंडल प्रकाशन, प्रभात प्रकाशन आदि। कुल 42 स्टाल लगाए गए थे। इस मेले में हजारों छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। पुस्तक मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि- उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार ने संयुक्त रूप से किया।स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार के द्वारा दिया गया।जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, लेखकों, पत्रकारों, शिक्षकों एवं छात्रों का स्वागत किया। उनके द्वारा किताबों की महत्ता पर विशेष जोर दिया गया। मेले सह गोष्ठी का विषय प्रवेश अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह प्राचार्य डाइट सिमडेगा बादल राज के द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने मेले की पृष्ठभूमि ,महत्ता, उपयोगिता, परिचर्चा में भाग लेने वाले साहित्यकारों का परिचय, संस्थागत पुस्तकों के क्रय आदि के बारे में बात की। उन्होंने कहा डिजिटल दुनिया से निकलकर पुस्तकों की ओर लौटना होगा तभी शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का समावेशी हो सकेगा।

---

# धूमधाम से मनाया गया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता।** सिमडेगासोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में धूमधाम से स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रमेश गोयल एवं विशिष्ट अतिथि श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में स्थित चारों दल यथा छत्रपति शिवाजी दल, भरत दल, एकलव्य दल और आरूणि दल के छात्र छात्राओं ने परेड तथा योग प्रदर्शन कर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया ।कार्यक्रम का स्वागत भाषण संकुल प्रमुख संतोष दास ने किया इस दौरान मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के द्वारा विद्यालय ध्वज फहराया गया तथा मशाल प्रज्वलित कर परेड का निरीक्षण किया गया वही कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने सुंदर-सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर किया । विद्यालय के चारों दल द्वारा निर्मित तंबू का निरीक्षण कर उन्हें अंक प्रदान किया गया। मौके पर विभिन्न तरह के हुए खेलकूद तथा अन्य प्रतियोगिताओं के आधार पर सभी दलों को अंक प्रदान किया गया । कुल अंकों के आधार पर 855 अंक लाकर छत्रपति शिवाजी दल प्रथम स्थान पर रहा ,775 एकलव्य दल 670 आरूणि दल तथा भरत दल 635 अंक चतुर्थ स्थान पर रहा।

---

# स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से वनभोज का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** सोमवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़काडुईल में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। मौके पर सभी बच्चे अपने फैंसी ड्रेस में विद्यालय आए थे ।वनभोज कार्यक्रम में बच्चो की उपस्थिति अन्य दिनों से अधिक थी। यह कार्यक्रम बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए किया गया था। मौके पर बच्चों ने नृत्य गायन प्रतियोगिता भी किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य केदारनाथ सिंह ने कहा की बच्चों को पढ़ाई का अवसर मिलना चाहिए ।साथ ही साथ उन्हें विभिन्न कलाओं से परिचय प्राप्त कर रुचि के अनुसार किसी भी कला में निपुण होना चाहिए ताकि वह आने वाले समय में अपने को अपने को मजबूत बना सकें ।इस बनभोज कार्यक्रम में शशिकांत देवी, द्रोपदी कुमारी ,जिरेन बरजो अशोक सिंह एवं कजमील हारो के अलावा अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री सुशील बागे एवं समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

---

**मंदिर उदघाट्न के मौके पर तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न**

# महिला व पुरुष ने निकाली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखण्ड के लेटाबेड़ा गांव में भगवान शिव एवं बजरंग बली मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन दनगदी से कलश यात्रा निकाली गई । जिसमें भारी संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए । दूसरे दिन नाम यज्ञ अखण्ड हरि कीर्तन शुरू किया गया। इसके बाद भगवान शिव मन्दिर में शिवलिंग की स्थापना की गई। साथ ही बजरंगबली मन्दिर में हनुमानजी का विशाल मूर्ति स्थापित कर विधिवत पूजन किया गया । इसके बाद नामयज्ञ प्रारंभ, जलाभिषेक, फलाभिषेक, अन्नाभिषेक, मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा, कुम्भ भराई, संध्या में महाआरती, सन्त सम्मेलन, प्रवचन एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिदिन सुबह -शाम हवन- पूजन, आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अन्तिम दिन नगर भ्रमण के साथ अखण्ड कीर्तन की समाप्ति की गई। इस मौके पर दधि भञ्जन भी किया गया। इसके बाद महा भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रारम्भ से सभी कार्यक्रम बाबा उमाकांत महाराज के अगुवाई में सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर स्वामी शिवानंद सरस्वती कोचिंडा संबलपुर, स्वामी वेदानंद शास्त्री, तुलाराम चैतन्य जी महाराज, पण्डित अजय कुमार झा द्वारा पूजन एवं धार्मिक प्रवचन भी किया गया। वहीं प. परमेश्वर पंडा, सहयोगी पंडित त्रिलोचन दास, पारसमणि दास, गंगा दास एवं अन्य लोगों द्वारा यज्ञ मण्डप एवं मन्दिर में धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न कराने में सहयोग किए।यजमान के रूप में सेवक प्रधान एवं पूरण प्रधान धर्म पत्नी सहित पूजन में उपस्थित थे। नाम यज्ञ में लेटाबेड़ा, कछुपानी, सुगाडोंगर, रेंगारी देवबहाल, मालसाडा, आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया है । इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हीरालाल प्रधान, केशरी सिंह, ललन सिंह, जहुरण सिंह, चंद्रदेव सेनापति एवं अन्य लोग का योगदान सराहनीय रहा ।

---

**सड़क दुर्घटना में घायल छात्राओं से मिली जिप सदस्य जोसिमा खाखा**

# हर संभव मदद करने का दिया भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिप सदस्य जोसिमा खाखा रविवार की देर रात सदर अस्पताल पहुंच सड़क दुर्घटना में घायल दो छात्राओं का हाल चाल जाना। घायल छात्रा खुशबू बरवा एवं दिब्या सोरेंग है। दोनों रविवार को बंदीपहाड़ तीर्थ स्थल में शामिल कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रही थीं। इसी क्रम में दोनों सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। घायल छात्राओं में खुशबू बरवा इंटर की परीक्षा में शामिल होने वाली है। उनका एक हाथ फैक्चर हो गया है। मौके पर जोसिमा खाखा ने अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दोनों का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। वहीं जोसिमा ने आगे भी दोनों छात्राओं के इलाज में हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। जोसिमा के साथ लखन प्रसाद, शशि गुड़िया, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा भी उपस्थित थे। इधर विजी फा इग्नासीयूस टेटे ने भी अस्पताल पहुंच घायल दोनों छात्राओं का हाल चाल जाना।

**एनएसयूआई कार्यकर्ता के पिताजी के निधन पर जिप सदस्य ने परिजनों को बंधाया ढांढ़स :** इधर शहरी क्षेत्र के डिप्टीटोली निवासी एनएसयूआई के कार्यकर्ता अतुल तिर्की के पिताजी लालमनी तिर्की का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन के खबर की सूचना मिलते ही जिप सदस्य जोसिमा खाखा घर पहुंची। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने दिवंगत के पार्थिव शरीर पर कफन ओढ़ाते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। वहीं इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। मौके पर अधिवक्ता अरुण अनमेश तिर्की, लीला नाग, अलमा आदि ने भी दिवंगत के परिजनों का ढांढ़स बंधाया।

---

### डीएवी स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में बच्चों ने हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम द्वारा लोगों को जागरूक किया। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इस भावना को प्रदर्शित करते हुए अनुष्का, समृद्धि, लक्ष्मी, आयुषी, नायसा, अनन्या ने नृत्य प्रस्तुत कर सबको शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। आज की भागदौड़ की जिंदगी में हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही दिखा रहा है। यह सभी के लिए बेहद चिंता का विषय बना हुआ है। इसे प्रदर्शित करते हुए आरोही गुप्ता, निष्ठा गुप्ता, अमरनाथ पांडेय,उपांशु, मनस्वी, सक्षम मोदी, ऋषभस्वर्णिम कुमार, प्रत्यूषा, इकरा फातिमा, स्नेहा, ऋषिका राज, उत्कर्ष, शालिनी पांडेय, प्रिया, आराध्या, दिव्या, अनुष्का सिंह, तसु सोनकर, अंकिता, स्वर्ण आदित्य, हेमराज, तन्मय, मानव ने सुंदर पेंटिंग कर लोगों को जागरूक किया।

---

**एनोस एक्का ने मेरोमडेगा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

# आने वाला समय झारखंड पार्टी का हर समस्याओं का होगा समाधान



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** सोमवार को पूर्व मंत्री सह झारखण्ड पार्टी केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेरोमडेगा गांव पहुंचे जहां ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि रोज दिन सुबह होते ही सिमडेगा जिला के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहा हूं, सभी जगहों पर ग्रामीणों के द्वारा पेयजल, बिजली के अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं का योग्य लाभुक को लाभ नहीं मिलने की शिकायत मिल रही है।श्री एक्का ने कहा कि आज क्षेत्र के विधायक को गांव के गरीब जनता की जो मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहिए वह नहीं करा पा रहे हैं जिसके कारण आम जनता परेशान हैं।उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय पार्टी सिर्फ जाति धर्म के नाम पर लड़ाने और राजनीति कर रहे हैं अब ऐसे जनप्रतिनिधियों से सचेत होने की जरूरत है और आने वाला विधानसभा चुनाव में फिर झारखण्ड पार्टी को समर्थन देने का काम करें ताकि आपकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।इस मौके उपस्थित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने आने वाले विधानसभा चुनाव में तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

# मंदिर या मोहब्बत की दुकान किसकी चलेगी ?

***राजनीति*** और चुनाव में टाइमिंग और पहली चाल का बहुत बड़ा महत्व है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टाइमिंग के खेल में महारत हासिल है। चुनावों के समय कौन सा मुद्दा उठाना है और कौन सा छोड़ना है? इसे वो वर्तमान के किसी भी अन्य राजनेता से अधिक जानते हैं। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदी पट्टी में उन्होंने एक और मास्टरस्ट्रोक चल दिया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, जिन्हें पिछड़ों का जनक कहा जाता है, को उनकी जन्म शताब्दी पर भारत रत्न देकर नरेंद्र मोदी ने हिंदी पट्टी के पिछड़ों और अति पिछड़ों को साध लिया है। कहते हैं, संसद का रास्ता उत्तर प्रदेश और बिहार से होकर गुजरता है। दोनों ही राज्यों में पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी गणित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न लेकर नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सबको चौंकाया है। बिहार की राजनीति में सक्रिय राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यू) ने शायद यह कल्पना नहीं की थी कि नरेंद्र मोदी उनसे कपूर्री ठाकुर की विरासत इस तरह छीन लेंगे। दरअसल, बिहार भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है और यहां नीतीश कुमार कुछ-कुछ सालों में पाला बदलने का खेल खेलते रहते हैं। नरेंद्र मोदी की कोशिश यही है कि बिहार की राजनीति से नीतीश कुमार को अप्रासंगिक कर दिया जाए। वर्ष 2014 से इसके प्रयास भी वो लगातार करते आ रहे हैं।बिहार से लोकसभा की 40 सीटें हैं। वर्ष 2014 में जनता दल (यू), राजद और भाजपा, तीनों अलग-अलग चुनावी मैदान में उतरे थे। भाजपा के साथ रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी और उपेंद्र कुशवाह की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी जैसे छोटे दल थे। चुनाव में भाजपा ने सहयोगियों के साथ 40 में से 31 सीटों पर विजय हासिल की थी। जनता दल (यू) को दो और राजद को चार सीटें ही मिली थीं।इसके बाद नीतीश कुमार भाजपा के साथ आ गए थे। वर्ष 2019 में उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए बिहार में चुनाव लड़ा और लोकसभा की 16 सीटों पर विजय हासिल की। दोनों दलों के गठबंधन में राजद का सुपड़ा-साफ हो गया था और वो लोकसभा चुनाव में खाता भी नहीं खोल पाया था। हालांकि, किसके बाद नीतीश कुमार एक बार पलटी मार कर राजद के साथ जा चुके थे । इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में लग रहा था कि राजद और जनता दल (यू) साथ मिलकर बिहार में चुनाव लड़ेंगे। दोनों का गठबंधन भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने से इन दोनों पार्टियों का एक बड़ा वोट शेयर भाजपा की तरफ आ सकता है, यह अब साफ-साफ दिख रहा है।बिहार में पिछड़ों की राजनीति को लेकर पहले ही भाजपा और विपक्षी दलों में राजनीति तेज हो गई है।

**अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदी पट्टी में उन्होंने एक और मास्टरस्ट्रोक चल दिया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, जिन्हें पिछड़ों का जनक कहा जाता है, को उनकी जन्म शताब्दी पर भारत रत्न देकर नरेंद्र मोदी ने हिंदी पट्टी के पिछड़ों और अति पिछड़ों को साध लिया है। कहते हैं, संसद का रास्ता उत्तर प्रदेश और बिहार से होकर गुजरता है। दोनों ही राज्यों में पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी गणित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न लेकर नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सबको चौंकाया है। बिहार की राजनीति में सक्रिय राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यू) ने शायद यह कल्पना नहीं की थी कि नरेंद्र मोदी उनसे कपूर्री ठाकुर की विरासत इस तरह छीन लेंगे।**

इन दिनों

# आस का प्रयास दिव्यांगों के जीवन में एक उजाला है


ललित गर्ग

***सुखी*** परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित गर्ग ने कहा कि आस का प्रयास आगे आने वाले समय में दिव्यांगो, मूक-बधिरों व बेसहारा लोगों की सेवा करने में मील का पत्थर साबित होगा और यही नया भारत, सशक्त भारत का आधार बनेगा। श्री गर्ग राजधानी दिल्ली के आईटीओ स्थित हिन्दी भवन में एक गैर लाभकारी संस्था 'आस-एन एसोसिएशन फॉर सोशल वैलफेयर' के प्रयास द्वारा दिव्यांग, नेत्रहीन, मूक एवं बधिर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जीवन उपयोगी वस्तुओं के वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। समारोह के मुख्य अतिथि माता जयकौर पब्लिक स्कूल के चेयरपर्सन सुरजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि नीरज गुप्ता, पराग जैन थे। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर के परवरिश स्पेशल स्कूल-झिलमिल कालोनी, स्पर्श स्कूल-गाजियाबाद, अद्वितीय रिहैबिलिटेशन एंड लर्निंग सेंटर, सेक्टर-2, रोहिणी, प्रमिलाबाई चव्हाण बधिर विद्यालय-कड़कड़डूमा सहित कुल 9 मूक-बधिर बच्चों के स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। श्री गर्ग ने आगे कहा कि दिव्यांग और साधनहीन भी किसी से कम नहीं होते, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए थोड़े से सहयोग एवं समतामूलक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। ऐसे बच्चों के साथ सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना ही 'आस' का प्रयास है। जुनून, हौसला और अनुभव मिलकर ही निर्बल और दिव्यांग बच्चो के बहुमुखी विकास को आकार दिया जा सकता है। मुरझाये चेहरों पर मुस्कान लाने का आस एक अनुष्ठान है, उनके अभाव एवं अपंगताओं को अभिशाप न बनने देने का एक महायज्ञ है। मंच का संचालन अरविन्द शर्मा 'विजय' ने कुशलता के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत दिव्यांग बच्चों द्वारा गणेश वंदना से हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की। आस की अध्यक्षा ललिता गुप्ता ने कहा कि नेत्रहीन, शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के उपयोग में आने वाली वस्तुएं प्रदान कर सहायता की गई, जिसमें स्वेटर, कंबल, दाल-चावल, मसाले, कॉपियां, नेत्रहीन छात्रों के लिए बैंत, ब्रैल पेपर, व्हीलचेयर, कान के सुनने के मशीन आदि शामिल थे। बच्चों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो इसके लिए आरओ, कम्प्यूटर प्रिंटर आदि भी भेंट किये गये। आस के महासचिव श्री विकास जैन ने बताया कि 113 बच्चों को चयनित करके 1500 रुपये प्रति छात्र छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संस्था के कोषाध्यक्ष राहुल मित्तल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य एक बेहतर और सर्व समावेशी समाज का निर्माण करना है, जिसमें सभी लोगों को समान अवसर हासिल हो सके। सक्षम सहयोग व नेक इरादे से संचालित 'आस' की यह पहल एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों एवं अतिथि ललित गर्ग, सुरजीत सिंह, नीरज गुप्ता, पराग जैन, रविन्द्र , राकेश गुप्ता, संजय जैन, सुशील गोयल, रमाकांत तिवारी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रविन्द्र गडोदिया, दिलिप गर्ग, राजेश मल्होत्रा आदि का शॉल एवं शील्ड प्रदत्त कर सम्मान किया गया। उदारमना एवं दानदाता लोगों को भी सम्मानित किया गया। संस्था की ललिता गुप्ता, विकास जैन, रामकिशन अग्रवाल (राम भाई), पवन दीक्षित, मुकेश जैन, दुर्गेश माथुर, के. के. शाह, राहुल मित्तल, संजय जैन, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, देवेन्द्र सर्राफ, जयप्रकाश गोयल, मुनेश जैन, दीपिका बंसल, मानसी सरोगी आदि समाजसेवियों एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने दिन-रात मेहनत कर ये सामान ना केवल एकत्रित किया, बल्कि आज सद्भाव के साथ उनको सौंप दिया। सेवा, परोपकार एवं संवेदना की दृष्टि से 'आस' का यह प्रयास सर्वत्र सराहा गया।




**जुनून, हौसला और अनुभव मिलकर ही निर्बल और दिव्यांग बच्चो के बहुमुखी विकास को आकार दिया जा सकता है। मुरझाये चेहरों पर मुस्कान लाने का आस एक अनुष्ठान है, उनके अभाव एवं अपंगताओं को अभिशाप न बनने देने का एक महायज्ञ है। मंच का संचालन अरविन्द शर्मा 'विजय' ने कुशलता के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत दिव्यांग बच्चों द्वारा गणेश वंदना से हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की। आस की अध्यक्षा ललिता गुप्ता ने कहा कि नेत्रहीन, शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के उपयोग में आने वाली वस्तुएं प्रदान कर सहायता की गई, जिसमें स्वेटर, कंबल, दाल-चावल, मसाले, कॉपियां, नेत्रहीन छात्रों के लिए बैंत, ब्रैल पेपर, व्हीलचेयर, कान के सुनने के मशीन आदि शामिल थे। बच्चों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो इसके लिए आरओ, कम्प्यूटर प्रिंटर आदि भी भेंट किये गये। आस के महासचिव श्री विकास जैन ने बताया कि 113 बच्चों को चयनित करके 1500 रुपये प्रति छात्र छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संस्था के कोषाध्यक्ष राहुल मित्तल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य एक बेहतर और सर्व समावेशी समाज का निर्माण करना है, जिसमें सभी लोगों को समान अवसर हासिल हो सके। सक्षम सहयोग व नेक इरादे से संचालित 'आस' की यह पहल एक उत्कृष्ट उदाहरण है।**

## आपकी बात

### महिला मंत्री बनें पर कुछ करने के लिए


कृष्णा सिंह

झारखंड की नई सरकार बन गई है और अब सात को मंत्रिमंडल का विस्तार भी होगा पर स्पष्ट नहीं है कि कौन सी महिला मंत्री बनेंगी । कई महिलाएं प्रयासरत हैं पर समीकरण से अधिक ध्यान यह दिया जाना चाहिए कि कौन महिला महिलाओं के लिए नया कुछ कर पाएंगी अन्यथा महिला मंत्री की परिपाटी निभाकर क्या होगा । महिलाएं निर्भय होकर काम कर सकें और कार्यस्थल या व्यवसाय स्थल पर शौचालय भी हों यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।अभी सबल मानी जानी वाली महिला पुलिस से लेकर सब्जी बेचने वाली महिला के लिए शौचालय सुलभ नहीं हैं । दिन भर घर से दूर कैसे रह पाती होंगी महिलाएं मंत्री बनने की चाहत रखने वाली महिलाओं कप अवश्य सूचना चाहिए ।

**(अध्यक्ष मां महिला समिति,पंडरा,रांची)**

### वनों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलन

वन हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। हमारे जीवन के साथ-साथ पारिस्थितिकी संतुलन बनाने के लिए भी वनों का होना बेहद आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकार प्रतिवर्ष अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक करती रही है केंद्र और राज्य सरकार यह सदैव प्रयास करती रही है कि प्रत्येक हिस्से में वनों के प्रतिशत में वृद्धि किया जा सके। वनों के संरक्षण से संबंधित अनेक कठोर नियम भी बनाए गए हैं। परंतु इन सारे नियमों को दरकिनार करते हुए पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोल्हुआ और गौरमारा सहित सटे हुए सभी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई जा रही है। प्रशासन व वन विभाग की उदासीनता के कारण वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। नागरिकों का कहना है कि वर्ष 2011 में इस क्षेत्र में वन विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया गया था। रोपित पौधों की देखभाल के लिए अधिकारी भी नियुक्त किए गए थे। इसके बाद भी वन क्षेत्र में वृद्धि का न होना निश्चित ही गंभीर लापरवाही का सूचक है। यदि वन माफियाओं की हरकत पर तत्काल रोक नहीं लगायी गयी तो आने वाले दिनों में पूरा क्षेत्र ही उजाड़ हो जायेगा। इस दिशा में डीएफओ व उपायुक्त को निश्चित ही प्रभावी कदम उठाना चाहिये।

**- अरूण सिन्हा**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

धर्म

# अब तो गलती सुधारने की पहल करे मुस्लिम समाज


आशीष वशिष्ठ

***भारतीय*** पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिये गये। बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिन्दू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता श्रृंगार गौरी की पूजा हो रही थी। ज्ञानवापी में किये गये सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिह्न हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुआं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है।

**बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है।**


बोधि वृक्ष

## एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

***रानी*** ने मंदिर के शिखर के दर्शन होने तक उपवास रखने का निर्णय लिया। राजा मान गये, लेकिन इतने कम समय में मंदिर को पूरा करने के लिए कोई भी वास्तुकार तैयार नहीं हुआ। औरंगाबाद के एक स्थानीय पैठण, कोकसा ने यह चुनौती स्वीकार की और राजा को वचन दिया कि रानी एक सप्ताह में शिखर को देख सकेंगी। कोकसा ने अपने साथियों के साथ मिलकर, शैल मंदिर को तराशना शुरू किया ताकि एक सप्ताह के भीतर, वह शिखर की नक्काशी पूरी कर सकें और शाही जोड़े को उनकी व्यथा से मुक्त कर सकें। रानी के सम्मान में मंदिर का नाम मणिकेश्वर रखा गया और राजा ने एक शहर, एलापुर (आधुनिक एलोरा) का निर्माण किया।


**ऐतिहासिक विकास :** 8वीं शताब्दी ईस्वी में राष्ट्रकूट शासकों ने प्रारंभिक पश्चिमी चालुक्यों को अपदस्थ कर दिया और दक्कन की सत्ता पर कब्जा कर लिया। राष्ट्रकूट राजवंश के अभिलेखों में कैलाश मंदिर के निर्माण के लिए राष्ट्रकूट सम्राट कृष्ण प्रथम (757-72 ईस्वी) का नाम मिलता है। वास्तव में, मंदिर का नाम मूल रूप से राष्ट्रकूट राजा, कृष्णेश्वर के नाम पर रखा गया था, लेकिन अब इसे कैलाश मंदिर कहा जाता है। हालाँकि, कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि एलोरा के कैलाश मंदिर और स्थापत्य रूपों की अन्य शैल नक्काशियों को किसी एक राजा द्वारा बनवाया नहीं जा सकता था। इनमें एक सदी से भी अधिक समय तक कई राजाओं के अधीन काम जारी रहा होगा।

**कैलाश मंदिर स्रोत- यूनेस्को**

कैलाश मंदिर- एलोरा का वास्तुशुल्पीय अजूबा

विद्वानों के अनुसार, कैलाश मंदिर के निर्माण में एक पहाड़ी से तीन विशाल खाइयों का समकोण उत्खनन किया गया था, जो उसके आधार तक लंबवत रूप से काटी गई थीं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से


Omprakash Ashk
1 d


जिंदगी!
किस्तों का एक हिसाब है,
ताउम्र
मासिक या सालाना
यह कटती रहेगी.

कोफ्त तब होगी,
जब जीवन से ज्यादा
किस्तें बनेंगी
और, बकाया सिर पर लिये
विदाई की वेला
दस्तक देने लगेगी.

यह पल इनका,
वह पल उनका,
इसी में बंटती रहेगी
जिंदगी !

कोई कोताही भी
नहीं चलेगी
बखरा-बंटवारे में.
इसलिए कि
जिंदगी ने
खुद को बांट रखी है
किस्त दर किस्त
अपनों के लिए,
और उन्हीं किस्तों में
खुद के लिए भी
तलाश लिये हैं रास्ते
जिंदगी ने,
किस्तो के भरोसे.

## X - से


Babulal Marandi
@yourBabulal

मुख्यमंत्री @ChampaiSoren जी, जेएसएससी के प्रश्न पत्र लीक होने का विरोध कर रहे छात्रों के उपर दर्ज एफआईआर को अविलंब निरस्त करें।

आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा को तुरंत बर्खास्त करते हुए JSSC-CGL परीक्षा के प्रश्न पत्र घोटाले और भ्रष्ट क्रियाकलापों की सीबीआई जांच कराने की अनुशंसा करें।

#jssc #JsscCglScam

@BJP4India @narendramodi @JPNadda @AmitShah @blsanthosh

# लोस चुनाव 2024 की लड़ाई बिजली, पानी व शिक्षा पर आई


किशन भावनानी

***विश्व*** के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में लोकसभा चुनाव 2024 की बिगुल करीब करीब बज ही गया है। मेरा मानना है कि करीब अप्रैल 2024 में संभावित सात चरणों में लोकसभा चुनाव शुरू होंगे इसका अंदेशा इसी से लगाया जा रहा सकता है कि, कुछ समय से लाखों हजारों करोड रुपए की योजनाओं का पिटारा खोला जा रहा है। विशेष रूप से अंतरिम बजट 2024 में बिजली जो हर व्यक्ति के जीवन का जरूरी अंग बन गया है उसके बारे में रूफटॉप सोलर योजना के बारे में कहा गया है जिसका उल्लेख माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को पीएम सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता कर एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बजट 2024 में उतारा गया है। इसी का उल्लेख माननीय पीएम ने आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को असम के गुवाहाटी दौरे पर 11 हजार करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हुए देशवासियों के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल 300 यूनिट तक शून्य करने पर काम शुरू होने की बातें कही। बता दें यह बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी। अब हर राज्य व केंद्र सरकार की बिजली शिक्षा पानी फ्री करने सर्वाधिक तेजी से काम कर रहे हैं। इसलिए रूफटॉप सोलर योजना को एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम तेजी से शुरू होगा। मेरा मानना है किलोकसभा चुनाव 2024 की कवायत अब जीतने के लिए नहीं बल्कि रिकॉर्ड 400 प्लस सीटें बनाने के लिए की जा रही है, क्योंकि जीतना तो करीब निश्चित हो चुका है पर देखना यह है कि 400 प्लस और 50 फीसदी से अधिक वोटिंग का टारगेट होता है या नहीं। चूंकि आज पीएम ने फिर 300 यूनिट्स बिजली बिल शून्य पर काम शुरू होने की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

**बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी।**

## टेक वर्ल्ड

### वीडियो गेम के दीवानों का नया अड्डा बना यूट्यूब

***बता*** दें कि जब से यूट्यूब ने शॉर्ट वीडियो बनाने की सुविधा शुरू की है तब से अप्रत्याशित रूप से यूट्यूब पर क्रिएटर की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। यहां पर क्रिएटर आसानी से शॉर्ट्स वीडियो बनाते हैं और पोपुलैरिटी के हिसाब से खूब सारे पैसे कमाते हैं। ऑनलाइन वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब किसी परिचय का मोहताज नहीं है। लेटेस्ट वीडियो से लेकर किसी भी इंडस्ट्री के से जुड़े तमाम वीडियो आपको यूट्यूब पर आसानी से देखने को मिल जायेंगे । आजकल वीडियो कंटेंट क्रिएटर का नया अड्डा यूट्यूब बना हुआ है। बता दें कि जब से यूट्यूब ने शॉर्ट वीडियो बनाने की सुविधा शुरू की है तब से अप्रत्याशित रूप से यूट्यूब पर क्रिएटर की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। यहां पर क्रिएटर आसानी से शॉर्ट्स वीडियो बनाते हैं और पापुलैरिटी के हिसाब से खूब सारे पैसे कमाते हैं। शॉर्ट वीडियो ही क्यों अपने किसी भी स्किल को अगर आपको प्रेजेंट करना है तो यूट्यूब से अच्छा माध्यम शायद ही कोई हो सकता है। न केवल यूट्यूब पर वीडियो बनाकर आपको पोपुलैरिटी मिलती है बल्कि आपको पैसे भी कमाने को मिलते हैं। हालांकि आज हम यूट्यूब पर वीडियो के बारे में बात नहीं करने वाले हैं बल्कि हम यह बताने जा रहे हैं कि यूट्यूब पर आप वीडियो गेम कैसे खेल सकते हैं? बता दें कि यूट्यूब ने अपना नया फीचर लॉन्च किया है Playable जिसकी सहायता से आप यूट्यूब पर अपने मन पसंदीदा वीडियो गेम को आसानी से खेल सकते हैं।



**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रशिक्षु अधिकारियों ने की राष्ट्रपति से मुलाकात की



नई दिल्ली। अरुण जेटली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट में प्रोबेशनर्स ट्रेनिंग कोर्स के 31वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। ये अधिकारी भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा और भारतीय पीएंडटी (वित्त और लेखा) सेवा से हैं। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि एक अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार है।

## कश्मीर में फिसलन भरी सड़कें और सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित

**श्रीनगर।** बर्फ से ढके पहाड़ों से भीतरी इलाकों में ठंडी हवाएं चलने के कारण सोमवार को पूरे कश्मीर में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। सड़कों और गलियों पर फिसलन बरकरार रही। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट और शीत लहर तेज होने का अनुमान लगाया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.4, गुलमर्ग में माइनस 10 और पहलगाम में माइनस 11.9 डिग्री सेलिस्यस रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 6.6 डिग्री नीचे और कारगिल में शून्य से 18.4 डिग्री सेलिस्यस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 5.2, कटरा में 4.2, बटोट में माइनस 0.4, भद्रवाह में माइनस 1.8 और बनिहाल में माइनस 3.2 डिग्री सेलिस्यस रहा।

## विवाह विच्छेद के बाद भी स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज होगा पिता का नाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि विवाह विच्छेद से माता और पिता की उनके बच्चे के स्कूल रिकॉर्ड में अपना नाम दशार्ने की पैतृक स्थिति खत्म नहीं हो जाती है। एक व्यक्ति की याचिका को स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि मां को बच्चे की मां के रूप में पहचाने जाने का अधिकार है, लेकिन यह उसे स्कूल के दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज कराने के पिता के अधिकार से इनकार करने का अधिकार नहीं देता है। अदालत ने स्कूल को माता-पिता दोनों के नाम दशार्ने और दो सप्ताह के भीतर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। उस व्यक्ति ने बच्चे के पिता के रूप में पहचाने जाने के अपने अधिकार का दावा करते हुए स्कूल को अपने रिकॉर्ड सही करने का निर्देश देने की मांग की थी। कुछ वैवाहिक विवादों के बावजूद जून 2015 में तलाक की डिक्री द्वारा उनकी शादी को रद्द कर दिया गया, अदालत ने कहा कि माता-पिता की स्थिति कायम है। कटु रिश्ते और उसके वर्तमान पति द्वारा बच्चे को स्वीकार करने पर आधारित मां की भावनात्मक आपत्तियां, याचिकाकर्ता को बच्चे के पिता के रूप में अधिकार से वंचित करने के लिए अपर्याप्त मानी गईं।

## दिल्ली: मुठभेड़ के बाद नीरज बवानिया गैंग का शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कुख्यात नीरज बवानिया गिरोह के एक शार्पशूटर को दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज इलाके से गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान अंबेडकर नगर निवासी एहसान अली उर्फ उस्मान उर्फ लाल सिंह के रूप में हुई, जबकि उसका साथी पुल प्रहलादपुर इलाके का निवासी नीरज उर्फ प्रह्लादपुरिया मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने को शाम 6 बजे सूचना मिली कि नीरज बवानिया गिरोह के दो शार्पशूटर हथियार लेकर बाइक पर फरीदाबाद से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज रोड से एमबी रोड होते हुए किसी अपराध को अंजाम देने के लिए दक्षिण-पूर्व जिले में आएंगे। सूचना पर कार्रवाई करने के लिए एक टीम तैयार की गई, जिन्होंने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के पास रात करीब साढ़े आठ बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों को रोका।

## एक नजर

### जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर यातायात फिर रुका

**जम्मू।** कुछ समय के लिए खुलने के बाद, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात फिर से रोक दिया गया है। लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के बाद दलवास में रखरखाव का काम चल रहा है, अधिकारियों ने सोमवार को ये जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर ट्रैफिक पुलिस ने कहा, ₹सड़क के रखरखाव के कारण श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर डलवास में दोनों तरफ से यातायात रोक दिया गया है।₹जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कश्मीर घाटी की जीवन रेखा है और कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला मुख्य सड़क संपर्क है। आवश्यक आपूर्ति से लदे कश्मीर जाने वाले ट्रक और अन्य वाहन राजमार्ग से गुजरते हैं।

### कानपुर देहात में कार हादसा, छह की मौत दो घायल

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जनपद में देररात हुए कार हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और दो बच्चे घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी।पुलिस के अनुसार, जनपद के सिकन्दरा थानाक्षेत्र में सिकन्दरा-संदलपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास यह हादसा हुआ। एक स्विफ्ट डिजायर अनियंत्रित होकर पलटने के बाद गहरे और चौड़े नाले में गिर गई। इस गाड़ी में सवार छह लोगों की मौत हो गई और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद सीएचसी सिकन्दरा पहुंचकर परिजनों से चर्चा की। घायल बच्चों के बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए।

### निजी व विदेशी विवि के लिए खोले दरवाजे

**तिरुवनंतपुरम।** कुछ समय पहले केरल में वामपंथियों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निजीकरण का विरोध किया था, लेकिन सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अपना लगातार चौथा बजट पेश करते हुए कहा कि निजी और विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए अपने परिसर खोलने के दरवाजे खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए पहले कदम के तौर पर देश के बाहर चार अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। इसके लिए, केरल के विशेषज्ञों और विदेशों में उच्च शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया जाएगा।

## तेजस्वी के खिलाफ मानहानि का मामला रद्द करने पर आदेश सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने राजद नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इस दलील पर ध्यान दिया कि यादव ने बिना शर्त अपनी टिप्पणी वापस लेते हुए एक विशिष्ट हलफनामा दायर किया है। शिकायतकर्ता हरेश मेहता की ओर से पेश वकील ने कहा, आपका आधिपत्य विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों में पार्टियों के बीच सहमति के बिना कार्यवाही को रद्द कर सकता है। पीठ ने कहा, आदेश सुरक्षित है, हम एक विस्तृत आदेश पारित करेंगे। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए अहमदाबाद में एक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष यादव के खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि के मुकदमे को रद्द कर देगी। आरोप है कि यादव ने कहा कि 'आज के समय में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उन्हें इसके लिए माफ भी किया जाएगा।'अपनी शिकायत में, सामाजिक कार्यकर्ता और अखिल भारतीय भ्रष्टाचार विरोधी व अपराध निवारक परिषद नामक संगठन के उपाध्यक्ष मेहता ने आरोप लगाया कि ये टिप्पणियां गुजरातियों को सार्वजनिक रूप से बदनाम और अपमानित करती हैं।



### विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट करना समझ से परे

**पटना।** बिहार में कथित तौर पर टूट की आशंका को लेकर कांग्रेस के 19 में से 16 विधायकों को हैदराबाद ले जाया गया है। हैदराबाद नहीं गए कांग्रेस के विधायक सिद्धार्थ सौरव का मानना है कि अभी कोई कारण समझ में नहीं आता है कि विधायकों को क्यों ले जाया गया। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि हो सकता है सरकार बनी है, इसलिए घुमाने ले गए होंगे। सौरव ने साफ शब्दों में कहा कि अभी शादी ब्याह का मौसम है, प्रतिदिन कई जगह जाना पड़ता है। क्षेत्र में जो समस्याएं हैं, उसका निराकरण करवाना भी मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि उन्हें भी जाने के लिए कहा गया था, लेकिन साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि मेरी समझ से अभी कोई कारण नहीं लगता है कि विधायकों को ले जाया जाए। विधायकों के टूटने की आशंका से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि टूट की संभावना या प्रयास तब होता है जब बहुमत नहीं हो। साफ है कि एनडीए के पास बहुमत है। और यह कोई अभी की बात नहीं है इससे पहले भी जदयू जिधर गई, उधर बहुमत हो गया।

## 12 के पहले अब बिहार में कांग्रेस ने शुरू की 'रिसॉर्ट राजनीति'

**एजेंसी। पटना**

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार विधानसभा में 12 फरवरी को बहुमत साबित करने वाली है। विधानसभा के आंकड़ों को देखें तो साफ लगता है कि सत्ताधारी गठबंधन बहुमत का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगा। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इस स्थिति में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को अपने अधिकांश विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट करने की जरूरत क्यों पड़ी? दरअसल, नीतीश कुमार के फिर से एनडीए में शामिल होने के बाद भाजपा ने दावा किया था कि कांग्रेस के 10 विधायक उनके संपर्क में हैं।

कुछ दिनों के बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। नीतीश कुमार के एनडीए में फिर से जाने के बाद महागठबंधन में शामिल दलों की सबसे बड़ी चुनौती न केवल गठबंधन में एकजुटता बनाए रखने की है, बल्कि, अपने दलों को बिखराव से रोकना भी है। बिहार की राजनीति को नजदीक से समझने वाले वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार सुरेंद्र किशोर भी कहते हैं कि कांग्रेस को अपने विधायकों के पाला बदलने का डर सता रहा होगा, इस कारण उन्हें अन्य जगहों पर भेज दिया गया। क्योंकि, कुछ ही समय के बाद लोकसभा चुनाव भी होने वाले हैं, ऐसी स्थिति में विधायकों का पाला बदलने का खतरा सबसे अधिक होता है। आज की राजनीति में विधायकों के पाला बदलने की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस स्थिति में कोई भी 'रिस्क' लेने से बच रही है और पार्टी में एकजुटता भी साबित कर रही है।

उल्लेखनीय है कि बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं, जिनमें से 16 विधायकों को रविवार को हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया है। हैदराबाद नहीं गए कांग्रेस के विधायक सिद्धार्थ सौरव का भी मानना है कि अभी कोई कारण समझ में नहीं आता है कि विधायकों को क्यों ले जाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि सरकार बनी है, इसलिए घुमाने ले गए होंगे। मेरी समझ से अभी कोई कारण नहीं लगता है कि विधायकों को ले जाया जाए। विधायकों के टूटने की आशंका से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि टूट की संभावना या प्रयास तब होता है, जब बहुमत नहीं हो।

## बजट पेश करते हुए केरल के वित्त मंत्री का केंद्र पर निशाना



**तिरुवनंतपुरम।** केंद्र द्वारा केरल के साथ वित्त के संबंध में किए जा रहे व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिस पर कोर्ट सुनवाई कर रहा है। उधर, सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बाल गोपाल ने विधानसभा में बजट पेश करने के दौरान केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। वित्त मंत्री ने कहा, केरल केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक मोर्चे पर किए जा रहे शत्रुतापूर्ण व्यवहार के मद्देनजर मूकदर्शक बना नहीं रह सकता। केंद्र अपने इस व्यवहार से राज्य को इतिहास के सबसे बुरे वित्तीय संकट की ओर धकेल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, "थकरिल्ला केरलम, थलारिल्ला केरलम, थकरक्कनविला केरलाथे (केरल नहीं टूटेगा, केरल नहीं थकेगा, केरल को नष्ट नहीं किया जा सकता)। उन्होंने आगे कहा, हमें इसी भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। सरकार हमारी उपलब्धियों और प्रगति को आगे बढ़ाने में नेतृत्व प्रदान करेगी। साथ ही यह सुनिश्चित करेगी कि सभी केरलवासी एक नए केरलम (नवकेरलम) के निर्माण में एकजुट हों।

### कांग्रेस अपने विधायकों को बंधुआ मजदूर मानती है



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी द्वारा बिहार के अपने विधायकों को हैदराबाद ले जाने की कड़ी आलोचना करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस अपने विधायकों के साथ बंधुआ मजदूरों की तरह व्यवहार कर रही है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने सोमवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के रवैये की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस की मानसिकता वंशवादी और जमींदारी प्रवत्ति की है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने विधायकों को बंधुआ मजदूर समझती है और बंधुआ मजदूर के रूप में ही उनके साथ व्यवहार करती है। सिन्हा ने आगे कहा कि विधायक जनता के विश्वास और जनादेश को लेकर चुनकर आता है। उनका सम्मान के साथ रहने का और सम्मान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी करने का पूर्ण अधिकार है और इस अधिकार का हनन नहीं करना चाहिए।

### टीडीपी विधायकों ने विधानसभा तक किया मार्च



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के विधायकों ने तख्तियां लेकर और 'बाय-बाय जगन' के नारे लगाते हुए सोमवार से शुरू हुए बजट सत्र के लिए विधानसभा भवन तक पहुंचने के लिए रैली निकाली। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए टीडीपी विधायकों ने विधानसभा की ओर मार्च किया। नारे लगाने वाले विधायकों का नेतृत्व टीडीपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष किंजरापु अचेन नायडू ने किया। तख्तियों के जरिए टीडीपी विधायकों ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार के अधूरे वादों को उजागर करने की कोशिश की. उन्होंने कहा, ह्रविशेष श्रेणी का दर्जा कहां है? ₹क्या आपने पोलावरम पूरा कर लिया है?₹ ₹कडप्पा स्टील प्लांट कहां है?रैली जब विधानसभा गेट पर पहुंची, तो पुलिस ने रोक दिया। टीडीपी विधायकों ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई, इससे तीखी बहस हुई। बाद में सत्र में विधायक शामिल हुए। विधायकों में अभिनेता एन. बालकृष्ण भी शामिल हैं, जो टीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के बहनोई हैं। विपक्ष के नेता नायडू 2021 से विधानसभा सत्र में भाग नहीं ले रहे हैं।

### ईडी ने एससी से कहा, कविता नहीं हो रही हैं पेश



**नई दिल्ली ।** ईडी ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि बीआरएस एमएलसी के. कविता दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी द्वारा उन्हें जारी किए गए समन से बच रही हैं। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ को अवगत कराया कि वह समन से बच रही है और पेश नहीं हो रही हैं।"इस पर, कविता की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एएसजी राजू ने पहले शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि याचिकाकर्ता को 20 नवंबर, 2023 को समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अगली सुनवाई होने तक ईडी के सामने पेश होने के लिए कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। एएसजी राजू ने जवाब दिया,मैंने अगली तारीख तक कहा था। मेरा बयान हमेशा के लिए सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता।"गुण-दोष के आधार पर कुछ भी व्यक्त किए बिना, शीर्ष अदालत ने मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया।

### लगातार तीसरी बेटी होने से नाराज माता-पिता ने 4 महीने की बच्ची को पटक-पटक कर मार डाला



**कोलकाता।** बंगाल में एक दंपत्ति ने अपनी ही चार महीने की बच्ची को दीवार पर पटक-पटक कर मार डाला। बताया जा रहा है कि वह उनकी तीसरी लड़की थी। घटना पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल की है। पीड़िता की पहचान खदीजा खातून के रूप में की गई है। जबकि, माता-पिता की पहचान रिंटू मंडल और बेलुवारा बीबी के रूप में की गई है, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना पर सबसे पहले सोमवार की सुबह पीड़िता की दादी फिरोजा बीबी की नजर पड़ी। उसने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों और पड़ोसियों का बुलाया। फिरोजा बीबी ने मीडियाकर्मियों को बताया, "घटना रविवार रात को हुई लेकिन माता-पिता ने यह सुनिश्चित करने के लिए इसे पूरी रात छिपाए रखा कि बच्ची की मौत हो जाए। मेरा बेटा हमेशा नशे में रहता है। तीसरी लड़की के जन्म के बाद से, मेरे बेटे और उसकी पत्नी के बीच रोजाना झगड़ा होता रहता था। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि झगड़े का ऐसा अंत होगा।

## सिंधिया के गढ़ पर कांग्रेस की नजर

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश में कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है और उसकी पैनी नजर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गढ़ ग्वालियर -चंबल पर है। पार्टी के दिग्गजों ने इस इलाके का न केवल दौरा करना शुरू कर दिया है, बल्कि वे उन दावेदारों को भी टटोल रहे हैं जो भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके। ग्वालियर-चंबल इलाके में लोकसभा की चार सीटें आती हैं। इन सभी चारों सीटों -- भिंड, ग्वालियर, मुरैना और गुना पर भाजपा का कब्जा है। बीते साल हुए विधानसभा के चुनाव में इस इलाके की 34 सीटों में से 18 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है, जबकि 16 पर कांग्रेस के प्रतिनिधि विधायक के तौर पर निर्वाचित हुए हैं। इस क्षेत्र में सिंधिया परिवार के प्रभाव का ही नतीजा रहा है कि कांग्रेस वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 26 सीटें जीतने में सफल हुई थी, मगर ज्योतिरादित्य सिंधिया के पाला बदलने के बाद भाजपा मजबूत स्थिति में आ गई। कांग्रेस ग्वालियर-चंबल इलाके में अपने जन आधार को फिर बढ़ाना चाहती है। प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह के अलावा प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने अन्य साथियों के साथ इस इलाके का दौरा करना शुरू कर दिया है। इन नेताओं ने जिला अध्यक्ष और तमाम दावेदारों से संभावित उम्मीदवारों का ब्यौरा मांगा है। पार्टी के सामने इस इलाके में प्रभावशाली, दमदार और जन आधार वाले नेताओं की कमी साफ तौर पर नजर आ रही है। ग्वालियर-चंबल वह इलाका है जो उत्तर प्रदेश की सीमा को छूता है। यहां भाजपा और कांग्रेस के अलावा बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी का भी वोट बैंक है। विपक्षी दलों के आईएनडीआईए गठबंधन में आए बिखराव का असर इस इलाके पर भी नजर आना तय है। संभावना इस बात की है कि बसपा अपना उम्मीदवार मुरैना और भिंड संसदीय क्षेत्र में उतार सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस इलाके में सिंधिया बनाम दिग्विजय सिंह की अदावत लंबे समय से चली आ रही है और इसका असर कांग्रेस की राजनीति पर सीधे तौर पर पड़ा है।

## विपक्ष ने असम में विधानसभा सत्र को किया बाधित

**गुवाहाटी।** असम में बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन कर कार्यवाही बाधित की, इसके कारण राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को अपना भाषण छोटा करना पड़ा। कटारिया ने अपने 88 पन्नों के भाषण की कुछ पंक्तियां ही पढ़ी थीं कि सदन में अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस, सीपीआई-एम और निर्दलीय विधायकों के लगातार विरोध के कारण उन्हें अंतिम पैराग्राफ पर जाना पड़ा। राज्यपाल ने जैसे ही अपना भाषण शुरू किया, कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ और विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने स्पीकर को ऑडियो सिस्टम के खराब होने की जानकारी दी। राज्यपाल के व्याख्यान के दौरान अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी ने विपक्षी सदस्यों को बिना हस्तक्षेप अपनी सीट पर बैठने के लिए कहा। इसी दौरान विपक्षी सदस्य खड़े हो गये और ऑडियो सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाते रहे। कुछ सदस्यों ने नागरिकता अधिनियम का विरोध, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे नारे लिखी तख्तियां प्रदर्शित कीं।

## श्रद्धालुओं को ले हिमाचल से अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना



**एजेंसी। ऊना (हिमाचल प्रदेश)**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश से अयोध्या के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने तड़के अंब अंदौरा से अयोध्या धाम तक 'आस्था ट्रेन' का उद्घाटन किया, जो राम भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने 1,074 श्रद्धालुओं के साथ ट्रेन के ऊना जिले के अंब अंदौरा से अपनी यात्रा शुरू करने पर खुशी व्यक्त की। उन?होंने कहा, "वर्षों का सपना सच हो गया है। राम मंदिर का निर्माण हो गया है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश से अयोध्या धाम के लिए पहली ट्रेन राम भक्तों के जत्थों को लेकर रवाना हो गई है। अनुराग ठाकुर के साथ प्रदेश पार्टी प्रमुख राजीव बिंदल भी मौजूद थे।

### इंदौर से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या रवाना हुई आस्था ट्रेन

**इंदौर।** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और इसी क्रम में मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद सहित 23 संगठनों के नौ सौ से ज्यादा कार्यकर्ता और कार सेवक आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुए। इंदौर का रेलवे स्टेशन रविवार की रात को पूरी तरह भगवा रंग में और राम के जय घोष से गुंजायमान था। यहां से रामलला के दर्शनों के लिए श्रद्धालु जा रहे थे। अनेक श्रद्धालुओं के हाथ में वाद्य यंत्र थे और वे राम गीत गा रहे थे। आस्था स्पेशल ट्रेन को विशेष तौर पर सजाया गया था और स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोग इन श्रद्धालुओं को विदाई देने पहुंचे थे।

## यूपी का बजट
## बजट का आकार 7,36,437.71 करोड़ रुपये का
# 24,863.57 करोड़ की नई योजनाएं शामिल

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री समेत अन्य विधानसभा के सदस्य मौजूद रहे। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपए) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रुपए) की नई योजनाएं भी शामिल हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में कहा कि योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है। यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखा का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपए (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है। इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है।

## विस अध्यक्ष के खिलाफ याचिका सूचीबद्ध करने पर होगा विचार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-यूबीटी गुट द्वारा दायर याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा, जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनका खेमा ही असली शिव सेना है। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा,"हम इसे सूचीबद्ध करेंगे।"सिब्बल ने कहा,मिलॉर्ड्स, मामला आज सूचीबद्ध होना था। यदि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है, तो चुनाव होंगे। शीर्ष अदालत ने 22 जनवरी को शिवसेना यूबीटी नेता सुनील प्रभु द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया था और सीएम शिंदे और 38 अन्य विधायकों से दो सप्ताह की अवधि के भीतर जवाब मांगा था। पूर्व सीएम ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले पर सवाल उठाया है, जिसमें कहा गया था कि सीएम शिंदे के नेतृत्व वाला समूह ही असली शिवसेना है, क्योंकि इसके पास विधायिका और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी बहुमत है। याचिका में सीएम शिंदे और उनके खेमे के अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने को भी चुनौती दी।

# भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराया पांच मैचों की श्रृंखला में की 1-1 से बराबरी

विशाखापत्तनम टेस्ट



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**
भारत ने यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड को 106 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। जसप्रीत बुमराह (पहली पारी में 6 विकेट, दूसरी पारी में 3 विकेट) को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

इंग्लैंड ने पहला मैच 28 रन से जीता था। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी जयसवाल (209) के दोहरे शतक की बदौलत पहली पारी में 396 रन बनाए थे, जवाब में इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (76) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 253 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रन की बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) के शतक की बदौलत 255 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 399 रनों की लक्ष्य रखा। 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को जैक क्रॉली और बेन डकेट ने एक बार फिर सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। रविचंद्रन अश्विन ने डकेट को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। डकेट ने 28 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 95 के कुल स्कोर पर रेहान अहमद को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लिश टीम को दूसरा झटका दिया। रेहान ने 23 रन बनाए। 132 के कुल स्कोर पर अश्विन ने ओली पोप को कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। पोप ने 23 रन बनाए। जो रूट कुछ खास नहीं कर सके और केवल 16 रन बनाकर अश्विन का शिकार बने।

कुलदीप यादव ने इसके बाद 194 के कुल स्कोर पर डटकर खेल रहे क्रॉली को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। क्रॉली ने 73 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसी स्कोर पर बुमहार ने जॉनी बेयरस्टो (26) को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड को छठा झटका दिया। 220 के कुल स्कोर पर श्रेयस अय्यर ने सीधे थ्रो पर बेन स्टोक्स को रन आउट कर भारत की जीत के द्वार खोल दिये। स्टोक्स ने 11 रन बनाए। बुमराह ने इसके बाद बेन फोक्स को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद भी खत्म कर दी। फोक्स ने 36 रन बनाए।

281 के कुल स्कोर पर मुकेश कुमार ने शोएब बसीर (00) को आउट कर इंग्लैंड को नौवां झटका दिया। बुमराह ने 292 के कुल स्कोर पर टॉम हार्टले को बोल्ड कर भारत को 106 रनों से जीत दिलाकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिला दी। हार्टले ने 36 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने 3-3 और मुकेश कुमार, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिया।

**भारत ने अपनी दूसरी पारी में बनाए 255 रन, शुभमन गिल का शतक :** इससे पहले भारत ने अपनी दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बेहतरीन शतक की बदौलत 255 रन बनाए और 398 रनों की कुल बढ़त हासिल कर इंग्लैंड के सामने 399 रनों का लक्ष्य रखा।

गिल ने 147 गेंदों पर 11 चौके और 2 छक्के की बदौलत 104 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। गिल के अलावा अक्षर पटेल (45), श्रेयस अय्यर (29) और रविचंद्रन अश्विन (29) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में टॉम हर्टले ने 4, रेहान अहमद ने 3, जेम्स एंडरसन ने 2 और शोएब बसीर ने 1 विकेट लिया।

**इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर सिमटी, बुमराह ने झटके 6 विकेट :** इससे पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (15.5 ओवर 45 रन देकर 6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने यहां जारी दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 253 रनों पर समेट दी है। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रनों की बढ़त मिली। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में जैक क्रॉली ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 76 रन बनाए। क्रॉली ने इस दौरान उन्होंने 78 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और 2 छक्के लगाए।

क्रॉली के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स ने 47 रन बनाए। वहीं, बेन डकेट (21), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और टॉम हार्टले (21) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 6, कुलदीप यादव ने 3 और अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया।

**भारत ने अपनी पहली पारी में 396 रन बनाए, यशस्वी जयसवाल का दोहरा शतक :** इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल के बेहतरीन दोहरे शतक की बदौलत भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 396 रन बनाए। जयसवाल ने 290 गेंदों का सामना किया और 19 चौके और सात छक्के लगाए। जयसवाल के अलावा शुभमन गिल (34), रजत पाटीदार (32), श्रेयस अय्यर (27), अक्षर पटेल (27) और रविचंद्रन अश्विन (20) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिये।

इंग्लैंड की तरफ से शोएब बसीर, रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन ने 3-3 व टॉम हार्टले ने 1 विकेट लिया।

## भुवनेश्वर पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24**



**एजेंसी। भुवनेश्वर**
भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान की शुरूआत करने के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंची। टीम पिछले सीजन में पोडियम फिनिश से चूक गई थी और नीदरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाली है। इसके बाद लीग का दूसरा चरण राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक खेला जाएगा।

भारत सीजन के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा, उसके बाद 11 फरवरी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड से भिड़ेगा। थोड़े समय के ब्रेक के बाद, वे 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे, और फिर वे 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड का सामना करेंगे।

**पांच राष्ट्रीय टीमें :** आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया - एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) के भारत चरण में भाग लेंगी, सभी टीमें एक बार भुवनेश्वर में और एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक आधिकारिक बयान में कहा हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां हमने प्रो लीग शुरू करने के लिए फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ खेला था। इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा। हरमनप्रीत ने कहा हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने का मतलब न केवल एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधी योग्यता होगी, बल्कि ये खेल पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण होंगे।

## इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया : रोहित शर्मा



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**
इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 106 रनों की जीत हासिल करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गेंदबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। चौथे दिन के खेल में डॉ वाइएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और तेज गेंदबाज जसप्रित बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए और 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को 292 रन पर ऑल आउट कर दिया। बुमराह, जिन्होंने पहली पारी में 45 रन देकर 6 विकेट लिए और भारत को पहली पारी में 143 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई, ने दूसरी पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने विशाखापत्तनम टेस्ट में 91 रन देकर 9 विकेट लिए जो इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर किसी भारतीय तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। अश्विन ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 72 रन देकर 3 विकेट लिए और अब वह 500 टेस्ट विकेट तक पहुंचने से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लेकर भारत को हैदराबाद में 28 रन की हार से उबरते हुए विशाखापत्तनम में जोरदार जीत दिलाई। मैच खत्म होने के बाद रोहित ने कहा, बुमराह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है, उसने कुछ समय के लिए काम किया है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने बेहतर किया।

रोहित ने कहा यह जीत हमें काफी आत्मविश्वास देती है। ऐसी युवा टीम का मुकाबला करने पर मुझे बहुत गर्व है। हम चाहते हैं कि इन लोगों को बीच में समय मिले। यह एक अच्छी चुनौती है, इंग्लैंड अच्छा क्रिकेट खेल रहा है। आसान सीरीज नहीं होगी, अभी तीन और मैच बाकी हैं, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम ज्यादातर चीजें सही करें।

## हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है : सीन विलियम्स



**एजेंसी। दुबई**
शारजाह वॉरियर्स रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड आईएलटी 20 मुकाबले में गल्फ जाइंट्स से 79 रन से हार गया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 187 रन बनाए थे, जवाब में वॉरियर्स की टीम 108 रनों पर सिमट गई।

मैच के बाद जिम्बाब्वे के हरफनमौला खिलाड़ी सीन विलियम्स ने फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में उन तीन विकेटों के बारे में बात की जो वह महंगे होने के बावजूद हासिल करने में कामयाब रहे, उन्होंने कहा, इन परिस्थितियों में अच्छी गेंदबाजी करना हमेशा अच्छा होता है, खासकर उन बल्लेबाजों पर दबाव बनाना जो गल्फ जाइंट्स के पास हैं। हमें अंत में गेंदबाजी करते समय कुछ जोखिम लेना पड़ा, लेकिन ये चीजें खेल के अंत में की जानी चाहिए। दुर्भाग्य से, मेरा निष्पादन पर्याप्त अच्छा नहीं था।

विलियम्स ने विशेष रूप से हेटमायर की बहुत प्रशंसा की, जब उनकी विस्फोटक जीत ने वॉरियर्स से मैच छीन लिया, शिमरोन हेटमायर ने वास्तव में अच्छा खेला। वह वेस्टइंडीज या जिस भी टीम के साथ खेलते हैं, उसके लिए मैच जीतने के लिए प्रसिद्ध हैं।

## चीन ने कलात्मक तैराकी टीम एक्रोबेटिक में जीता स्वर्ण



**एजेंसी। दोहा**
चीन ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को कलात्मक तैराकी टीम एक्रोबेटिक में 244.1767 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

फाइनल में कांटे का मुकाबला देखने को मिला, जिसमें शीर्ष तीन टीमें खिताब के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। यूक्रेन ने चीन से महज 0.8600 अंकों से पिछड़ते हुए रजत पदक हासिल किया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 242.2300 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।

छठे स्थान पर फाइनल में प्रवेश करने के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने असाधारण प्रदर्शन किया, जिससे उनके प्रतिस्पर्धियों पर तीव्र दबाव बढ़ गया। 45 वर्षीय बिल में के नेतृत्व में अमेरिकी टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

जीत के बाद चीनी कोच झांग शियाओहुआन ने सिन्हुआ के हवाले से कहा उनके उत्कृष्ट स्कोर के बाद, हमारी टीम एक बार शांत हो गई। उस पल, मैंने उनसे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका हमारा प्रतिद्वंद्वी नहीं है, और हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

यह खिताब फुकुओका 2023 के बाद से इस स्पर्धा में चीन का दूसरा स्वर्ण पदक है। कोच झांग ने विशेष रूप से जुड़वा, वांग कियानयी और वांग लियूई के प्रदर्शन की सराहना की।

झांग ने कहा हांग्जो एशियाई खेलों के बाद केवल तीन महीने की एकजुटता के बाद, उन्हें अपने युगल मुक्त प्रदर्शन के अलावा अतिरिक्त सामूहिक प्रशिक्षण भी करना पड़ा। यह आसान नहीं था।

मिश्रित युगल तकनीकी स्पर्धा में कजाकिस्तान की नर्गिजा बोलाटोवा और एडुआर्ड किम ने 228.0050 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। चीन के चेंग वेंटाओ और शी हाओयू ने रजत पदक जीता, जबकि मेक्सिको के मिरांडा बरेरा जिमेनेज और डिएगो विलालोबोस कैरिलो ने पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

## हार के बावजूद अपनी टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं स्टोक्स

**विशाखापत्तनम।** भारत में दूसरी पारी के चौथे दिन 399 रन का पीछा करना कभी आसान नहीं होने वाला था। लेकिन, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का मानना है कि दूसरा टेस्ट 106 रनों से हारने के बावजूद उनके बल्लेबाजों ने खुद को भारतीय गेंदबाजों के सामने साबित किया। चौथे दिन के खेल में सोमवार को इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रुख को जारी रखा, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि वे 69.2 ओवर में 292 रन पर ही सिमट गए। जैक क्रॉली के 73 रनों के अलावा, कोई भी अन्य बल्लेबाज चौथी पारी में 50 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। जिससे भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। स्टोक्स ने कहा आखिरी पारी में आते हुए हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम इस लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं।

## जमशेदपुर एफसी से मिली हार के बाद नाखुश पेट्र क्रैटकी



**एजेंसी। मुंबई**
इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में जमशेदपुर से मिली हार के बाद मुंबई सिटी के मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी अपनी टीम के प्रदर्शन से नाखुश थे। उनका मानना है कि उनके खिलाड़ियों ने पहले हॉफ में रणनीति के अनुसार खेला और अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन, दूसरे हॉफ में कुछ ऐसी गलतियां की, जिसके कारण टीम मजबूत स्थिति में रहने के बावजूद हार गई।

मुंबई सिटी एफसी के लिए ओपनर स्कोर जोस लुइस ने किया, जबकि अल्बर्टो नोगुएरा के हेड फ्लिक ने हाफटाइम में मेजबान टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बावजूद खालिद जमील की टीम मजबूत रही और उन्होंने दमदार वापसी करते हुए सीजन की अपनी तीसरी जीत हासिल की। जमशेदपुर एफसी के लिए इमरान खान (55') ने पहला गोल किया। जेरेमी मंजोरो (59' और 87') की डबल स्ट्राइक ने मेहमान टीम को जीत दिला दी।

आईएसएल वेबसाइट ने क्रैटकी के हवाले से बताया मैंने इसे दो हिस्सों के खेल के रूप में देखा। पहले हाफ में हम हावी रहे। हमने अच्छा खेला। हमें दो गोल की बढ़त मिली और खिलाड़ियों ने शानदार काम किया। हमें यह सोचना होगा कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जिससे हम हार गए।

**16 स्टेडियम, 104 मैच**

## न्यू जर्सी होस्ट करेगा फीफा वर्ल्ड कप फाइनल

**नई दिल्ली।** विश्व फुटबॉल की शासी निकाय फीफा ने शोपीस इवेंट के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में 19 जुलाई, 2026 को फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। फुटबॉल फैंस के लिए फीफा वर्ल्ड कप का क्रेज शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। एक बार फिर इस मेगा-इवेंट का आयोजन होने वाला है। जिसकी शुरूआत हो चुकी है। विश्व फुटबॉल की शासी निकाय फीफा ने शोपीस इवेंट के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। फीफा वर्ल्ड कप की शुरूआत 11 जून 2026 को होगी। ओपनिंग सेरिमनी मैक्सिको सिटी के एजटेका स्टेडियम में पहले मैच के साथ होगी।

## श्रीलंका सीरीज के लिए नैब की अफगानिस्तान वनडे टीम में वापसी, राशिद की रिकवरी जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
स्टार स्पिनर राशिद खान श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान की तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए हैं, जो 9 फरवरी से पल्लेकेले में शुरू हो रही है।

अफगानिस्तान के शीर्ष स्पिनर की पिछले साल के अंत में पीठ की सर्जरी हुई थी और उन्होंने नवंबर में 2023 वनडे विश्व कप के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। कैस अहमद, जिन्होंने अब तक अफगानिस्तान के लिए सिर्फ एक वनडे खेला है, श्रीलंका में राशिद की जगह लेंगे। नूर अहमद जो एसए20 में डरबन के सुपर जाइंट्स के लिए खेल रहे हैं, राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होंगे और लीग के अंतिम चरण से चूक जाएंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा रविवार को जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, नजीबुल्लाह जादरान, जो अफगानिस्तान की विश्व कप टीम का हिस्सा थे, को श्रीलंका वनडे के लिए बाहर रखा गया है, जबकि अब्दुल रहमान को केवल रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा।

तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीमों के दांबुला जाने से पहले सभी तीन वनडे मैच पल्लेकेले में खेले जाएंगे। विश्व कप के बाद यह अफगानिस्तान का पहला वनडे मैच होगा।

**श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम इस प्रकार है :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, कैस अहमद, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, नवीद जादरान, फरीद अहमद।

**रिजर्व :** शराफुद्दीन अशरफ, शाहिदुल्लाह, अब्दुल रहमान, बिलाल सामी।

# खबरें व्यापार जगत की

## सरकार ने पैन-आधार लिंकिंग में देरी पर वसूला 600 करोड़ जुर्माना




**एजेंसी। नई दिल्ली**
सरकार ने पैन-आधार लिंकिंग में देरी के लिए 600 करोड़ रुपये का जुर्माना प्राप्त किया है। सरकार ने संसद को सोमवार को सूचित किया कि लगभग 11.48 करोड़ स्थायी खाता संख्याएं अभी भी बायोमेट्रिक पहचान से जुड़ी नहीं हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि छूट वाली श्रेणियों को छोड़कर, आधार से लिंक नहीं किए गए पैन की संख्या 29 जनवरी, 2024 तक 11.48 करोड़ है। पैन को आधार से नहीं किया लिंकदरअसल, 30 जून, 2023 की अंतिम तिथि के बाद अपने पैन और आधार को लिंक नहीं करने वाले व्यक्तियों से 1,000 रुपये की लेट पेनल्टी के माध्यम से सरकार की कमाई के विवरण के संबंध में एक प्रश्न पूछा गया था। इसी का जवाब देते हुए वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि जिन व्यक्तियों ने अपने पैन को आधार से लिंक नहीं किया है, उनसे 1 जुलाई 2023 से 31 जनवरी 2024 तक शुल्क का कुल संग्रह 601.97 करोड़ रुपये है। एक जुलाई 2023 से निष्क्रिय हो जाता पैन कार्ड बता दें कि पैन को बायोमेट्रिक आधार से लिंक करने की आखिरी तारीख 30 जून, 2023 थी। आयकर विभाग ने कहा था कि जो करदाता अपना आधार बताने में विफल रहे हैं उनका पैन 1 जुलाई, 2023 से निष्क्रिय हो जाएगा और ऐसे पैन के खिलाफ कोई रिफंड नहीं किया जाएगा। साथ ही, टीडीएस और टीसीएस उच्च दर पर काटा/संग्रह किया जाएगा। इसके अलावा 1,000 रुपये की विलंब शुल्क का भुगतान करके पैन को दोबारा चालू कराया जा सकता है।

## जुनिपर होटल्स समेत चार कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को सेबी की मंजूरी





**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जुनिपर होटल्स और रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स समेत चार कंपनियों को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को दी जानकारी में बताया कि हयात ब्रांड के तहत होटल श्रृंखला चलाने वाली जुनिपर होटल्स, रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स, लॉजिस्टिक फर्म सीजे डार्कल और लॉजिस्टिक्स एवं कृषि उपकरण विनिमार्ता इंडो फार्म इक्विपमेंट को अपना आईपीओ लाने की मंजूरी दी गई है। इन फर्मों ने सितंबर-अक्टूबर, 2023 के बीच बाजार नियामक के समक्ष अपना आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे हालांकि बाजार नियामक ने क्रोनॉक्स लैब साइंसेज और श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी के आईपीओ प्रस्तावों को लौटा दिया है। सेबी ने इन दस्तावेजों को लौटाने की कोई वजह नहीं बताई है। आईपीओ दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक जुनिपर होटल्स के प्रस्तावित आईपीओ में 1,800 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी। सेबी के मुताबिक आर्केड डेवलपर्स के आईपीओ में 430 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयरों की पेशकश होगी। इसी तरह सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स के निर्गम में 340 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयरों के साथ प्रवर्तकों के पास मौजूद 54.31 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी जबकि इंडो फार्म इक्विपमेंट के आईपीओ में 1.05 करोड़ नए इक्विटी शेयर और प्रवर्तक के पास मौजूद 35 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार




**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 फीसदी की गिरावट के साथ 71,731.42 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्ससचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 82.10 अंक यानी 0.38 फीसदी लुढ़कर 21,771.70 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 7 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। आज कारोबारी सत्र के दौरान एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच बीएसई सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी में बिकवाली से शेयर बाजार नीचे आया। हालांकि, टाटा मोटर्स के शेयर में 5.80 फीसदी की तेजी रही। पिछले हफ्ते अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 440.33 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 156.35 अंक चढ़कर बंद हुआ था।

## आरईसी को मिला सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बॉन्ड कॉर्पोरेट पुरस्कार



**नई दिल्ली।** विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और अग्रणी एनबीएफसी, आरईसी लिमिटेड को द एसेट ट्रिपल ए अवाड्र्स फॉर सस्टेनेबल फाइनेंस 2024 में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बॉन्ड - कॉर्पोरेट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आरईसी प्रवक्ता के मुताबिक आरईसी को अप्रैल 2023 में 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ग्रीन बांड जारी करने के लिए पुरस्कार मिला है। इस मौके पर आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन ने कहा हमें यह पुरस्कार पाकर खुशी हो रही है। यह पुरस्कार टिकाऊ वित्त के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और प्रतिस्पर्धी लागत पर हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर संक्रमण में तेजी लाने के हमारे प्रयासों को रेखांकित करता है।

## तीसरी तिमाही में एयरटेल का शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 2,442 करोड़ रुपए हुआ




**नई दिल्ली।** टेलीकॉम प्रमुख भारती एयरटेल लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कुल शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 2,442 करोड़ रुपए हो गया। तिमाही के दौरान परिचालन से कंपनी का समेकित राजस्व 6 प्रतिशत बढ़कर 37,900 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 35,804 करोड़ रुपए था। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 4जी और 5जी दोनों सेगमेंट में डेटा ग्राहक 24.5 करोड़ हो गए, जो 74 लाख क्यूओक्यू और 2.82 करोड़ साल दर साल बढ़ रहे हैं।

## एक नजर

### डीएसपी का तबादला रुका

**रांची।** राजेन्द्र कुमार दुबे, पुलिस उपाधीक्षक को अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गोड्डा के पद पर पदस्थापित किया जाता है। जय प्रकाश नारायण चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक पूर्ववत अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गोड्डा के पद पर पदस्थापित रहेंगे। दल भोला प्रसाद सिंह, पुलिस उपाधीक्षक को अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

### सेवानिवृत्ति के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय हनुमन्ता के प्रधानाध्यापक सरदार यादव के सेवानिवृत्त उपरांत सोमवार को हनुमन्ता मध्य विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।।बिदित हो कि सरदार यादव 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे।। इस समारोह में राणा मनीष सिंह प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं जिला सचिव राम उपेंद्र कुमार पांडे मुख्य रुप से उपस्थित हुए। इस मौके पर हनुमन्ता मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील पाण्डेय ने कहा कि नौकरी पेशा में आये लोग को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है।परन्तु बेदाग सेवानिवृति से व्यक्ति की गरिमा बना रहता है।उन्होंने कहा कि सरदार यादव के समय मे ही यह विधालय खुला था।इन्होंने विद्यालय विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ा है। यहाँ इनकी पहचान गुरु जी के रूप में रही हैं।ये कार्य के प्रति पूरी ईमानदार रहे हैं।इस मौके पर सरदार यादव को अंगवस्त्र, फूलमाला व उपहार भेट कर स्वागत किया गया।इस मौके पर शिक्षक अशोक सिंह, राजेंद्र महतो, नागेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, अजय तिवारी, वकील अंसारी ने भी सरदार यादव को माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### नरसिंहपुर पथरा में खुला किसान सुविधा केंद्र

**मेदिनीनगर।** सोमवार को चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा में किसान सुविधा केंद्र का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन पूर्व जिला पार्षद शैलेश कुमार शैलु, चैनपुर उत्तरी पूर्व जिला पार्षद विकास कुमार चौरसिया उर्फ संटू जी, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह मुखिया पति व्यास राम चौरसिया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य इंदल प्रसाद चौरसिया ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया एवं इस केंद्र के संचालक आशीष कुमार जी को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।मौके पर विकास कुमार चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया ने कहा कि इस केंद्र के खुलने से क्षेत्रवासी को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ई- अन्नदाता अंतर्गत किसानों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा ,बीमा ,सफल मंडी जैसी बहुत से सुविधा के लिए कार्ड बनेगा।

शैलेश कुमार शैलू ने कहा कि पथरा गांव में किसान सुविधा केंद्र खुलना गांव की प्रगति का प्रतीक है।उन्होंने ने कहा की किसान संबंधी सभी चीजों की जानकारी इस इस केंद्र से मिलेगी। तथा समस्या का हल होगा। व्यास राम चौरसिया ने कहा कि केंद्र खुलने से इलाके में काफी खुशी है। उन्होंने कहा कि किसान सुविधा केंद्र की अति आवश्यकता थी जिसका आज उद्घाटन हुआ।

# मुखियाओं ने पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के मुखियाओं ने अनुज त्रिपाठी के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को अबुआ आवास योजना को लेकर आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया है कि झारखण्ड सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना ₹अबुआ आवास₹ निर्माण के क्रियान्वयन में ग्रामसभा की महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है। सरकार के निर्देश के आलोक में अबुआ आवास के लाभुको की सूची का प्रकाशन एवं प्राथमिकीकरण हेतु प्रत्येक पंचायत में ग्रामसभा के द्वारा किया गया एवं अग्रेतर एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रखण्ड कार्यालय को समर्पित किया गया था, किन्तु प्रखण्ड कार्यालय से जीओ टैग कराने हेतु प्राप्त सूची, ग्रामसभा के द्वारा प्रेषित प्राथमिकता सूची से काफी अलग है। ग्रामसभा द्वारा अत्यंत योग्य लाभुको का नाम प्राथमिकता सूची में उपर रखा गया था, किन्तु प्रखण्ड से प्राप्त सूची में उनका नाम नीचे दर्शाया गया है जिससे अति योग्य लाभुको को तत्काल आवास प्राप्त होने से वंचित होना पड़ जायेगा।ग्रामसभा की प्राथमिकता सूची एवं प्रखण्ड द्वारा प्राप्त जीओ टैग कराने वाली सूची में काफी भिन्नता होने के कारण एक तरफ ग्रामसभा के औचित्य पर प्रश्न खड़ा होता है।तो दूसरी तरफ सरकार एवं पंचायती राज अधिनियम की अनदेखी भी हो रही है। साथ ही आपके कार्यालय आदेश में भी ग्राम सभा द्वारा प्राथमिकता सूची को अनुमोदित किए जाने का जिक्र है। मुखियाओं ने कहा कि ग्रामसभा द्वारा तय की गई प्राथमिकता सूची के आलोक में ही जीओ टैग कराते हुए अबुआ आवास योजना के अति योग्य लाभुको को आवास निर्माण कराया जाय, अन्यथा मुखियागण आंदोलन करने को बाध्य होगें जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।



### लोहरदगा के 25 वें एसडीपीओ के रूप में श्रद्धा केरकेट्टा ने लिया पदभार

**लोहरदगा।** लोहरदगा के 25वें अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के रूप में श्रद्धा केरकेट्टा ने पदभार ग्रहण ली है। वे इससे पूर्व पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में पदस्थापित थी। पदभार ग्रहण करने के बाद एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि जिले में अमन चैन और शांति बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधियों को क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा। लोहरदगा बहुत ही संवेदनशील जिला है ऐसे में यहा की शांति व्यवस्था को भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। आम जनों के साथ मधुर संबंध स्थापित की जाएगी। जिससे अनुमंडल क्षेत्र में विधि- व्यवस्था बना रहे, लोगों को पुलिस पर भरोसा हो। आम लोग भी अपनी बातों को पुलिस के समक्ष बेहिचक रख सके, ऐसा प्रयास करेगी।

## भारतीय जनता पार्टी पलामू के जिला अध्यक्ष बने : अमित तिवारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री अमित तिवारी जी को प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला अध्यक्ष बनाएं जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लड्डू खान ने उनके मेदिनी नगर स्थित आवास पर जाकर बधाई एवं शुभकामना दिया लड्डू खान ने कहा कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अमित तिवारी संगठन के समर्पित सिपाही रहे हैं वह अपने जीवन के बाल कल से लेकर विद्यार्थी जीवन में भी एबीवीपी जैसे सबसे बड़े छात्र संगठन के प्रदेश मंत्री तक के दायित्व का निर्वहन किया एवं भारत माता के कार्यों में अपनी जीवन समर्पित किया आगे उन्होंने यह भी कहा कि 2014 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने उनको पाकी विधानसभा से प्रत्याशी बनाई थी वह पार्टी के प्रति समर्पित रहने वाले व्यक्ति है पूर्व में उनके नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष के कार्य निरंतर आगे बढ़ी थी आशा व्यक्त करते हुए लड्डू खान ने कहा कि भाजपा पलामू जिला उनके नेतृत्व में ऊंचाई को छूएगा।

## अरुण कुमार राय ने झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में ली शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को ज्यूडिशियल कमिश्नर (न्यायायुक्त) अरुण कुमार राय ने हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की अध्यक्ष रितु कुमार, अधिवक्ता धीरज कुमार आदि उपस्थित थे। 31 जनवरी को न्यायिक अधिकारी अरुण कुमार राय की हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई थी। 18 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अरुण कुमार राय को झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी। अरुण कुमार राय ने 5 मई 2012 को ज्यूडिशियल सर्विस ज्वाइन किया था।

# हजरत बाबा दुखनशाह की मजार पर अकीदतमंदों ने लगाई हाजिरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुखन शाह का 99वीं सालाना उर्स मुबारक प्रोग्राम सोमवार को बाद नमाज फजर लोहरदगा में शुरू हुआ। अंजुमन इस्लामिया की अगुआई में धर्म गुरुओं ने मजार में गुसुल की रस्म अदायगी कीं। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी के नेतृत्व में ओहदेदारों ने पहली चादरपोशी कीं। तत्पश्चात उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा चादरपोशी की गयी। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से हजरत बाबा दुखनशाह लोहरदगा शरीफ को गार्ड ऑफ ऑनर के तहत सलामी दी गई। अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीओ अमित कुमार, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल उरांव समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने चादरपोशी कीं। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, सचिव सफदर आलम, नाजिम-ए-आला अब्दुल जब्बार, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, सह सचिव मुजम्मिल अंसारी, मुतुर्जा खलीफा, सिराज अंसारी, फिरोज अंसारी, असगर अंसारी, ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के सैयद खालिद शाह, आबिद अंसारी, जिलानी अंसारी, मौलवी कलाम तैगी आदि समेत गणमान्य मौजूद थे।



### ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट द्वारा किया गया लंगर ख्वानी

हजरत बाबा दुखन शाह (र. अ.) के सालाना उर्स के मुबारक मौके पर परंपरा के मुताबिक ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से बाबा दुखन शाह मदरसा के परिसर में लंगर ख्वनी से पूर्व फातीहा का एहतमाम जामा मस्जिद के ईमाम कारी मो. शमीम रिजवी के जरिए किया गया। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, नाजीम-ए-आला हाजी अब्दुल जब्बारूल, पूर्व सदर सैयद खालीद शाह, पूर्व सचिव इकबाल खलीफा समेत बड़ी संख्या में कमेटी के लोगबाग शामिल थे।

**झारखंड की खबर**

## पेपर लीक गिरोह से देवेंद्र महतो को खतरा, सीएम से मांगी सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिला और जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक गिरोह से देवेंद्र नाथ महतो को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की। मौके पर योगेश चन्द्र भारती, रविन्द्र महतो ने बताया कि जेएसएससी सीजीएल महाघोटाला लगभग पांच अरब रुपया का है, इसके अलावा पीजीटी, नगरपालिका, लैब असिस्टेंट टेक्निशियन, जेई परीक्षा में भी करोड़ों रुपए का महाघोटला है। उक्त सभी परीक्षा में हो रही धांधली के विरुद्ध सभी आंदोलन का अगुवाई देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में किया गया है। पेपर लीक गिरोह हर परीक्षा में गड़बड़ी करके निकल जाता है लेकिन जेएसएससी सीजीएल एग्जाम पेपर लीक महाघोटाला इस बार उनपर भारी पड़ेगा। देवेन्द्र नाथ महतो ने जानकारी दी कि 1 फरवरी को शाम रिंग रोड मोरहाबादी क्षेत्र में कुछ अज्ञात लोग तेज रफ्तार वाहन से आकर धमकी भरे शब्दों से गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम बड़का आंदोलनकारी बनते हो.. देखते हैं कौन छात्र तुमको बचाता है। किसके खिलाफ आंदोलन कर रहे हो उसे अभी नहीं पहचानते हो... बहुत जल्द समझ में आ जायेगा। इसीलिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सुरक्षा प्रदान करें।



# नाम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि, शहीद सूरज की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा पंचायत के कोल्हुआ खुर्द गांव में शहीद सूरज दूबे की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई, इस कार्यक्रम में श्री श्री 1008 गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज का आगमन हुआ वहीं चैनपुर उत्तरी के जिला परिषद सदस्य श्री रामलव चौरसिया भी उपस्थित हुए । कार्यक्रम में सर्वप्रथम गांव के गुरु बाबा श्री अगस्त द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण के साथ शहीद सूरज की तस्वीर पर पूजा एवं दीप प्रज्वलित किया, तत्पश्चात श्रीगंगा पुत्र स्वामी जी महाराज ने पुष्पांजलि अर्पित किया इस कार्यक्रम में पूर्वडीहा पंचायत से सैकड़ो लोगों उपस्थित हुए । सूरज दूबे अमर रहे, भारत माता की जय, एवं वंदे मातरम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया । उपस्थित लोगों ने शहीद सूरज दूबे को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व को बताया, रामलव चौरसिया जी ने कहा कि जो देश सेवा में अपना जान गंवाते हैं वे अमर हो जाते हैं . गांव के शिक्षक जितेंद्र दुबे ने कहा कि वीर तुम्हारा लिए सहारा, टिका हुआ है भूतल सारा, तुम न होते अगर कहीं तो, उलट गया होता संसार, नमन तुम्हें मेरा शत बार नमन तुम्हें मेरा शतः बार । उपस्थित सभी लोगों ने शहीद सूरज दूबे की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया, इस कार्यक्रम में भूतपूर्व सरपंच श्री रामशरेख दूबे, मुखिया संतोष कुमार दूबे, पंसस पति और समाजसेवी प्रदीप दूबे, स्व. सूरज के पिता श्री मिथिलेश दूबे, संजय दूबे, पूर्व उपमुखिया नवनीत दूबे, सबलू दूबे, ओंकार दूबे, करेश चौरसिया, रामआस दूबे, विनय दूबे,सूरज गुरुजी, विकास सिंह, सहित गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए ।



### श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित हुए उत्तम मुखर्जी

# प्रांतीय वार्षिक प्रधानाचार्य सम्मेलन ललमटिया, गोड्डा में हुए सम्मानित

**विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2023-24 ललमटिया, गोड्डा में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के तात्कालिक प्राचार्य उत्तम मुखर्जी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रांतीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गयो प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का सम्मान प्रदेश सचिव अजय तिवारी के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गयो इस अवसर पर संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र मंत्री रामावतार नारसरिया, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा अन्य प्रांतीय अधिकारी एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता और प्रधानाचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे बधाई देने में प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, सहसचिव अश्विनी कुमार साहू, शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, शशि कुमार गुप्ता, पूनम मिश्रा, शोभा देवी, जीतराम बड़ाईक, संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे और शिक्षक- शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक, अर्चना कुमारी आदि उपस्थित थे



**मीडिया** — नशीली दवा के गिरफ्त में युवा पीढ़ी

# चिकित्सकों ने कहा काफी खतरनाक है यह लत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इन दिनों मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं को खुले आम बेचा जा रहा है। राज्य भर में जहां गांजा,पोस्ता,अफीम,चरस, पर प्रतिबंधित लगाया गया है।वही दुसरी तरफ युवा पीढ़ी के लोग तरह तरह के नशे अपनाने शुरू कर दिए है। ऐसे में बाजार में बिकने वाली प्रतिबंधित दवाओं का सेवन आम बात हो गई है।बताते चले की आज के यूआ पीढ़ी नशा के लिए नए-नए तरकीब अपना रहे हैं। इसके वजह से शहर में नशेड़ियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फिर भी ये लोग इस लत से छुटकारा नहीं पाना चाहते। ये हर चीज में नशा ढूढने में लगे हुवे हैं। बीमारी से निजात दिलाने के लिए बनी दवाओं का उपयोग अब नशे के रूप में किया जाने लगा है। इतना ही नहीं नशे का सिरप और टैबलेट लोग नशा के रूप में उपयोग करने लगे हैं। दवा दुकानदार भी अपने फायदे के लिए बिना डाक्टर की पर्ची देखे ही ये नशीली दवाएं अंधाधुंध बेंच रहे हैं। जिससे उनकी अच्छी आमदनी हो रही है। दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों का उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करने लगे है।नशे का ये सामान मेडिकल स्टोर में 2 रुपए से लेकर 15 रुपए में इन्हे आसानी से उपलब्ध हो रहा हैं। बताया जाता है कि स्पाजमो प्राक्सीवान कैप्सूल पेट दर्द से राहत की दवा है। इसकी कीमत 2 रुपए है। युवा एक साथ चार से पांच कैप्सूल खाकर इसका उपयोग नशे के लिए कर रहे हैं।फिर भी ये दवा दुकानों में अधिक मूल्य पर बिक रही है। नशा करने वाले युवक बताते हैं कि जब वे लोग इस दवा का सेवन कर लेते हैं तो लगता है कि किसी के साथ मार पीट करने लगे और अजब बेचैनी सा महसूस होने लगता है। यदि समय रहते नशा का कारोबार करने वाले दवा दुकानों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाला समय युवा पीढ़ियों के लिए बबार्दी का समय बनकर रह जाएगा।मेडिकल स्टोर्स की जांच और कार्रवाई करने के लिए जिले में ड्रग इंस्पेक्टर की नियुक्ति की गई है।लेकिन किसी के पास इसके लिए टाइम नहीं है। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ है की ड्रग इंस्पेक्टर जब मेडिकल स्टोर पर दवा जांच करने निकलते हैं तो दवा दुकान के द्वारा इन्हें घूस देकर मुंह बंद कर दिया जाता है। यही कारण है कि मेडिकल स्टोर में खुलेआम नशा का सिरप और टैबलेट बेचा जा रहा है। वही इस संबंध में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि कफ सिरप और टैबलेट नशा पान के रूप में उपयोग करना काफी खतरनाक है। इससे ब्रेन में सीधा असर पड़ता है जिससे ब्रेन का विकास होना बंद हो जाता है एवं लीवर के साथ-साथ किडनी भी खराब होता है। उन्होंने बताया कि शराब पीने के बाद लोगों को जल्दी-जल्दी पेशाब आने लगता है। परंतु कफ सिरप और नशीली टैबलेट का उपयोग करने के बाद पेशाब सामान्य तौर पर होता है। ऐसे में इसका



# झारखंड वोटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**वीडियो सॉन्ग मेकिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, रील्स,पोस्टर तैयार कर प्रतिभागी 31 मार्च तक हो सकते हैं शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोग 31 मार्च 2024 तक इसमें शामिल हो सकते हैं। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाने, उनमें मतदान के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय झारखंड द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की शुरूआत की गई है। यह प्रतियोगिता प्रोफेशनल, इंस्टिट्यूशनल एवं एमेच्योर स्तर पर आयोजित है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागी निर्धारित विषयों पर वीडियो सॉन्ग मेकिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, रील्स,पोस्टर तैयार कर आगामी 31 मार्च 2024 तक में भेज सकते हैं। अपने कंटेंट को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए निम्न टैग्स का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। प्रत्येक माध्यम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित थीम हैः कोई भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए, मतदाता पंजीकरण, नैतिक मतदान, मतदान जैसा कुछ भी नहीं, दिव्यांग मतदाता, हर वोट मायने रखता है, वोट जरूर करें, महिला मतदाता व तृतीय लिंग मतदाता है।

## पेज एक के शेष

### चंपई सरकार ने...

इस दौरान हेमंत सोरेन ने बेहद इमोशनल भाषण दिया। कहा आदिवासी होने के कारण उन्हें षड्यंत्र के तहत भाजपा फंसा रही है। सोरेन ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें आदिवासी और दलितों के प्रति गुस्सा है। यह कहते हैं कि ये जंगल के हैं तो इन्हें जंगल में ही रहना चाहिए। यह हमें अछूत मानते हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी होने मात्र से हम कानून से ऊपर नहीं हो जाते हैं। गलग करने पर परिणाम भुगतना ही पड़ेगा। दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद फ्लोर टेस्ट हुआ, जिसमें सत्ता पक्ष को 47 तो विपक्ष को 29 वोट मिले। वोटों की गिनती के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने पहले सत्ता पक्ष को हां कहते हुए अपनी जगह पर खड़े होने को कहा। विपक्ष के लिए भी यही तरीका अपनाया गया। विधानसभा कर्मियों ने दोनों पक्षों की उपस्थितियों की गिनती की, जिसके बाद सत्ता पक्ष फ्लोर टेस्ट में पास हो गया। अब सारी राजनीतिक गतिविधियों पर विराम लग गया। चंपई सोरेन अब पूर्ण रूप से सरकार को चलाएंगे।

### भाजपा ने 2019 से ही सरकार...

खाता है और न बही। हेमंत बाबू जनता के दिल में दिया जलाकर आये हैं, भाजपा के लोग उसे कैसे मिटा पायेंगे।

**हां हम कहते हैं कि हम हेमंत पार्ट 2 है:** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि हां हम कहते हैं कि हम हेमंत पार्ट 2 हैं। शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन का नाम मिटने नहीं देंगे। सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि सात करोड़ का घोटाला करने वाले भानू प्रताप शाही पर ईडी की कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि भानू उधर चले गए। विपक्ष हमारे विकास को बर्दाश्त नहीं कर सका, इसलिए विपक्ष ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करवा दिया। आज फिर से विश्वास मत हासिल करना पड़ रहा है, जिसे 2019 में ही हासिल कर लिया था। ये लोग देश में अजीब हालात पैदा कर दिये हैं। ऊपर वाले के घर में देर है, अंधेर नहीं। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य अमीर लेकिन यहां के आदिवासी मूलवासी काफी गरीब हैं। यहां के गरीबों के पैर में चप्पल तक नहीं है। आखिर ऐसा क्यों है। इसी को सुधारने का काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि जिस गांव में डीसी, डीडीसी और तमाम अधिकारी नहीं पहुंचे थे वहां आपकी योजना आपकी सरकार योजना की वजह से सरकार पहुंची। क्या ऐसा करना गुनाह है।

### अगर मुझ पर घोटाले साबित ...

निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग तो बाहर से आए हैं। यहां के है ही नहीं।

**31 जनवरी देश के लोकतंत्र में काला अध्याय :** हेमंत सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी की रात लोकतंत्र की काली रात थी। देश में पहली बार कोई मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ है। इस घटना को अंजाम देने में कहीं ना कही राजभवन भी शामिल रहा है, जिस तरीके से यह घटना घटी है, मैं काफी अचंभित हूं। मैं एक आदिवासी वर्ग से आता हूं। नियम कानून का थोड़ा अभाव रहता है। बैद्धिक क्षमता अभी हमारे पास विपक्ष जितनी नहीं है। लेकिन सही गलत की समझ हर इंसान और जानवर भी रखता है।

**2022 से ही गिरफ्तारी के पकवान को धीमी आंच में पकाया जा रहा था :** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 से ही उनके गिरफ्तारी के पकवान को धीमी आंच में पकाया जा रहा था। पकवान पकने को तैयार नहीं था, लेकिन जैसे-तैसे सुनियोजित तरीके से गिरफ्त में ले लिया गया।

**ये लोग चाहते हैं कि आदिवासी जंगल में ही रहे :** सोरेन ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें आदिवासी और दलितों के प्रति काफी गुस्सा है। यह कहते हैं कि यह जंगल के हैं तो इन्हें जंगल में ही रहना चाहिए। यह हमें अछूत मानते हैं। बगल में बैठ जाने से इनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। इसी को पाटने का एक प्रयास किया गया था। यही बात इन्हें नहीं पची। यह हमें अभी भी जंगल में भेज देना चाहते हैं। मुझे इस बात का आभास था। इनके अंदर छिपी जो कुंठा है वो आए दिन बयां होती थी। अगर ये सोच रहे हैं कि मुझे जेल में डालकर इनके मंसूबे पूरे हो गये तो ये लोग भूल रहे हैं, ये झारखंड है।

**फिर से समय लौटेगा, मैं फिर आऊंगा, इंतजार करें :** सोरेन ने कहा कि झारखंड का इतिहास इन्हें कभी माफ नहीं करेगा। षड्यंत्र का जो पैमाने ऐसा है कि कानूनी रूप से कैसे गैरकानूनी काम करना है कोई इनसे सीखे। जिसे तरीके से बंधू तिर्की की सदस्यता गयी। मेरी भी चली जाए। लेकिन जेएमएम का उदय राज्य का मान-सम्मान बचाने के लिए हुआ है और इसके लिए जो लड़ाई लड़नी होगी मैं लड़ने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि फिर से समय लौटेगा। मैं फिर आऊंगा। इंतजार करें।

### 53 साल बाद आया...

पर शेख बदरुद्दीन की मजार और एक बड़ा कब्रिस्तान मौजूद है। जिस पर वक्फ बोर्ड का अधिकार है। लाक्षागृह गुरुकुल के संस्थापक ब्रह्मचारी कृष्णदत्त महाराज को इस मामले में मुकीम खान ने प्रतिवादी बनाया था और मामले में लिखा था कि कृष्णदत्त महाराज जो बाहर के रहने वाले हैं, इस कब्रिस्तान को समाप्त कर यहां हिंदुओं का तीर्थ स्थान बनाना चाहते हैं। हालांकि, 53 साल के अंतराल में इस मामले के वादी और प्रतिवादी दोनों की मौत हो चुकी है। फिर भी यह मामला दोनों पक्ष के अन्य लोगों के बीच अदालत में चल रहा था। जिस 108 बीघे जमीन को लेकर यह मामला अदालत में चल रहा था वहां एक तरफ मुस्लिम पक्ष शेख बदरुद्दीन के मजार होने का दावा कर रहे थे, वहीं, दूसरी तरफ हिंदू पक्ष यहां पांडव कालीन सुरंग होने का दावा कर रहा था। जिसके जरिए लाक्षागृह में आग लगने के बाद बचकर पांडव निकले थे। यहां हुई खुदाई में इतिहासकारों की मानें तो हजारों साल पुराने जो साक्ष्य मिले, वह बता रहे थे कि यह जगह हिंदू सभ्यता के ज्यादा करीब थी। यहां की खुदाई 1952 में एएसआई की देखरेख में शुरू हुई थी। इस टीले के नीचे एक सुरंग भी मौजूद है। यहां खुदाई में जो चीजें मिली थी, वह भी महाभारत काल के समकालीन बताई गई थी।

### लोस चुनाव में एनडीए होगी ...

15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था कि हिंदुस्तान में लोगों को काफी मेहनत करने की आदत आमतौर पर नहीं है, हम इतना काम नहीं करते जितना यूरोप, जापान, चीन, रुस और अमेरिका वाले करते हैं। यह न समझिए कि वो कौमें कोई जादू से खुशहाल हो गईं, वो मेहनत से और अक्ल से हुई हैं। नेहरू उनकी तारीफ कर रहे थे और भारतीयों को नीचा दिखा रहे थे। नेहरू सोचते थे कि भारतीय आलसी और कम अक्ल के होते हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की सोच भी नेहरू से ज्यादा अलग नहीं थी। उन्होंने लाल किले से कहा था, दुर्भाग्यवश हमारी आदत ये है कि जब कोई शुभ काम पूरा होने को होता है तो हम आत्मसंतुष्टि की भावना से ग्रस्त हो जाते हैं और जब कोई कठिनाई आ जाती है तो हम नाउम्मीद हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विश्वास हमेशा एक परिवार पर रहा है। एक परिवार के आगे न कुछ सोच सकते हैं और न ही कुछ देख सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** आईएएस अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाल लिया। संजय जाजू वर्ष 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जो वर्तमान में अपने कैडर राज्य तेलंगाना में कार्यरत थे। इस पद पर पहले कार्यरत अपूर्व चंद्रा को स्वास्थ्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। अपूर्व चंद्रा महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आज गोवा का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री आज गोवा का दौरा करेंगे। वह वहां भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह सार्वजनिक कार्यक्रम में 1330 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएमओ ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10:30 बजे ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन करेंगे।

### म्यांमार से दागे गए मोर्टार के गोले बांग्लादेश में गिरे, दो की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के बंदरबन में घुमदम सीमा पर म्यांमार से कथित रूप से दागे गए मोर्टार के गोलों से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है। यह गोले सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे नाइखोंगचारी उपजिला में एक निमार्णाधीन घर पर गिरे। नाइखोंगचारी पुलिस स्टेशन प्रभारी (ओसी) अब्दुल मन्नान ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। घटना के तुरंत बाद रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के सदस्यों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। मृतकों की पहचान होसनेरा बेगम (50) और एक रोहिंग्या मजदूर के रूप में हुई है। यह मजदूर इस निमार्णाधीन घर पर काम कर रहे थे। दोनों शव कॉक्स बाजार सदर अस्पताल भेजे गए हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने बिखेरी चमक, पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था। संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में कहा गया है, सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट'शक्ति को बधाई। महादेवन, राजगोपालन और




सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा, हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। हमें भारत पर गर्व है। हुसैन ने 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का ग्रैमी पुरस्कार भी जीता। इस एल्बम में महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे और भारतीय बांसुरी वादक राकेश चौरसिया भी हैं। पुरस्कार समारोह में शामिल हुए दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी केज ने 2024 को ग्रैमी में भारत का वर्ष बताया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रैमीज में 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत' पुरस्कार जीतने के लिए उस्ताद जाकिर हुसैन और अन्य को बधाई दी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर संगीतकार उस्ताद जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, सेल्वगणेश वी और गणेश राजगोपालन को बधाई दी। उनके बैंड 'शक्ति', एक फ्यूजन म्यूजिक ग्रुप ने 'दिस मोमेंट' के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है, जिससे भारत गौरवान्वित हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, सेल्वगनेश वी और गणेश राजगोपालन को ग्रैमीज में आपकी अभूतपूर्व सफलता पर बधाई। आपकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीत लिया है। भारत को गर्व है! ये उपलब्धियां आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं यह नई पीढ़ी के कलाकारों को बड़े सपने देखने और संगीत में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए भी प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा, वाह...यह ग्रैमी में पूरी तरह से भारत का वर्ष है। वाह..राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश विनायकराम और उस्ताद जाकिर हुसैन...भारत सही में चमकता सितारा है!! रोमांचक!! एक ही साल में पांच भारतीय ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। केज ने एक अलग पोस्ट में कहा, ...और उस्ताद जाकिर हुसैन ने एक ही रात में तीन ग्रैमी पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते हैं। यह ग्रैमी में भारत के लिए बड़ा साल है...और मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे यह देखने का अवसर मिला। ब्रिटिश गिटारवादक मैकलॉघलिन ने हुसैन, भारतीय वायलिन वादक एल. शंकर और तालवादक टी एच 'विक्कू' विनायकराम (सेल्वागणेश विनायकराम के पिता) के साथ मिलकर 1973 में 'शक्ति' बनाया था। मृदंग वादक रामनाद वी राघवन के साथ इस संगीत बैंड ने 1975 में पहला एल्बम 'शक्ति' जारी किया। इस संगीत बैंड की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है कि 'अभूतपूर्व अंतरमहाद्वीपीय सहयोग' कहे जाने वाला शक्ति पूर्वी और पश्चिमी संगीतकारों को जोड़ता है।

इस साल के ग्रैमी पुरस्कार का आयोजन रविवार रात को लॉस एंजिलिस में किया गया। अमेरिकी गायिका मारिया कैरी ने संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े ग्रैमी पुरस्कार समारोह का पहला पुरस्कार माइली सायरस को 'फ्लावर्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ 'पॉप सोलो' प्रस्तुति की श्रेणी में दिया। दुआ लीपा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समारोह का आगाज किया। सर्वश्रेष्ठ रैप प्रस्तुति का पुरस्कार किलर माइक को दिया गया। इसके तुरंत बाद माइक ने 'माइकल' के लिए सर्वश्रेष्ठ रैप एल्बम का पुरस्कार भी जीता।

### विपक्ष ने सत्तापक्ष पर धार्मिक विभाजन का लगाया आरोप, भाजपा बोली

# देश में हुआ चौतरफा विकास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को विपक्षी सदस्यों ने सत्तापक्ष के विकास के दावों पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनावी लाभ के लिए धार्मिक विभाजन का सहारा ले रही है। दूसरी तरफ, भाजपा ने कांग्रेस पर 70 वर्षों में देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का 'पाप करने' का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ चौतरफा विकास कर रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर शुक्रवार को अधूरी रही चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्णे ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि पिछले 10 वर्षों से तेजी से निरंतर विकास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सत्यपाल सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने धर्म के नाम पर बंटवारा किया, भाषा के नाम पर राज्य बनाए और जातियों के नाम पर समाज को बांट दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ये पाप किए हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस ने अंग्रेजों की नीतियों को अपनाया। सिंह ने कहा, देश का 'इंडिया' नाम खत्म किया जाना चाहिए। इस देश का नाम भारत है। इसमें बदलाव



होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस सांसद बेनी बेहनन ने दावा किया कि पिछले संसद सत्र में करीब 150 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया और विपक्ष की गैरमौजूदगी में कई विधेयकों को पारित करवाया गया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार संसद को नजरअंदाज करती है। उन्होंने दावा किया कि कृषि क्षेत्र में बजट आवंटन को लगातार कम किया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री लगातार 'मोदी की गारंटी' की बात करते हैं। लेकिन आज रोजगार की गारंटी क्या है?...मणिपुर के लोगों के लिए मोदी की गारंटी क्या है? बेहनन ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के शामिल होने का उल्लेख करते हुए दावा किया कि धर्म और सरकार को आपस में जोड़ा जा रहा है। न्होंने कहा, राजनीति और धर्म अलग-अलग होने चाहिए। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए धार्मिक विभाजन कर रही है। जनता दल (यूनाइटेड) के आलोक कुमार सुमन ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' दिए जाने के फैसले के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने अनुरोध किया कि 'आउटसोर्सिंग' नौकरियों में भी आरक्षण की व्यवस्था की जाए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शताब्दी रॉय ने कहा कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन सच्चाई इसके उलट है। उन्होंने कहा कि आज महिला, युवा और गरीब सबसे ज्यादा परेशान हैं। रॉय ने कहा, सरकार को बताना चाहिए कि उज्ज्वला योजना के तहत कितने लोगों ने सिलेंडर को फिर से भरवाया है? उन्होंने दावा किया, सत्तापक्ष के लोग भगवान राम की बात करते हैं। यह अच्छी बात है।

### महाराष्ट्र में 5 लोस सीट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही एआईएमआईएम

**ठाणे।** एआईएमआईएम आगामी लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीट में से पांच पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। रविवार को यहां भिवंडी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अब्दुल गफ्फार कादरी ने कहा कि पार्टी राज्य की उत्तरी मुंबई, धुले, नांदेड़, भिवंडी और छत्रपति संभाजीनगर सीट पर अपने उम्मीदवारों को उतारने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी नीत पार्टी प्रभावी चुनावी रणनीति तैयार करने के लिए फिलहाल इन सीट पर सर्वेक्षण कर रही है। इसके साथ ही कादरी ने विपक्षी कांग्रेस और राकांपा पर खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने के लिए निशाना साधा और कहा कि दोनों दल एआईएमआईएम को 'अछूत' मानते हैं।

### लोकसभा चुनाव 2024 : अब चुनाव-प्रचार में नहीं कर पाएंगे ये काम

# निर्वाचन आयोग ने जारी की सख्त गाइडलाइन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों से कहा कि वे पोस्टर एवं पर्चों सहित प्रचार की किसी भी सामग्री में बच्चों का इस्तेमाल 'किसी भी रूप में' न करें। राजनीतिक दलों को भेजे परामर्श में निर्वाचन आयोग ने दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरीके से बच्चों का इस्तेमाल किए जाने के प्रति अपनी 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति से अवगत कराया। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को साफ-साफ निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार के काम में बच्चों का इस्तेमाल न करें। आयोग ने कहा कि नेताओं और उम्मीदवारों को प्रचार गतिविधियों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी तरीके से नहीं करना चाहिए, चाहे वे बच्चे को गोद में उठा रहे हों या वाहन में या फिर रैलियों में बच्चे को ले जाना हों। आयोग ने एक बयान में कहा, किसी भी तरीके से राजनीतिक प्रचार अभियान चलाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल पर भी यह प्रतिबंध लागू है, जिसमें कविता, गीत, बोले गए शब्द, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के प्रतीक चिह्न का प्रदर्शन शामिल है। आयोग ने कहा कि लेकिन यदि कोई नेता जो किसी भी राजनीतिक दल की चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है और कोई बच्चा अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ उसके समीप केवल मौजूद होता है तो इस परिस्थिति में यह दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन आयोग के प्रमुख हितधारकों के रूप में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर लगातार जोर दिया है। उन्होंने खासकर, आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में उनसे सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयोग के इन दिशा-निर्देशों में मुंबई उच्च न्यायालय का चेनत रामलाल भुटाडा बनाम महाराष्ट्र राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में 04 अगस्त 2014 के उस आदेश का विशेष रूप से उल्लेख किया है जिसमें राजनीतिक दलों को चुनाव संबंधी कामों में बच्चों को लगाने को कड़ाई से मना किया गया है। आयोग ने सरकारी चुनाव मशीनरी को भी इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है और ऐसा न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### आयोग ने चुनाव कार्य में बच्चों को न लगाने के निर्देश




निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को साफ-साफ निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार के काम में बच्चों का इस्तेमाल न करें। आयोग ने कहा कि इस मामले में कोई भी अवहेलना रत्ती भर भी स्वीकार्य नहीं होगी। आयोग ने सोमवार को इस बारे में राजनीतिक दलों, चुनाव में प्रत्याशियों और निर्वाचन मशीनरी को कड़े निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि इस मामले में लोगों को बाल श्रमिक (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और इसमें 2016 में किए गए संशोधनों का कड़ाई से पालन करना होगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयोग के इन दिशा-निर्देशों में मुंबई उच्च न्यायालय का चेनत रामलाल भुटाडा बनाम महाराष्ट्र राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में 04 अगस्त 2014 के उस आदेश का विशेष रूप से उल्लेख किया है जिसमें राजनीतिक दलों को चुनाव संबंधी कामों में बच्चों को लगाने को कड़ाई से मना किया गया है। आयोग ने सरकारी चुनाव मशीनरी को भी इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है और ऐसा न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## पाकिस्तान में थाने पर आतंकी हमला, 10 पुलिसकर्मी मारे गए




**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक थाने पर आज (सोमवार) तड़के करीब तीन बजे हुए आतंकी हमले में 10 पुलिसकर्मी मारे गए। यह आतंकी हमला डेरा इस्माइल खान जिले के तहसील दरबान के चोडवान पुलिस स्टेशन पर हुआ। इस हमले में छह अन्य घायल हो गए। डॉन समाचार पत्र और जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले हुई इस वारदात की प्रांत सरकार ने कड़ी निंदा की है। क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) नासिर महमूद ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। इस हमले ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सुरक्षा चिंता बढ़ा दी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरशद हुसैन शाह ने हमले की निंदा की है। उन्होंने शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। शाह ने कहा है कि सरकार शोक संतप्त लोगों की हर संभव तरीके से मदद करेगी। पुलिस ने कहा है कि आतंकवादियों ने तड़के तीन बजे पुलिस थाने पर घातक हथियारों से हमला कर दिया। घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आतंकियों ने पुलिस स्टेशन को चारों तरफ से घेरकर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। शहीद पुलिसकर्मियों का अंतिम संस्कार पुलिस लाइन में किया जाएगा।

## पीएम सुनक के लिए नई मुसीबत, व्यापार मंत्री पर इंफोसिस को 'वीआईपी एक्सेस' देने का आरोप

**एजेंसी। लंदन**

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को हितों के नए टकराव का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल अप्रैल में भारत के व्यापार मिशन पर आए एक कंजर्वेटिव मंत्री ने कहा है कि उन्हें ब्रिटेन में आईटी कंपनी इंफोसिस को आगे बढ़ने में मदद करके खुशी होगी। यह कंपनी सुनक के ससुर की है। डेली मिरर की जांच के अनुसार, व्यापार मंत्री डोमिनिक जॉनसन ने कहा कि वह ब्रिटेन में इंफोसिस की बड़ी उपस्थिति देखना चाहते हैं और इसे सुविधाजनक बनाने के लिए वह जो भी कर सकते हैं उसे करने में खुशी होगी।

उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब अक्षता मूर्ति के पिता द्वारा स्थापित बेंगलुरु स्थित कंपनी ब्रिटेन में 75 करोड़ पाउंड के अनुबंध के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही है और अपने दूसरे सबसे बड़े बाजार में कर्मचारियों की संख्या को 20 प्रतिशत बढ़ाकर छह हजार करने की योजना बना रही है। 50 करोड़ पाउंड से अधिक मूल्य की कंपनी में सुनक और उनकी पत्नी की भी



0.91 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले वित्तीय वर्ष में उन्हें 1.3 करोड़ पाउंड का लाभांश मिला है और उनके द्वारा जमा की गई भारी संपत्ति का अधिकांश हिस्सा इसी आईटी फर्म से आता है।

कंपनी के कार्यालय में एक बैठक में, जिसका विवरण द मिरर द्वारा सूचना की स्वतंत्रता के अनुरोधों का उपयोग करके प्राप्त किया गया था, जॉनसन ने इन्फोसिस को अपने कर्मचारियों के लिए ब्रिटेन का वीजा प्राप्त करने का तरीका बताया था। जॉनसन ने उपलब्ध गतिशीलता योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जिसका इंफोसिस लाभ उठा सकता है, विशेष रूप से उच्च क्षमता वाली व्यक्तिगत वीजा योजना, जो धारकों को दो साल तक देश में रहने की अनुमति देती है। अप्रैल 2023 की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से इंफोसिस को कैसे फायदा होगा। जॉनसन के ब्रीफिंग नोट्स में उल्लिखित बिंदुओं में से एक में कहा गया है, आश्वस्त करें कि एफटीए व्यापार वृद्धि को समर्थन देने के लिए नए अवसर और निवेशक-अनुकूल नीतियां बनाएगा। पिछले साल सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए सुनक की भारत यात्रा से पहले, व्यापार विशेषज्ञों और सांसदों ने चिंता जताते हुए आरोप लगाया था कि ब्रेक्सिट के बाद के व्यापार सौदे से इंफोसिस को वित्तीय लाभ होगा। इंफोसिस, जो जॉनसन की समरसेट कैपिटल में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है, को मंत्री ने 'आश्वस्त' किया, जिन्होंने कहा: 'हम इंफोसिस के साथ संबंधों को महत्व देते हैं और हमारे अनुरोध पर मंत्री स्तर पर जुड़ना जारी रखेंगे।' उजागर किए गए दस्तावेजों को 'नुकसानदेह' बताते हुए विपक्षी लेबर पार्टी ने कहा कि सरकार को एक व्यवसाय को 'वीआईपी पहुंच' देने के बारे में जवाब देने के लिए गंभीर सवालों का सामना करना पड़ा, इसलिए व्यक्तिगत रूप से सुनक और लिबरल डेमोक्रेट के करीबी ने पूर्ण पारदर्शिता की मांग की। लिबरल डेमोक्रेट उप नेता डेजी कूपर ने द मिरर को बताया, ऐसा लगता है कि यह सरकार राजनीति में जनता के भरोसे को खत्म करने पर आमादा है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि सरकार क्या कर रही है। हमें प्रधानमंत्री से इतनी करीबी तौर पर जुड़ी कंपनी के साथ सभी सरकारी लेनदेन में पूरी पारदर्शिता रखनी चाहिए।

फिल्म जगत

## अपने बच्चों के साथ मैंने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं : सुष्मिता



**मुंबई।** एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने एक मां और बच्चे के बीच के बॉन्ड को बनाए रखने के संघर्ष पर विचार किया और अपने बच्चों के साथ उतार-चढ़ाव के बारे में खुलासा किया। थ्रिलर सीरीज 'आर्या' में मुख्य भूमिका निभाने वाली सुष्मिता ने कहा, अपने बच्चों को अपने खिलाफ जाते देखना हर मां के लिए सबसे बुरा सपना होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किससे पूछते हैं, यह कुछ ऐसा है जो हम सभी को एकजुट करता है। हममें से कोई नहीं चाहता कि हमारे बच्चे खतरे में हों, डरें या असुरक्षित महसूस करें। हम कभी नहीं चाहते कि वे हमारे खिलाफ हों। आर्या, जैसा कि आपने इस सीजन के पहले पार्ट में देखा है, उस हार्टब्रेकिंग प्वाइंट तक पहुंच जाती है।" सेन, जो दो गोद ली हुई बेटियों रेनी और अलीसा की मां हैं, ने कहा: हालांकि मैं इस बात के लिए आभारी हूं कि मुझे आर्या जितना अनुभव नहीं हुआ, लेकिन किसी भी मां की तरह मुझे भी अपने बच्चों के साथ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। मैंने उन भावनाओं को स्क्रीन पर मेरे किरदार द्वारा महसूस किए गए दर्द को चित्रित करने में उपयोग किया है।" 'आर्या अंतिम वार' 9 फरवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी।